CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

बरेली, रविवार 7 सितम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 283 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 14 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**अशोक सिद्धार्थ का निष्कासन रद्द, बसपा में हुई वापसी** पेज 2



**पाक आईसीसी महिला विश्व कप उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा** खेल टाइम्स



**भारत-नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में नहीं पड़ेगा चीन: जिनपिंग** पेज 11



**फ्लाइट के साथ जुड़ी सान्या मल्होत्रा** बॉलीवुड

## ताजमहल तक पहुंचा यमुना का पानी, खतरे का निशान हुआ पार

आगरा, वार्ता

- हथिनीकुंड बैराज से ढाई लाख क्यूसेक पानी और छोड़ा

**आगरा में** ताजमहल की बाउंड्री तक यमुना का पानी पहुंच गया है। इसके पीछे बना पार्क डूब गया है। शुक्रवार को शहर में तेज बारिश से 50 से ज्यादा सड़कों पर 4 फीट तक पानी भर गया था। इससे बाइक-कार डूब गईं। भारी बारिश के बीच हथिनीकुंड बैराज से शुक्रवार को ढाई लाख क्यूसेक पानी और छोड़ दिया गया।

यही नहीं, गोकुल बैराज से शुक्रवार शाम सात बजे 1.22 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद यमुना में बाढ़ के हालात बन गए हैं। चेतावनी बिंदु के 3.3 फीट ऊपर (498.3 फीट) बह रही यमुना शनिवार को बाढ़ के स्तर 499 फीट के आंकड़े को पार कर सकती है। बाढ़ के हालात के बीच जिला प्रशासन ने सदर तहसील क्षेत्र में पड़ने वाले ठार आश्रम के मेहरा नाहरगंज के 40 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है। जलस्तर और बढ़ने पर



पांच हजार परिवार चपेट में आ सकते हैं। सिंचाई विभाग के अनुसार यमुना का जलस्तर बढ़ने से कई क्षेत्रों में झोपड़ी-खेत खलिहान डूब चुके हैं। शहर का नगला बूढ़ी, अमर विहार दयालबाग, मोतीमहल, कटरा वजीर खां, रामबाग बस्ती का क्षेत्र बाढ़ की चपेट में आ सकता है। वहीं, ग्राम तनौरा, नूरपुर, मेहरा नाहगंज, विसारना, कैलाश, स्वामी बाग, फतेहाबाद तहसील में ग्राम-भरापुर, बमरौली, इंदौन, मडायना, मेलीकला, गुडा, मेवली खुर्द, हिमायूपुर, बुर्ज, नगला छीतर सिंह, मेहरा नाहरगंज, महल बादशाही, नगला तल्फी, नगल पैमा, तहसील फतेहाबाद में शाहिदपुर, वीरपुरा, बेहड़, पारौली सिकरवार, बिचौला, गिदौन, तहसील एत्मादपुर में नगला धीमर, बढ़नुपरा, रहनकलां, नगला कटा प्रभावित हो सकते हैं। शहर के विभिन्न इलाकों में नाले बैक मार रहे हैं। टैपिंग की वजह से भी नालों का पानी पीछे आ रहा है। ऐसे में बारिश के बाद अब उफनाई यमुना की दोहरी मार से शहर के लोगों की परेशानी बढ़ना तय माना जा रहा है।

## राशिद इंजीनियर पर तिहाड़ में हमला



- पुलिस ने बताया किन्नरों से झड़प हुई, पार्टी ने कहा- हत्या की साजिश

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लोकसभा सांसद राशिद इंजीनियर पर दिल्ली की तिहाड़ जेल में हमला हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन पर एक ट्रांसजेंडर ने हमला तब किया जब वे अपनी बैरक में थे।

जेल अधिकारियों ने बताया कि राशिद को मामूली चोटें आईं। वे सुरक्षित हैं। उधर, राशिद की पार्टी अवामी इत्तेहाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि ये राशिद को जेल के अंदर मारने की साजिश है। एक पैटर्न के तहत जेल के अंदर कश्मीरी कैदियों पर हमला हो रहा है। इससे पहले भी कई कश्मीरियों पर जेल के अंदर हमला हुआ।

## मोदी मैजिक: 12 घंटे में ट्रम्प पलटे
## 'महान दोस्त' कहकर चौंकाया
### बोले- भारत के साथ रिश्ते अहम, रूस से तेल खरीदने पर नाराजगी भी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- मोदी की बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया
- कहा: वह ट्रम्प की भावनाओं का सम्मान करते हैं

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा भारत पर भारी टैरिफ लगाए जाने के बाद दोनों देशों में चल रही तनातनी के बीच पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत के साथ संबंधों को विशेष और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अच्छा दोस्त बताए जाने वाले बयान और उस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सकारात्मक जवाब के बाद इस मुद्दे के समाधान की उम्मीद बढ़ गई है।

श्री ट्रम्प ने शुक्रवार को अपने पहले दिए गए बयान से बारह घंटे में ही पलटते हुए व्हाइट हाउस में भारत के साथ रिश्तों को बेहद खास बताते हुए कहा था कि वह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमेशा अच्छे दोस्त रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वह महान प्रधानमंत्री हैं। दोनों देशों के संबंधों के बारे में श्री ट्रम्प ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ अच्छी बनती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साथ ही यह भी कहा कि लेकिन उन्हें भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर नाराजगी भी है। साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कभी-कभी इस तरह की बातें हो जाती हैं। श्री मोदी ने शनिवार को इसके जवाब पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि वह श्री ट्रम्प की भावनाओं का सम्मान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं और हमारे संबंधों के सकारात्मक मूल्यांकन की हम तहे दिल से सराहना करते हैं और उनका पूर्ण समर्थन करते हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक अत्यंत सकारात्मक और दूरदर्शी व्यापक एवं वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है।

### मोदी ने की फ्रांस के राष्ट्रपति से बात

- द्विपक्षीय सहयोग से यूक्रेन जंग तक कई मुद्दों पर मंथन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बातचीत की है। दोनों नेताओं ने वार्ता में भरोसेमंद और बहुआयामी साझेदारी को और गहरा करने पर जोर दिया।

दोनों नेताओं ने रक्षा, तकनीक, ऊर्जा, शिक्षा, अंतरिक्ष और क्षेत्रीय- वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट कर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान उनके बीच विशेष तौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा की। दोनों ने युद्ध खत्म कर शांति स्थापित करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा और सकारात्मक मूल्यांकन किया। यूक्रेन में संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के प्रयासों सहित अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

## उत्तराखंड में फिर फटा बादल
### उत्तरकाशी में उफान पर नाला, घरों व दुकानों में घुसा पानी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लोगों ने खाली किए घर**

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी जनपद के नौगांव बाजार के स्योरी फल पटी में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है।

एक आवासीय भवन गदेरे के मलबे में दब गया। आधा दर्जन से भी अधिक भवनों में पानी भर गया है। देवलसारी गदेरे में एक मिक्चर मशीन और कुछ दुपहिया वाहनों के बहने की भी सूचना है। एक कार भी मलबे में दब गई है। खतरे को देखते हुए कई लोगों ने अपने घर खाली कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। इससे पहले खबर आ रही थी कि नौगांव के बीच बहने वाला नाला अतिवृष्टि के कारण उफान पर आया है। जिसके कारण कई दुकानों और घरों में पानी घुस गया। वहीं सड़क पर खड़े कई दोपहिया वाहन बह गए। उत्तराखंड के चार पर्वतीय जिलों में भूकंप से भूस्खलन का बड़ा खतरा है। इनमें रुद्रप्रयाग सबसे अधिक संवेदनशील है। पहली बार आईआईटी रुड़की के आपदा प्रबंधन और मानवीय सहायता उत्कृष्टता केंद्र के विशेषज्ञों ने जिलावार अध्ययन करके भूकंप -शेष पृष्ठ दो पर

## दिल्ली के कई इलाकों में भरा पानी

- यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही, मथुरा में कालोनियां डूबीं
- पांच दिन से बंद चारधाम यात्रा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को भी यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मॉनेस्ट्री मार्केट, यमुना बाजार, वासुदेव घाट, निगम बोध घाट, मयूर विहार और कश्मीरी गेट समेत शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं।

शुक्रवार को सिविल लाइंस के स्वामीनारायण मंदिर परिसर में 5 फीट तक पानी भर गया था। उत्तर प्रदेश के मथुरा में 20 से ज्यादा कॉलोनियों में यमुना का पानी घुस गया है। उत्तराखंड में शनिवार से चार धाम यात्रा फिर से शुरू हो गई है। सरकार ने खराब मौसम और लगातार बारिश के कारण 1 से 5 सितम्बर के बीच यात्रा रोक दी थी। शनिवार से चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू किया गया है। पंजाब के 23 जिलों के 1900 गांव लगभग 12 दिनों से बाढ़ की चपेट में हैं। इससे 3.84 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में अब तक 43 लोगों की -शेष पृष्ठ दो पर

### मोदी ब्रिक्स के वर्चुअल समिट में शामिल नहीं होंगे

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा की ओर से बुलाए गए 8 सितम्बर को ब्रिक्स नेताओं के वर्चुअल समिट में भारत का प्रतिनिधित्व पीएम मोदी की जगह विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से इसमें विदेश मंत्री भाग लेंगे। यह सम्मेलन अमेरिका के लगाए गए टैरिफ से निपटने के तरीकों और बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा करेगा। ब्राजील इसे अमेरिका विरोधी शिखर सम्मेलन के रूप में पेश नहीं कर रहा है। हालांकि, एक्सपर्ट्स के मुताबिक मोदी का न शामिल होना यह दिखाता है कि भारत 2026 ब्रिक्स समिट की अध्यक्षता से पहले सावधानी बरत रहा है।

### उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले एनडीए सांसदों का डिनर कैंसिल

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले 8 सितम्बर को पीएम आवास पर होने वाला एनडीए सांसदों का डिनर कैंसिल कर दिया गया है। साथ ही शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर पर बीजेपी सांसदों का डिनर कार्यक्रम भी रद्द कर दिया गया है। यह फैसला पंजाब सहित अन्य राज्यों में आई बाढ़ के चलते लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा करेंगे और रिव्यू मीटिंग लेंगे। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात में बाढ़ के चलते काफी नुकसान हुआ है।

### अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पश्चिमी रेंज-1की टीम द्वारा चलाए गए अभियान में एक अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस कार्रवाई में कुल छह तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 5.737 किलो गांजा (जिसमें उच्च गुणवत्ता वाला अंतर्राष्ट्रीय ओजी गांजा शामिल है), तीन कारें और दो पासपोर्ट बरामद किए गए हैं। यह नेटवर्क थाईलैंड से दिल्ली-एनसीआर तक सक्रिय था।

### एक करोड़ का सोने-रत्नों से सजा कलश चोरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के ऐतिहासिक लालकिले के पीछे चल रहे एक कार्यक्रम में रखा गया करीब एक करोड़ रुपये मूल्य का सोने और कीमती रत्नों से सजा कलश चोरी हो गया। यह कलश एक जैन धार्मिक अनुष्ठान के दौरान गायब हुआ, जिससे आयोजन स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### हैदराबाद बालापुर गणेश लड्डू 35 लाख रुपये में नीलाम

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में मशहूर 'बालापुर गणेश लड्डू' की नीलामी पिछले 31 सालों के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए 35 लाख रुपये में हुई है।

## गुजरात के पावागढ़ शक्तिपीठ में गुड्स रोपवे टूटा, छह की मौत

- मरने वालों में लिफ्ट ऑपरेटर व मजदूर शामिल

**अहमदाबाद।** गुजरात के पंचमहाल जिले के पावागढ़ के महाकाली मंदिर शक्तिपीठ में शनिवार को गुड्स (सामान ले जाने वाले) रोपवे के टूटने से 6 लोगों की मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। जानकारी के मुताबिक, रोपवे का तार टूटने की वजह से ट्रॉली ऊंचाई से नीचे जमीन में गिर गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर भी है। वहीं, मृतकों में 2 लिफ्ट ऑपरेटर, 2 मजदूर और अन्य दो लोग शामिल हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दो न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिवक्ता अमिताभ कुमार राय और राजीव लोचन शुक्ला को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने शनिवार को एक अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति से संबंधित यह घोषणा की। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल कर एक पोस्ट कर जानकारी साझा की।

## इंडिगो की अबू धाबी फ्लाइट में आई खराबी, वापस लौटी

**कोच्चि/नई दिल्ली।** इंडिगो का कोच्चि से अबू धाबी जा रहा विमान तकनीकी खराबी के कारण वापस कोच्चि लौट आया।

इंडिगो ने एक बयान में बताया कि उड़ान संख्या 6ई 1403 ने छह सितम्बर को कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अबू धाबी के लिए उड़ान भरी थी। रास्ते में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद पायलट ने सतर्कता बरतते हुए विमान को वापस कोच्चि की तरफ मोड़ दिया। कोच्चि हवाई अड्डे पर विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई। विमान को जरूरी जांच के लिए उड़ान भरने से रोक दिया गया है। यात्रियों को दूसरे विमान से अबू धाबी भेजा गया। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने यात्रियों को हुई असुविधा पर खेद जताया है और सुरक्षा के प्रति एयरलाइंस की प्रतिबद्धता दर्शाई है।

## उपलब्धि: केरल ने शिशु मृत्यु दर में अमेरिका को पछाड़ा

तिरुवनंतपुरम, वार्ता

- अमेरिका के 5-6 के मुकाबले 2023 में राज्य में प्रति 1,000 शिशुओं पर पांच मृत्यु दर्ज की गई



**केरल ने शिशु** मृत्यु दर (आईएमआर) को अमेरिका से भी नीचे लाकर इतिहास रच दिया है और बाल स्वास्थ्य के मामले में विकसित देशों के मानकों को हासिल किया है।

नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) सांख्यिकीय रिपोर्ट के अनुसार आईएमआर 2023 में राज्य में प्रति 1,000 शिशुओं पर पांच मृत्यु दर्ज की गई, जबकि भारत का राष्ट्रीय औसत 25 है। वहीं, अमेरिका में वर्तमान आईएमआर प्रति 1000 शिशुओं पर मृत्यु 5-6 है। इसके साथ ही केरल भारत का पहला राज्य बन गया है, जिसने किसी विकसित देश की तुलना में कम आईएमआर दर्ज किया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने इस उपलब्धि का श्रेय डाक्टरों, नर्सों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और सहायक कर्मचारियों के अथक प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि केरल की नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) भी प्रति हजार पर चार से नीचे आ गई है, जबकि इसका राष्ट्रीय औसत 18 है। उन्होंने कहा कि 2021 में, केरल की शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) छह थी, जो अब मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित पहलों के माध्यम से घटकर पांच हो गई है। यह केरल की मज़बूत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक और मील का पत्थर है। विज्ञप्ति के अनुसार राज्य ने प्रसव अस्पतालों में सुविधाओं को उन्नत करके मातृ एवं शिशु देखभाल को प्राथमिकता दी है। सोलह अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणन प्राप्त हुआ है और छह अन्य ने मुस्कान मान्यता प्राप्त की है।

**मिरगी**
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फक्कीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.) M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### उमर अब्दुल्ला ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से की मुलाकात

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अनंतनाग जिले में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को आश्वा. सन दिया है कि संकट की इस घड़ी में सरकार उनके साथ है और राहत एवं पुनर्वास के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। अब्दुल्ला ने अनंतनाग जिले में बाढ़ से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया और सरकार से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी, मंत्री सकीना इत्तु, मंत्री जावेद राणा, मुख्यमंत्री सलाहकार नासिर सोगामी और जिले के विधायक भी मौजूद रहे। सिचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार शनिवार को झेलम और राज्य की अन्य नदियां खतरें के निशान से नीचे बह रही हैं। अनंतनाग में संगम के पास सुबह 11 बजे झेलम खतरे के निशान से काफी नीचे 11. 50 फीट के स्तर पर बह रही है, जबकि श्रीनगर में राम मुंशी बाग में 16.20 फीट के स्तर पर बह रही है, जो खतरे के निशान से नीचे है। वहीं अशाम में झेलम का स्तर 12.55 के स्तर पर था।

### जीएसटी स्कीम के कारण बेहतरीन होगी दिल्ली की दीवाली

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) स्कीम और दिल्ली सरकार की सहायता के कारण इस साल दिल्ली में दिवाली बेहतरीन होगी। गुप्ता ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि रामलीला दिल्ली की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर है इसलिए इसे और अधिक भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

# राहत शिविरों में नाश्ते जैसी जरूरी चीजों के लिए तरस रहे लोगः आप

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ 12:30 बजे तक नाश्ता तक नहीं मिल रहा

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि कि घरों में यमुना का पानी भरने बाद राहत शिविरों में रहने को मजबूर लोग नाश्ता-पानी जैसी बेहद जरूरी चीजों के लिए तरस रहे हैं।

आप विधायक संजीव झा ने बुराड़ी के प्रधान एन्क्लेव बाढ़ राहत शिविर का शनिवार को दौरा किया, तो वहां लोगों ने बताया कि उन्हें दोपहर बाद 12:30 बजे तक नाश्ता तक नहीं मिला है। झा ने कहा कि उन्होंने एसडीएम से बात की तो उन्होंने बताया कि खाना तो पहुंच गया है, उनके पास फोटो भी आ गयी है। अगर खाना पहुंच गया है और लोगों को नहीं मिला तो खाना कहां गया? इसकी जांच होनी चाहिए। झा ने कहा कि इन राहत शिविरों में मौजूद ज्यादातर छोटे किसान हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार जब थी, तो हर साल बाढ़ में राहत शिविर खत्म होने से पहले ही फसलों के नुकसान का मुआवजा किसानों को दे दिया जाता था, लेकिन इस बार तो अब तक पंजीकरण तक शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार से अपील है कि बंद कमरों में बैठकर मीटिंग करने से कुछ नहीं होगा। मंत्री और अधिकारी खुद इन राहत कैम्पों का दौरा करें पीड़ितों की समस्याएं सुनें और तुरंत फसलों के नुकसान का मुआवजा देने का ऐलान करें। आप नेता ने कहा कि दिल्ली सरकार के इस राहत शि. विर में वे लोग हैं, जो खेती करते थे, या यमुना के उस पार रहते थे। उनके लिए हर बार राहत शिविर लगाया जाता है। लगातार लोगों से शिकायतें आ रही थीं कि खाने का उचित इंतजाम नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने आकर पूछा तो लोगों ने बताया कि दोपहर बाद 12:15 बज गए, लेकिन अभी तक नाश्ता भी नहीं मिला। भाजपा सरकार बघी-बघी बातें करती है, लेकिन लोग कह रहे हैं कि पिछले साल इंतजाम बहुत अच्छे थे, इस बार बहुत खराब है। उन्होंने कहा कि केवल बंद कमरों में बड़ी-बड़ी बातें करने से कुछ नहीं होगा।

### आकाश के ससुर की क्षमा याचना पर पसीजी बसपा प्रमुख

# सिद्धार्थ का निष्कासन रद्द, बसपा में हुई वापसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पूर्व सांसद अशोक ने मायावती से माफी मांगी, मायावती की नसीहतः आगे से पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी हित में काम करें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों से एक बड़ी खबर सामने आई है। बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के ससुर पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने मायावती से माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखते हुए क्षमा याचना की है।

फर्रुखाबाद निवासी बसपा के पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखी। इसमें सबसे पहले उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को चरण स्पर्श लिखा। इसके बाद लिखा कि पार्टी का कार्य करने के दौरान 'जाने-अनजाने' तथा गलत लोगों के बहकावे में आकर मुझसे जो भी गलतियां हुई हैं। उसके लिए बसपा सुप्रीमो से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। आगे उन्होंने हाथ जोड़कर अनुरोध किया कि मायावती उन्हें माफ कर दें। फिर कभी ऐसी गलती नहीं करने की बात भी लिखी। साथ ही हमेशा पार्टी अनुशासन में रहकर कार्य करने की बात कही। सबसे प्रमुख बात यह कि उन्होंने लिखा कि रिश्तेदारी का कभी कोई नाजायज फायदा नहीं उठाऊंगा। पोस्ट में उन्होंने आगे लिखा कि बीएसपी के महाराष्ट्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संदीप ताजने व फिरोजाबाद निवासी हेमंत प्रताप या फिर यूपी के जिन भी गलत लोगों को पार्टी से निकाला गया है, उनको वापस लेने के लिए कभी सिफारिश नहीं करूंगा। आखिर में उन्होंने मायावती से खुद को दोबारा पार्टी में लेने का आग्रह किया। सोशल मीडिया एक्स पर माफीनामा पोस्ट करने के कुछ देर बाद बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को माफ कर दिया। साथ ही उनके पार्टी में वापसी का ऐलान किया। एक्स पर पोस्ट करते हुए मायावती ने लिखा कि कई वर्षों तक पार्टी में कार्यरत रहे और पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक सिद्धार्थ को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कुछ महीने पहले पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। अब उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के जरिये सार्वजनिक तौर पर अपनी गलती की माफी मांगी है। आगे से वफादर रहकर काम करने पर बल दिया है। इसको ध्यान में रखते हुए उनके निष्कासन का फैसला तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है। उन्हें पार्टी में वापस ले लिया गया है। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि उम्मीद है कि आगे से पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी हित में काम करेंगे।

### 75-80 किमी दूरी के दायरे में आने वाले गांवों तक चलेंगी बसें

# ग्रामीण रोडवेज बसों का किराया 20 फीसद घटेगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ प्रदेशभर में 250 बसें संचालित की जाएंगी, प्रत्येक डिपो की 10 प्रतिशत फ्लीट जनता सेवा की होगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित परिवहन विभाग के कार्यक्रम में पहुंचे। इस मंच से उन्होंने प्रदेश को ग्रामीण जनता सेवा का तोहफा दिया। इसके तहत लखनऊ समेत प्रदेशभर में 250 बसें संचालित की जाएंगी।

प्रत्येक डिपो की 10 प्रतिशत फ्लीट जनता सेवा की होगी। ये बसें 75.80 किमी दूरी के दायरे में आने वाले गांवों तक चलेंगी। इसका किराया 20 प्रतिशत तक कम होगा। सीएम आरटीओ कार्यालय से जुड़े 48 कामों के आवेदन के लिए डेढ़ लाख जन सुविधा केंद्रों सहित कई श्रेणियों में बसों की भी सौगात दी। इस मौके पर सीएम ने परिवहन मंत्री की चुटकी लेते हुए कहा कि आज मंत्री जी जल्दी आ गए, हम तो सोचे थे कि 12 बजे तक आएंगे। लेकिन आज पहले आ गए। यह प्रमाण है कि परिवहन बदल रहा है। परिवहन विभाग चुनौतियों से जूझने के लिए तैयार है। फाइल लटकाने की आदत खत्म करनी होगी। समय की प्रतिबद्धता तय करनी होगी।। कुंभ और कोरोना के दौरान परिवहन विभाग ने करके दिखाया है। उस वक्त यूपी वासियों को उनके गांव तक पहुंचाया। उत्तराखंड के प्रवासी को भी पहुंचाया। चालक-परिचालकों ने सफलता पूर्वक पहुंचाया। महाकुंभ में भी परिवहन विभाग ने 45 दिन में तमाम लोगों की सेवा की। उन्हें पुण्य कमाने में मदद की।

रेलवे स्टेशन से लोगों को बाहर पहुंचने में मदद की। परिवहन विभाग हमेशा प्रदेश के अंदर समय का साथी है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। आज कई नई परियोजनाएं शुरू हो रही हैं। कामन सर्विस सेंटर पर लोग परिवहन की सेवा ले सकेंगे। आईआईटी, खड़गपुर के साथ एमओयू होना तकनीकी रूप से समृद्ध करेगा। 149 यात्री के लिए अहम है। यह मददगार साबित होगा।

### मुख्यमंत्री योगी ने किया परिवहन सेवा केंद्रों का शुभारंभ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को परिवहन विभाग के सेवा केंद्रों का शुभारंभ किया। इस दौरान आईआईटी खड़गपुर और परिवहन विभाग के बीच समझौता भी हुआ। योगी ने नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान को लेकर कहा कि ये जनता के हित में है और लोगों को इसके प्रति जागरुक होना चाहिए।

जन सेवा केंद्रों के माध्यम से परिवहन सेवाओं के शुभारंभ एवं बस स्टेशनों एवं कार्यशालाओं के डिजिटल लोकार्पण और शिलान्यास और प्रमाण व नियुक्ति-पत्र वितरण हेतु लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने यह बातें कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की सराहना करते हुए कहा लखनऊ विकास प्राधिकरण को यहां होने वाले कार्यकर्मों से काफी राजस्व मिला है। उत्तर प्रदेश के लिए सामाजिक कार्यक्रमों यह प्रतिष्ठान रीढ़ की तरह है। योगी ने कहा कि परिवहन विभाग का यह पहला कार्यक्रम है, जो जुपिटर हाल के नवीनीकरण के बाद हुआ है।

# जीएसटी दरों में छूट का लाभ आम लोगों को मिलेः कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने कहा है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती करके आम लोगों को फायदा पहुंचाने का प्रयास हुआ है, लेकिन अब यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस पहल से खास लोग ही नहीं बल्कि जन सामान्य लाभान्वित हों।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सरकार को इस बात पर भी नजर रखनी है कि क्या जीएसटी दरों में कटौती से सामान्य उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में कमी आ रही है। इस पर नजर रखने के लिए उसे फिर से राष्ट्रीय मुनाफाखोरी निरोधक प्राधिकरण-एनएए को सक्रिय करना पड़ेगा। इस प्राधिकरण को एक अधिसूचना के माध्यम से सरकार ने ही लगभग निष्क्रिय कर दिया था और अब उम्मीद की जानी चाहिए कि जीएसटी की नयी दरें लागू होने के बाद एनएए को फिर से सक्रिय कर दिया जाएगा। रमेश ने कहा कि केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधि. नियम, 2017 की धारा 171 के तहत एनएए की स्थापना इस बात पर नज़र रखने के लिए की गई थी कि क्या जीएसटी दरों में कटौती से कीमतों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि दिक्कत यह है कि एनएए को निष्क्रिय कर दिया गया है।



सेंसेक्स 79809.65
निफ्टी 24426.85



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# जीएसटी सुधारों पर सीतारमण ने राज्यों का जताया आभार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कहाः जीएसटी दरों में कटौती के माध्यम से आम आदमी को राहत देने के लिए सभी राज्य एक साथ आए

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी सुधार के समर्थन के लिए राज्यों के वित्त मंत्री को पत्र लिखकर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती के माध्यम से आम आदमी को राहत देने के लिए सभी राज्य एक साथ आए।

3 सितम्बर को जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी सुधार के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति बनी। इस पैनल की अध्यक्षता सीतारमण कर रही हैं और इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रति. निधि शामिल थे। पैनल को केंद्र द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए 3 सितम्बर से दो दिनों के लिए बैठक करनी थी, लेकिन एक दिन की मैराथन बैठक के बाद पहले ही दिन इसे मंजूरी दे दी गई। जीएसटी परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। कई जरूरी वस्तुओं पर टैक्स शून्य करने का निर्णय लिया गया। ये बदलाव 22 सितम्बर को नवरात्र के पहले दिन से लागू होंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि कल मैंने प्रत्येक वित्त मंत्री को पत्र लिखकर उन्हें धन्यवाद दिया। मैंने कहा कि आप कितनी भी गहन चर्चा और तर्क कर सकते हैं, लेकिन अंततः परिषद ने इस अवसर पर कदम उठाया और भारत के सभी लोगों को राहत प्रदान की और मैं इस सद्भावना के लिए आभारी हूं। इसलिए मैंने यह पत्र लिखा। परिषद का कार्य वास्तव में उल्लेखनीय है। सीता. रमण ने कहा कि इसलिए सदन की भावना यह थी कि यह एक ऐसा प्रस्ताव है जिससे निस्संदेह आम आदमी को लाभ होगा। इसके खिलफ खड़े होने का कोई मतलब नहीं है, आखिरकार सभी लोग एक अच्छे उद्देश्य के लिए एक साथ आए और मैं वास्तव में बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि परिषद ने अपने सदस्यों द्वारा दी गई प्रत्येक टिप्पणी और सुझाव को धैर्यपूर्वक सुना है। आम सहमति पर पहुं. चने से पहले सभी बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मंत्री ने कहा कि राज्य हमेशा से कर कटौती के पक्ष में रहे हैं और उनकी एकमात्र चिंता कर कटौती के बाद उनके राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे अपील भी की थी कि भारत के लोगों के हित में, कृपया ऐसा करें। यह सिर्फ राज्य नहीं हैं। केंद्र भी इस कटौती से प्रभावित होने वाला है। लेकिन हम इसकी भरपाई कर देंगे, क्योंकि एक बार दरें कम हो जाएंगी, तो लोग खरीदारी के लिए बाहर आएंगे और इससे राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव की भरपाई हो जाएगी।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 694.23 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 29 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.51 अरब डॉलर बढ़कर 694.23 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी। पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में कुल भंडार 4. 386 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रह गया था।। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.686 अरब डॉलर बढ़कर 583.937 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का भी असर शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 1.766 अरब डॉलर बढ़कर 86. 769 अरब डॉलर हो गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि स्पेशल ड्राइंग राइट्स द्धएसडीआरऋ 40 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.775 अरब डॉलर हो गए। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्धआईएमएफऋ में भारत की आरक्षित स्थिति भी 18 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.749 अरब डॉलर हो गई।

# चावल मजबूत, गेहूं-चीनी नरम, दाल खाद्य तेलों में भी गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की कीमतों में तेजी रही, जबकि गेहूं में नरमी का रुख रहा। खाद्य तेलों, दालों और चीनी के दाम भी टूट गए।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 26 रुपये बढ़कर 3,776.83 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं पांच रुपये सस्ता हुआ और 2,848.96 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 14 रुपये टूटकर 3,312.11 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। तेलों में आज मंदी का रुख रहा। सरसों तेल औसतन 65 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में 328 रुपये और सोया तेल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गयी। सूरजमुखी तेल 41 रुपये और वनस्पति 163 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। पाम ऑयल भी 89 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में भी नरमी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 110 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। चना दाल 37 रुपये और मसूर दाल 60 रुपये प्रति क्विंटल उतर गयी। मूंग दाल की कीमत में 45 रुपये और उड़द दाल में 41 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में भी मंदी रही।

गुड़ की औसत कीमत 52 रुपये प्रति क्विंटल और चीनी की 35 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहेः दाल-दलहनः दाल चना 7893.92 रुपये, मसूर काली 8092.38 रुपये, मूंग दाल 10051.69 रुपये, उड़द दाल 10404.63 रुपये, अरहर दाल 10560.87 रुपये प्रति क्विंटल। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.96 रुपये और चावल 3776.83 रुपये प्रति क्विंटल।

## नए बाजार तलाशेंगे आईआईटी और आईआईएम

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने राज्य के निर्यात क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। निर्यात नीति 2025-30 के तहत पहली बार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) जैसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में मार्केट रिसर्च चेयर स्थापित की जाएगी। इसके लिए विशेष रूप से पांच करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

इन रिसर्च चेयर का मकसद राज्य के निर्यातकों को एक्शन योग्य मार्केट इंटेलिजेंस उपलब्ध कराना है, जिससे वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत बन सकें। साथ ही निर्यातकों की मदद के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट का गठन किया गया है। इसके लिए 10 करोड़ का बजट रखा गया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड...** से भूस्खलन के खतरों पर शोध रिपोर्ट जारी की है जो दो अगस्त को ही अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुई है। आईआईटी रुड़की के अक्षत वशिष्ठ, शिवानी जोशी और श्रीकृष्ण सिवा सुब्रमण्यम ने यह शोध किया है। उन्होंने बताया है कि हिमालयी क्षेत्र भूकंपीय गतिविधियों के लिहाज से बेहद संवे. दनशील है। यहां आए दिन भूस्खलन की घटनाएं सामने आती रहती हैं। उन्होंने यह चेतावनी दी है कि भूकंप से प्रेरित भूस्खलन भविष्य में उत्तराखंड के लिए और भी बड़े खतरे का कारण बन सकते हैं। अध्ययन में पहली बार उत्तराखंड के अलग-अलग जिलों में भूकंप से होने वाले भूस्खलनों के जोखिम की जिला-स्तरीय जोनिंग की गई है। इसमें अलग-अलग भूकंपीय तीव्रता परिदृश्यों और भूकंप की वापसी अवधि के आधार पर जोखिम का विश्लेषण किया गया। रुद्रप्रयाग जिला सभी परिदृश्यों में सबसे ज्यादा संवेदनशील पाया गया है। इसके बाद पिथौरागढ़, चमोली और उत्तरकाशी जिलों में भारी भूस्खलन की आशंका जताई गई है।

**दिल्ली के...** जान जा चुकी है। करीब 1.72 लाख हेक्टेयर में लगी फसल बर्बाद हो गई है। पंजाब में अगले 4 दिनों तक बारिश का अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत की संभावना है। जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड के कारण जम्मू- श्रीनगर राजमार्ग और सिंथन रोड वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। कठुआ से कश्मीर तक करीब 3700 से ज्यादा वाहन फंस गए हैं। श्रीनगर और बड़गाम में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में पानी भर गया। माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार 11 दिन से बंद है। 26 अगस्त को हुए भूस्खलन के बाद यात्रा स्थगित कर दी गई थी। गुजरात में सूरत और वडोदरा जिलों में लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। नर्मदा और किम नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। प्रशासन ने निचले इलाकों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।














**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# पहले दिन 4414 ने छोड़ी पीईटी परीक्षा

## कड़ी सुरक्षा में शांतिपूर्ण हुई परीक्षा, 12672 थे पंजीकृत 8258 ने दी परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पीईटी परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। सीसीटीवी कैमरों से केन्द्रों पर निगरानी रखी गई। जबकि केन्द्र के बाहर भी पुलिस का पहरा था। जिला मजिस्ट्रेट व एसपी ने भी केन्द्रों का निरीक्षण कर परीक्षा का जायजा लिया।

शनिवार को जिले में पीईटी परीक्षा का पहला था। दो दिन होने वाली इस परीक्षा के लिये जिले में 14 केन्द्र बनाये गये है। सभी केन्द्रों पर स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई। पहली पाली में 6336 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिनमें 4039 ने परीक्षा दी। जबकि 2297 अभ्यर्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। इस पाली में 63.74 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि दूसरी पारी में 6336 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। लेकिन परीक्षा देने 4219 अभ्यर्थी पहुंचे। इस पारी में 2117 अभ्यर्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। इस पाली में 66.58 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। दोनों पारियों में कुल 12672 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिनमें से 8258 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 4414 अभ्यर्थियों ने परीक्षा से दूरी बना ली। सुबह से ही केन्द्रों पर अभ्यर्थियों को पहुंचना शुरू हो गया था। बाहर से आने वाले अभ्यर्थी तो एक दिन पहले ही यहां पहुंच गये थे तथा अपना केन्द्र भी देख लिया था। जिस कारण उन्हें परीक्षा केन्द्र पहुंचने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हुई। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न कराई जा सके। परीक्षा केन्द्रों के समीप की सभी फोटो स्टैट दुकानें भी बंद रही। ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो सके। उधर अभ्यर्थियों के वाहनों के लिये कई स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई जिससे उन्हें जाम में न फंसना पड़े। जोया पुल के नीचे, हिन्दू इंटर कालेज के मैदान में, रेलवे माल गोदाम, कुंदन कालेज के मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई थी।

### डीएम-एसपी ने किया केन्द्रों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** पहले दिन सम्पन्न हुई पीईटी प्रवेश परीक्षा के लिये सभी केन्द्रों पर सुरक्षा चौकचौबंद की गई थी। जिला मजिस्ट्रेट निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद ने भी परीक्षा केन्द्रों पर दौरा कर स्थिति पर नजर डाली। शनिवार को जिले के 14 केन्द्रों पर पीईटी परीक्षा का आयोजन कराया गया है। पिछले कई दिन से परीक्षा को लेकर प्रशासन तैयारी में लगा था। दो पालियों में परीक्षा सम्पन्न कराई गई। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे जबकि दूसरी दोपहर तीन से सांय पांच बजे तक चली। सभी परीक्षा केन्दों पर कड़ी निगरानी रखी गई। जिला मजिस्ट्रेट निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद ने भी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।



अमरोहा। पीईटी परीक्षा के दौरान केन्द्र का निरीक्षण करतीं डीएम व एसपी।

### अभ्यर्थियों का दूसरे दिन भी उमड़ेगा हुजूम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आज फिर पीईटी परीक्षा को लेकर नगर में अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ेगी। जिसे लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है।

लगातार दो दिन जिले में पीईटी प्रवेश परीक्षा का आयोजन होना है। शनिवार को पहला दिन शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। रविवार को फिर नगर में परीक्षा देने के लिये अभ्यर्थियों की भारी भीड़ उमड़ने की पूरी उम्मीद है। जिसे लेकर प्रशासन ने भी पूरी तैयारी कर ली है। लगातार दो दिन नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी रहेगी। जो रविवार की सांय तक जारी रहेगी। हालांकि दूर दराज के क्षेत्रों से आने वाले अभ्यर्थियों ने नगर में डेरा जमा लिया है। क्योंकि इस समय मौसम खराब है इसे देखते हुए वह समय से पहले ही यहां पहुंच गये है।



अमरोहा। परीक्षा छूटने के बाद केन्द्र से बाहर निकालते पीईटी अभ्यर्थी।

### परीक्षा छूटते ही जाम हो गई सड़कें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पीईटी परीक्षा को लेकर शहर में अभ्यर्थियों की भारी भीड़ रही। परीक्षा छूटते ही सड़कों पर जाम जैसे हालात हो गये। जिस कारण अभ्यर्थियों को शहर से निकलने में भी काफी दिक्कत हुई।

हालांकि परीक्षा के दौरान नगर में रूट डायवर्ट कर दिया था। सभी भारी वाहनों की नगर में नो ऐंट्री कर दी गई थी। लेकिन एक साथ नगर में उमड़ा अभ्यार्थियों को हुजूम सड़कें नहीं झेल पाई। जिस कारण कई स्थानों पर जाम जैसे हालात रहे। जाम में अभ्यर्थी ही नहीं बल्कि आम लोगों को भी फंसना पड़ा। काफी देर तक शहर की सड़कें जाम रही। जिससे परेशानी का सामना करना पड़ा। यह स्थिति सांय तक बनी रही। क्योंकि परीक्षा सांय पांच बजे समाप्त हुई।

# हाइवे पर हादसे में महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** अज्ञात वाहन की टक्कर से हाइवे पर एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बिजनौर के गांव झज्जूपुरा निवासी जाकिर अपनी 40 वर्षीय

**ब्रजघाट में सुबह के समय हुई दुर्घटना**

पत्नी फातिमा के साथ दिल्ली में रहते हैं। उनकी बेटी मुस्कान की शादी गजरौला थाना क्षेत्र के गांव चौहड़पुर में हुई है। शनिवार को बेटी की ससुराल में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दंपति बाइक से दिल्ली लौट रहा था। इसी दौरान बृजघाट स्थित गंगा पुल के पास उनकी बाइक को पीछे से एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में फातिमा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जाकिर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तेरहवें दिन भी हड़ताल पर रहे अधिवक्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** उपनिबंधक कार्यालय सहित अन्य मांगों को लेकर अमरोहा तहसील में अधिवक्ता तेरहवें दिन भी हड़ताल पर रहे। हड़ताल के चलते वादकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रजिस्ट्री दफ्तर में भी कामकाज ठप है। वहीं, अधिवक्ताओं ने दो टूक कह दिया है कि गुलड़िया में बन रहे नए तहसील भवन में जब तक उपनिबंधन, एसडीएम व विनियमित क्षेत्र विभाग कार्यालय की स्थापना का आश्वासन नहीं मिलेगा तब तक हड़ताल समाप्त नहीं करेंगे। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सतेंद्र पाल सिंह, महफूज अली, शौकीन मंसूरी, वीरेन्द्र सिंह, खालिद हुसैन, मंसूर अहमद, पुष्कर लाल गुप्ता, वसीम अहमद, रुतेश पंवार, टीकाराम सैनी, हुकम सिंह, रिजवान अहमद, अनुज कुमार, सुन्दरलाल, धर्मवीर सैनी, निरंजन सिंह आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# कब्र से निकाल गुफरान के शव का कराया पीएम

## पोस्टमार्टम के बाद दोबारा दफनाया शव, आरोपी अभी भी फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पुलिस ने दस दिन बाद गुफरान का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराया। हालांकि अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है जबकि शव को दोबारा दफन करा दिया गया। पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। उधर नामजद सात आरोपी अभी भी पुलिस पकड़ से दूर हैं।



शहर के मोहल्ला नल नई बस्ती निवासी हैंडलूम कारोबारी गुफरान ने बीती 24 अगस्त की शाम घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी थी। परि. जनों ने अगले दिन बिना पुलिस कार्रवाई शव सुपुर्देखाक कर दिया था लेकिन आत्महत्या से जुड़े मामले में 26 अगस्त को नया मोड़ आया था। मृतक गुफरान के मोबाइल से एक वीडियो मिला था जो उसने आत्मघाती कदम उठाने से पहले बनाया था। इसके अलावा कमरे में रखी एक डायरी में सुसाइड नोट भी लिखा मिला था। जिसमें गुफरान ने अपनी भाभी सना समेत आठ लोगों को सीधे तौर पर अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया था। मामले में पिता अताउल्लाह ने तहरीर देकर फजल अहमद, सोनू कबाब वाला, अय्यूब बावर्ची, बब्लू, मोहसिन, तंजीम बेग, सना व सलीम के खिलाफ बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। दरअसल, इन लोगों ने 24 अगस्त की दोपहर में गुफरान को कोट चौकी बुलाया था। वहां बेइज्जती करते हुए उसके साथ मारपीट की थी। दरोगा के सामने ही हड़काते हुए गोली मारने की धमकी तक दे डाली थी। इसके बाद कोट चौराहे पर एक दुकान में बंधक बनाकर भी प्रताड़ित किया था। आरोपियों से छूटकर घर पहुंचे गुफरान ने इसी प्रताड़ना से आहत होकर वीडियो बनाने के बाद आत्महत्या कर ली थी। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस स्तर से शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। विवेचक ने डीएम से कब्र की खुदाई करने की अनुमति मांगी थी लेकिन करीब 10 दिन से प्रक्रिया अधर में लटकी हुई थी। देरी के चलते मृतक के परिजनों में गुस्सा बढ़ता जा रहा था। बढ़ते दबाव के बीच पुलिस ने दो दिन पूर्व मृतक की भाभी सना को कलियर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। डीएम डीएम स्तर से अनुमति मिलने के बाद शनिवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे मजिस्ट्रेट/नायब तहसीलदार रुपक सक्सेना चिकित्सक, फोरेंसिक यूनिट व पुलिस टीम लेकर तलवार शाह बस्ती स्थित कब्रिस्तान पहुंचे। सूचना देकर मृतक के परिजनों को भी बुला लिया। इसके बाद सुरक्षा व धार्मिक मान्यताओं से जुड़े सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए शव को कब्र से निकालने की कार्रवाई की गई। पोस्टमार्टम के बाद शाम साढ़े पांच बजे दोबारा शव को दफना दिया गया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव दफना दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं, जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# टैम्पो की टक्कर से किसान की मौत

## आरोपी टैम्पो चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** टेपों की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत हो गई। पुलिस ने हादसे में टेपों नंबर के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव गाजरपुर उर्फ रसूलपुर गांवड़ी निवासी 40 वर्षीय समर सिंह शुक्रवार को बाइक पर सवार होकर अमरोहा से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक अमरोहा-धनौरा रोड स्थित गांव पंजू सराय में नीम के अड्डे के पास पहुंची। तभी सामने से आ रहे टेंपो ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही समर सिंह दूर जा गिरने से गंभीर घायल हो गए। हादसे में उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल समर सिंह को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में मृतक समर सिंह के बेटे दीपांशु की तहरीर पर टेंपो नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

### किसान की बेटी गायब, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** युवती अचानक घर से लापता हो गयी। जिससे परिवार में हड़कम्प मच गया। पिता ने पुलिस को सूचना देकर उसे तलाश करने की गुहार लगायी है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां की रहने वाली 24 वर्षीय किसान की बेटी बुधवार की दोपहर अचानक घर से लापता हो गयी। आस पड़ौस व रिश्तेदारियों में तलाश करने पर भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो घर में हड़कम्प मच गया। सारी कोशिश विफल होने पर पिता कोतवाली पहुंचा तथा बेटी की गुमशुदगी दर्ज करा उसे तलाश करने की गुहार लगायी।

# पांच राज्यों में एकता यात्रा निकालेगी रालोद: त्यागी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह के पद्चिन्हों पर चलते हुए राष्ट्रीय लोक. दल के अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी काम कर रहे हैं। आने वाले समय में पार्टी द्वारा प्रदेश सहित राष्ट्रीय स्तर पर भी बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी व कार्यकर्ता अधिकाधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाएं। श्री त्यागी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल की सहभागिता के कोई सरकार नहीं बनेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी अपने दादा

**रालोद का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित**

पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह और अपने पिता पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ. अजित सिंह के पद्चिन्हों पर चलते हुए लगातार जनता के लिये काम कर रहे हैं। कहा कि पार्टी द्वारा पांच राज्यों में एकता यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कहा कि 28 सितम्बर को शहीद भगत सिंह के जन्मस्थान पर रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी व पार्टी के पदाधिकारी जाएंगे और शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि देंगे। दो अक्तूबर को अलीगढ़ में गांधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित होगा। 31 अक्तूबर को बस्ती में पटेल जयंती पर एकता यात्रा का समापन होगा। उत्तर प्रदेश सहित पंजाब, उड़ीसा, राजस्थान, हरियाणा सहित पांच राज्यों में एकता यात्रा पहुंचेगी। इस यात्रा के तहत यूपी में चार बड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार ने भी पार्टी की नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन से हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने किया जबकि प्रदेश महासचिव अटल चौधरी व फईम चौधरी, प्रदेश सचिव ओडी त्यागी, राष्ट्रीय सचिव युवा अभिषेक त्यागी, क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह, मंडलाध्यक्ष सरजीत चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष मनवीर चिकारा, हरपाल, योगेन्द्र सिंह, नौगावां सादात चेयरमैन नदीम अब्बास जैदी आदि मौजूद रहे।




गजरौला। जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी।

# कैशलेस सुविधा पर डा. ढिल्लो का आभार जताया

## विधान परिषद के मानसूत्र में उठाई थी मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों को निशुल्क कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिये जाने पर अध्यापकों ने शिक्षक विधायक का आभार जताया।

मोहल्ला पक्का बाग स्थित शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो के आवास पर वित्तविहिन शिक्षकों प्रबंधक व प्रधानाचार्यों ने पहुंचकर उनका आभार जताया। बताते चलें कि डा. ढिल्लो ने विधान परिषद के मानसून सत्र में शिक्षकों के लिए कैशलेस सुविधा की मांग उठायी थी। अब उसे प्रदेश सरकार द्वारा लागू कर दिया गया है। इस योजना से लाखों वित्तपोषित विद्यालयों के शिक्षकों को लाभ मिलेगा। शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि वह लगातार शिक्षकों के हितों की आवाज उठाते आये हैं तथा उनके सामने जो भी परेशानी आती है उसे सरकार के समक्ष रखते हैं। इस मौके पर ओमेन्द्र सिंह, नरेश सिद्धू, रवि सिद्धार्थ, मुकेश चौधरी, जीशान, अजय चौहान, राकेश चौहान, सुशील पोशवाल, फतेह सिंह, रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# कोर्ट से लौट से रही महिला को बाइक से खींचा

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोर्ट में मुकदमे की पैरवी करने आई विवाहिता को ससुराल पक्ष के लोगों ने बाइक से खींच लिया। पुलिस को तहरीर दे दी है।

थाना सैदनगली क्षेत्र के कस्बा उझारी निवासी एक युवती का विवाह 1 वर्ष पहले रहरा थाना क्षेत्र के गांव बुरावली में हुआ था। महिला का कहना है कि वह ससुराल में मात्र एक महीना ही रही है। सुसराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था। विवाहिता का यह भी कहना है कि कुछ दिनों पहले उसके मायके में आकर सुसराल पक्ष के लोगों ने उसे कमरे में बंद कर आग लगाने का प्रयास किया था। विवाहिता ने बताया कि शनिवार को वह हसनपुर कोर्ट में मुकदमे की पैरवी करने के लिए आई थी। जब वहां से लौट रही थी तो ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे रास्ते में रोक लिया। ससुराल पक्ष के लोगों ने भाषा का प्रयोग करते हुए अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए उसे बाइक से खींचने का प्रयास किया। उसके बाद विवाहिता कोतवाली पहुंची तथा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसएसआई अमित कुमार ने बताया मायके व ससुराल पक्ष के लोगों में विवाद हो गया था। दोनों पक्षों के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की गई है।

### वृद्धा ने दो बेटों पर कराई रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** वृद्धा ने दोनों पुत्रों पर फसल जोतने का आरोप लगाते कार्रवाई की मांग को रिपोर्ट दर्ज करायी है। दोनों पर यह भी आरोप है कि वह जमीन पर कब्जा कर उसे वृद्धाश्रम भेजना चाहते हैं। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव इकौंदा का है। यहां की रहने वाली सतव. ीरी देवी पत्नी खूब सिंह ने अपने बेटे अवनीत व नवनीत पर आरोप लगाया है कि वह उसके खेत में खड़ी फसल को जोत रहे थे जब विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। दोनों पुत्र उसे जबरन अनाथ आश्रम भेजना चाहते हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रोजगार सेवक की मौत में आया नया मोड़

## बेटे ने पूर्व प्रधान समेत सात के खिलाफ दी हत्या की तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौगावां सादात क्षेत्र के गांव मूंढ़ाखेड़ा के रोजगार सेवक राजकुमार सिंह की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सात दिन पहले उनकी स्कूटी को बोलेरो ने टक्कर मार दी। मामले में रोजगार सेवक के बेटे ने अब पूर्व प्रधान और उसके भाई समेत सात लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

30 अगस्त की शाम लगभग 40 वर्षीय रोजगार सेवक राजकुमार सिंह अमरोहा ब्लॉक से गांव लौट रहे थे। करीब चार बजे जब उनकी स्कूटी धनौरा मार्ग पर पहुंची तभी एक तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। थाने में दी गई तहरीर में रोजगार सेवक के बेटे सजल कुमार ने आरोप लगाया है कि ये हादसा नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है। वहां पहले से घात लगाए बैठे पूर्व प्रधान, उसके भाई और पांच अज्ञात लोगों ने बोलेरो से जानबूझकर स्कूटी को टक्कर मारी थी। यह सभी पहले से ही बोलेरो से पीछा कर रहे थे। हादसा अंजाम देने के बाद आरोपी चालक कार लेकर गांव भेड़ा भरतपुर की तरफ भाग गया। इसके अलावा एक बाइक पर सवार दो लोग भी रेकी कर रहे थे, घटना को अंजाम देने के बाद वह भी कार के पीछे-पीछे भाग निकले। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। गंभीर घायल राजकुमार सिंह ने अस्पताल जाते समय रास्ते में अपनी पत्नी बबीता को पूरी जानकारी दी थी। बताया था कि बोलेरो से टक्कर मारकर पहले उन्हें गिराया गया और बाद में दोबारा उन पर कार चढ़ा दी। आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान, उसके भाई और पांच अज्ञात लोगों ने षड्यंत्र के तहत हत्या की है, जिसे हादसे का रूप दिया गया है। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने मामले में जांच कराकर कार्रवाई की बात कही

# युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या

## मैंथा फैक्ट्री में मिला शव, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी**। एल्मूनियम कारीगर की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गयी। मृतक का शव तालाब किनारे स्थित बंद फैक्ट्री के समीप मिला। उसके सिर पर चाकुओं से कई वार किये गये थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।



नगर के मोहल्ला कुम्हरान अनीस अहमद पुत्र मकशूद का परिवार रहता है अनीस के 6 बेटे व 3 बेटी है पत्नी मूनारा खातुन का लगभग 7 वर्ष पूर्व देहान्त हो चुका है अनीस अहमद का सबसे छोटा बेटा जीशान उम्र 22 वर्ष देहरादून में रहकर एनमुनियम का कार्य करता है। 8 दिन पूर्व अपने घर उझारी आया था शुक्रवार की दोपहर लगभग 3 बजे एक युवक के फोन पर घर से बाइक से निकला लेकिन शाम होने पर जीशान घर नहीं आया परि. जनों को चिन्ता होने लगी काफी खोज बीन करने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला शनिवार की दोपहर लगभग 3 बजे मृत का बडा भाई इस्लाम अपने साथियों के साथ उझारी इकौदा मार्ग सूरज कुंड तालाब किनारे जुल्फिकार की बन्द पड़ी मैन्था फैक्ट्री पर मृत अवस्था में मिला परिजनों ने पुलिस को सूचना दी मोके पर थाना प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा व उझारी चौकी इंचार्ज सतवीर सिंह व फोरनसिग टीम घटना घटना स्थल पर पहुंचीं मृत जीशान के सर पर चाकुओं से गहरे घाव थे। कातिलों ने सर को चाकुओं से गोद डाला। मोके पर पहुंचे काठ विधायक कमाल अख्तर परिजनों को ढाढस बंधाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा पुलिस कातिलों की तलाश में जुट गये।



उझारी। युवक की हत्या के बाद मैंथा फैक्ट्री के बाहर जमा ग्रामीण व जांच करती पुलिस।

# बच्चों की तस्करी में मुकदमा दर्ज कराने के आदेश

## चक्कालीलेट से बरामद हुए थे चार मासूम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बच्चों को अमरोहा लाकर तस्करी किए जाने के मामले में अब मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू की गई है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अतुलेश भारद्वाज ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रोब. ेशन अधिकारी को मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया है।

जानकारी के मुताबिक जस्ट फॉर चिल्ड्रन एनजीओ के सदस्यों ने गुरुवार शाम स्थानीय बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अतुलेश भारद्वाज को जानकारी दी थी कि बहराइच जिले से कुछ बच्चे अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव चक्कालीलेट पट्टी में आए हैं। जिन्हें मजदूरी कराए जाने के इरादे से लाया गया है। बच्चों की खरीद-फरोख्त की गई है। इसके बाद हरकत में आए समिति अध्यक्ष, अमरोहा देहात थाना पुलिस, चाइल्ड लाइन टीम, संरक्षण इकाई आदि के अधिकारी-कर्मचारियों ने गांव चक्कालीलेट पट्टी में नरेंद्र सिंह के घर छापा मारा था। टीम को वहां चार नाबालिग बच्चे काम करते हुए मिले थे। गृहस्वामी मौके पर नहीं था जबकि उसकी पत्नी अनीता घर में ही मौजूद थी। रेस्क्यू के बाद टीम बच्चों को लेकर मुख्यालय लौट आई थी। पूछताछ में पता चल था कि दो बच्चे लखीमपुर जिले के गांव जगदीशपुर के निवासी हैं जो आपस में सगे तहेरे-चचेरे भाई हैं जबकि दो बच्चे बहराइच जिले के गांव बनकटी व दौलतपुर के निवासी हैं जो कि आपस में मुमेरे व फुफेरे भाई हैं। चारों की उम्र 12 से 15 साल के बीच है। चारों बच्चों को चाइल्ड लाइन में रखते हुए उनके परिजनों को भी जानकारी दे दी गई थी। जांच में यह भी सामने आया था कि चारों बच्चों को बेचकर मिली ठेकेदार मुकेश ने अपने पास रख ली थी। शुक्रवार को चारों बच्चों का मेडिकल कराया गया था, जिसमें वह पूरी तरह स्वस्थ मिले थे। शनिवार को भी बच्चों के माता-पिता अमरो. हा नहीं पहुंच सके। समिति अध्यक्ष अतुलेश भारद्वाज ने बताया कि शुरुआती छानबीन में सामने आया है कि इन बच्चों की तस्करी का इनसे मजदूरी कराई जा रही थी। बच्चों की खरीद-फरोख्त में शामिल कुछ लोगों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी पूरी तस्दीक कराई जा रही है। बच्चों से मजदूरी कराना किशोर न्याय अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के अधीन कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। प्रकरण में जिला प्रोबेशन अधिकारी को मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया गया है।

# मुर्गा मीट विक्रेताओं को पालिका ने भेजे नोटिस

## नियमों की अनदेखी पर एनओसी होगी निरस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। दुकानों के अगले हिस्से में जाल में मुर्गा रखने वालों की अब खैर नहीं है। नगर पालिका ने ऐसे सभी मुर्गा मीट विक्रेताओं को नोटिस जारी कर उनकी एनओसी रद्द करने की चेतावनी दी है। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि नगर में मीट विक्रेताओं ने दुकानों के बाहर जाल लगाकर बेचने के लिए मुर्गे रख रखे है। जिनसे उठने वाली दुर्गंध के कारण लोगों को परेशानी होती है जबकि मुर्गा काटने के बाद उसे पर आदि को भी नालों में बहा दिया जाता है। जिससे नाले अट जाते हैं तथा पानी का बहाव बंद हो जाता है। नगर पालिका ने ऐसे सभी मुर्गा विक्रेताओं को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जिन मुर्गा विक्रेताओं ने नोटिस का जवाब नहीं दिया उनका लाइसेंस व एनओसी निरस्त की जायेगी। इससे मुर्गा विक्रेताओं में हड़कम्प मचा है।

# ठेकेदार व चालक की मौत के मामले में पुलिस से मिले परिजन

## 29 मई को कार्यालय में मिले थे ठेकेदार व चालक के शव

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। सिंचाई विभाग के ठेकेदार व उसके चालक के शव पड़े मिलने की घटना को लगभग साढ़े तीन महीने हो गए हैं मगर अभी तक घटना से पर्दा नहीं उठ सका है। शनिवार को ठेकेदार के पिता ने प्रतिनिधि मंडल के साथ प्रभारी निरीक्षक से भेंट की और न्याय की गुहार लगाई।

बता दें कि मोहल्ला शुक्लपुरी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक अतरपाल सिंह के 38 वर्षीय पुत्र देवऋषि उर्फ दीपक सिचाई विभाग में ठेकेदारी करते थे। उनके साथ चालक गांव चौबारा निवासी 33 वर्षीय इंद्रदेव चालक भी रहता था। दोनों ही शादीशुदा थे। अवंतिक. ानगर में देवऋषि का पर्यावरण एवं सर्वजन कल्याण सेवा ट्रस्ट गजरौला नामक से दफ्तर भी स्थित है। 28 मई की देरशाम को ठेकेदार व चालक दोनों दफ्तर में मौजूद थे। फिर 29 मई की सुबह को भांजे ने अवंतिकानगर के दफ्तर में जाकर देखा तो ठेकेदार देवऋषि व चालक इंद्रदेव का शव फर्श पर पड़े हुए थे। देवऋषि का आधा शरीर बाथरूम में था और आधा बरामदे में था। घटना को लगभग साढ़े तीन माह हो चुके हैं। शनिवार को ठेकेदार के पिता अतरपाल सिंह ने समाज के प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार से भेंट की और न्याय की मांग की। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश प्रधान, सभासद चंद्रपाल सिंह, डॉ.पृथी सिंह, जयवीर सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, सुरेश चंद्र मौर्य, उदयभान सिंह, मौ.यासीन, चंद्रपाल सिंह, पीतम सिंह, देवेंद्रपाल सिंह, बृजपाल सरन, काररतन सिंह, प्रताप सिंह, विजय प्रताप सिंह, जयवीर सिंह सुमेर, मुकेश कुमार, गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



# पिता की तहरीर पर पुत्री की गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के नीलीखेड़ी गांव निवासी किसान मोहम्मद हसन की 24 वर्षीय पुत्री गुलबशा बुधवार दोपहर अचानक बिना बताए घर से निकल गई। काफी खोजबीन करने के बावजूद जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने शुक्रवार को डिडौली थाने पहुंचकर तहरीर दी।पिता मोहम्मद हसन की तहरीर पर पुलिस ने उनकी पुत्री गुलबशा की गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने गुमशुदा युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# सभासद ने कराया टूटी पुलिया का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। लोगों के आवागमन में बाधक बन रही टूटी पुलिया का निर्माण सभासद ने अपने व्यक्तिगत कोष से कराया। सभासद व स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार उन्होंने नगर पालिका में शिकायत की मगर नतीजा नहीं निकला। बता दें कि गजरौला में वार्ड मायापुरी में पिछले एक महीने से नाले के ऊपर रखा स्लैप टूट गया था, जिससे आने-जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इतना ही नही मंदिर पर जाने में भी दिक्कत आ रही थी। एक महिला के चोट भी लग गई थी। सभासद अरविंद कुमार ने खुद जाकर भी शिकायत की मगर उनकी भी नहीं सुनी गई, फिर शनिवार को सभासद ने लोगों को राहत पहुंचाने के लिये खुद ही पुलिया का निर्माण कार्य कराया।



गजरौला। वार्ड मायापुरी में टूटी पुलिया का निर्माण कराते सभासद अरविंद कुमार

# विधिक सेवा प्राधिकरण का शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के अन्तर्गत नगर के ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का शिविर सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसमें विधिक सलाहकार एड. लोकामान्य सिंह ने राजबाला, शशि, महिलाल, विपिन सिंह, परवीन, राजेन्द्र, मंजीत कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रो. हताश कुमार शर्मा ने कहा कि ऐसे शिविरों से आम आदमी तक भी सुलभता से न्याय पहुंच पाता है। उन्होंने प्राधिकरण शिविर में आए सभी सलाहाकारों के प्रयास व उनके द्वारा किए गए मार्गदर्शन की सराहना की। संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक महेश चंद शर्मा ने किया।

# स्वास्थ्य विभाग ने नर्सिंग होम किया सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। झोलाछाप चिकित्सक द्वारा गर्भवती महिला का ऑपरेशन करने से हुई मौत के बाद अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम को स्वास्थ्य विभाग ने सील कर दिया गया है। बताते चलें कि शुक्रवार को नगर के मोहल्ला खेवान निवासी 22 वर्षीय मोनी पत्नी अमन को प्रसव पीड़ा होने पर परिवार के लोगों द्वारा मोहल्ला काला शहीद नई घास मंडी के समीप मदार हेल्थ केयर सेंटर में भर्ती कराया गया था। वहां झोलाछाप चिकित्सक द्वारा महिला का ऑपरेशन कर दिया गया था। उसके बाद महिला की हालत बिगड़ गई थी। परिजन महिला को हायर सेंटर ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। परिजनों द्वारा महिला के शव को अस्पताल लाकर रख दिया था तथा झोलाछाप चिकित्सक के खिलाफ हंगामा किया गया था। उसके बाद परिजनों व अस्पताल स्टाफ के बीच वार्ता के बाद बिना कार्रवाई किये हुए शव को अपने साथ ले गये थे। बीती रात प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह ने मदार हेल्थ केयर सेंटर को सील कर दिया। अस्पताल के सील होने के बाद अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम के संचालकों में अफरा तफरी मची हुई है

# पुलिस टीम पर हमले में सात साल की कैद

## दो हजार का जुर्माना भी ठोका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के मामले में अदालत ने दोषी को सात साल छह महीने जेल की सजा सुनाई तथा दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

गजरौला थाना क्षेत्र में अहरौला-गजरौला मार्ग 16 जनवरी 2018 को लूट की वारदात हुई थी। इसके बाद दरोगा प्रमोद कुमार व बृजेश कुमार 17 जनवरी को अहरौला-तेजवन चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि शकूराबाद की तरफ दो संदिग्ध बाइक पर सवार होकर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही हरकत में आए पुलिसकर्मियों ने एक बाइक को रुकने का इशारा किया। तभी बाइक पर सवार दोनों लोगों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी करके एक आरोपी को पकड़ लिया जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। तलाशी के दौरान आरोपी से तमंचा और खोखा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम वीरेश पाल सिंह निवासी हीमपुर दीपा जिला बिजनौर बताया वहीं आरोपी का नाम विनीत उर्फ राहुल बताया था। इन दोनों आरो. पियों की लूट की घटना का अंजाम दिया था। पीड़ित खलील अहमद ने भी दोनों आरोपियों को पहचान लिया था। बाद में पुलिस ने हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर वीरेश पाल सिंह का चालान किया था। इसके बाद विनीत उर्फ राहुल को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल, दोनों इस मुकदमे में जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अदालत में चल रही थी। अंतिम सुनवाई के दौरान अदालत ने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग करने के मामले में विनीत उर्फ विक्की उर्फ राहुल निवासी गांव बरेखा थाना स्योहारा जिला बिजनौर को दोषी करार दिया। सात साल छह महीने जेल की सजा सुनाई तथा दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया

# बछरायूं में निकली भगवान गणेश की शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। अनन्त चतुर्दशी के पावन अवसर पर नगर में गणपति महोत्सव का समापन भक्तिभाव और धूमधाम के साथ हुआ। मोहल्ला बकाबाद से गणपति बप्पा की शोभायात्रा गगनभेदी नारों और जयकारों के बीच निकाली गई। यह नगर का 15वां गणपति महोत्सव रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आकर्षक झांकियों, गुलाल की रंगबिरंगी वर्षा और भक्तों की टोलियों ने नगर में भक्ति और उल्लास का अद्‌भुत संगम प्रस्तुत किया। शोभायात्रा में महिलाएं, बच्चे और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर भक्त झूमते-नाचते रहे और नगर गणपति बप्पा मोरया के नारों से गूंजता रहा। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए गंगा तट तिगरी गंगाधाम पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गणपति बप्पा का विधिवत विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर नगर की खुशहाली और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। महोत्सव में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष रोहित आर्य, राहुल आर्य, शिल्पी आर्य, चंद्रमुखी आर्य, अमितेश आर्य, परवीन, मोहित, मनोज आर्य, रिंकू आर्य, महेश कुमार प्रजापति, नवीन, विजय, वीरेंद्र और पीयूष सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान पूरा वातावरण गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के नारों से गूंज उठा।



### तीन लाख की चरस के साथ दबोचा

**आदमपुर**। पुलिस ने तीन लाख रूपये कीमत की चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ विभिन्न थानो में नौ मुकदमे दर्ज हैं। शुक्रवार को पुलिस साथलपुर चक की मढैये से कच्चे रास्ते पर गश्त कर रही थी। इस बीच पुलिस ने भूदेव पुत्र चिरंजी निवासी गांव सुल्तानपुर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 310 ग्राम चरस बरामद हुई। जिसकी कीमत करीब तीन लाख दस हजार रूपये है। तस्कर के खिलाफ जिले के विभिन्न थानो में नौ मुकदमे दर्ज हैं। टीम में आदमपुर एसओ कुमरेश त्यागी, एसआई रामप्रकाश, कांस्टेबिल यतेन्द्र कुमार, राहुल कुमार शामिल रहे।

# डा. अहसान अवार्ड से शिक्षिका सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। हाशमी गर्ल्स डिग्री कालेज में शिक्षिका को डा. अहसान अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मेहमाने खुसूसी समाजसेवी फिरासत हुसैन खान रहे। प्रबंधक डा. सिराज उद्दीन हाशमी एडवोकेट ने तालीम की अहमियत को बताते हुए कहा कि आज इंसान के लिए तालीम बेहद जरूरी है। समाजसेवी फिरासत हुसैन खान ने कहा कि एक अच्छा उस्ताद ही अच्छे समाज का निर्माता होता है और बच्चों को अच्छी तालीम देते हैं। हाशमी एजुकेशनल ग्रुप की ओर से हिन्दी विभागाध्यक्ष डा0 नीलम रस्तौगी को डा0 मौहम्मद अहसान अवार्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्टाफ मौजूद रहा।

# किसानों की लड़ाई लड़ रही भाकियू खालसा

## रविपाल सिंह को मिली राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारतीय किसान यूनियन (खालसा) की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह ने कहा कि संगठन के सभी कार्यकर्ता किसानों की समस्याओं को सुनें और उनका समाधान कराने का प्रयास करें। इस दौरान उन्होंने रविपाल सिंह को संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

शनिवार को धनौरा मार्ग स्थित एक प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में सरदार राजेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारा संगठन किसानों की समस्याओं के निवारण के लिये सतत प्रयासरत है। इस दौरान रविपाल सिंह को राष्ट्रीय सचिव, मोहसीन बेगम को अल्पसंख्यक महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष और इमरान शेख को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सभी कार्यकर्ता गांव गांव घूमकर किसानों को जोड़ें और संगठन को मजबूत करें। बैठक में चौधरी सत्येंद्र सिंह, यसवीर सिंह, संजीव सिंह, चौधरी सतवीर, इमरान खान, मोहसीन बेगम, सद्दाम, राजीव, आसिफ, साहिल, पेरू, निशा सोनी, नाजिया, नजमा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## शिक्षक संगठनों ने जताया आभार, शिक्षकों की प्रतिक्रियाओं में झलका उत्साह व उम्मीद

# कैशलेस चिकित्सा सुविधा! शिक्षक दिवस पर सीएम योगी का बड़ा तोहफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। सीएम योगी द्वारा शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा पर जिले के शिक्षकों में खुशी का माहौल है। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि लंबे समय से लंबित मांग शिक्षक दिवस पर पूरी हुई है। इससे शिक्षकों को काफी फायदा मिलेगा। कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा के बाद प्रदेशभर के शिक्षकों और शिक्षा मित्रों में उत्साह का माहौल है। कई संगठनों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह कदम शिक्षा परिवार की बड़ी चिंता को दूर करने वाला साबित होगा। वहीं, शिक्षक संगठनों ने मुख्यमंत्री से मानदेय वृद्धि और सेवा शर्तों में सुधार की भी उम्मीद जताई।



कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलने से शिक्षकों को काफी लाभ होगा। शिक्षक हित में सराहनीय कदम, कैसलेस चिकित्सा सुविधा से शिक्षकों को निश्चय ही आर्थिक लाभ पहुंचेगा। कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा पर शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

**पवन कुमार, शिक्षक**



यह कदम शिक्षा परिवार की बड़ी चिंता को दूर करने वाला साबित होगा। शिक्षक समाज राष्ट्र निर्माण की धुरी है। यह कदम हमारे आत्मविश्वास और सम्मान को और बढ़ाएगा। शिक्षक लंबे समय से इस सुविधा का इंतजार कर रहे थे।

**हरिओम त्रिवेदी, शिक्षक**



कैशलेस चिकित्सा सुविधा शिक्षकों के लिए वरदान साबित होगी। यह निर्णय वास्तव में ऐतिहा. सिक है। लंबे समय से हम शिक्षकों की यही मांग थी। अब परिवार की बीमारी की स्थिति में आर्थिक चिंता नहीं रहेगी।

**अमित तेजा, ब्लॉक अध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ**



शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा की गई जो की सराहनीय कदम है। जीवन में भाग दौड़ भरी जिंदगी में बढ़ रही स्वास्थ्य समस्याओं से कैशलेस चिकित्सा सुविधा हो जाने से राहत मिलेगी। सरकार के इस कदम से शिक्षकों में खुशी का माहौल है।

**नीतू सिंह, जिला अध्यक्ष, महिला शिक्षक संघ अमरोहा**



सरकार द्वारा शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोईयों एवं अन्य कार्मिकों के लिए कैशलेस सुविधा प्रदान करना स्वागत योग्य कदम है. कई वर्षो से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इसके लिए प्रयासरत था, संगठन का प्रतिनिधि मण्डल भी मुख्यमंत्री से मिलता था, मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्रवशन दिया था, मांग अब पूरी हुई सभी को बहुत बहुत बधाई।

**देवराज सिंह, जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ**

# जुलूस में शस्त्र लहराने वाले चार को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में शस्त्र लहराये जाने के मामले में पुलिस ने चार का चालान किया है। शुक्रवार को बारावफात के जुलूस में शस्त्र लहराये जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था। शस्त्र लहराये जाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई थी। वीडियो में कौन शस्त्र लहरा रहे है। पुलिस ने इसकी पहचान करने के बाद उनकी धरपकड़ करनी शुरू कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में राजा पुत्र लियाकत अली निवासी मोहल्ला दुल्ला चौक लालबाग, अमन पुत्र अमीर दूल्हा निवासी मोहल्ला लालबाग चौधरियान, मोहम्मद आरियान पुत्र अमीर दूल्हा मोहल्ला लालबाग चौधरियान, मेहरान पुत्र मुजाहिद मोहल्ला काला शहीद को गिरफ्तार करने के बाद उनका चालान कर दिया। उसके बाद पुलिस ने चारों को उपजिला अधिकारी के समक्ष पेश कर दिया।

# किसान की हत्या के मामले में कार्यवाही पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** उघैती थाना क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर पिपरी में हुई किसान की हत्या मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें से पुलिस के द्वारा तीन लोगों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

आपको बता दें बीते दिनों रघुनाथ पिपरी में पुरानी रंजिश के चलते एक किसान सुरेश उर्फ नन्हकू की मारपीट के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसका एक वीडियो भी सामने आया था। वीडियो में घायल अवस्था मे सुरेश के द्वारा घटना में सम्मिलित सात लोगों के नाम लिए गए थे। उसके बाद पुलिस ने सात लोगों के नाम मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें से पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर नरैनी चौराहा के पास से तीन लोगों को हत्या में प्रयुक्त लाठी डंडों सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया तीन आरोपियों को वारदात में प्रयुक्त लाठी डंडों सहित गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरो. पियों की तलाश जारी है।

# फूड इंस्पेक्टर ने नगर की दुकानों पर मारा छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शनिवार को बिसौली कस्बा में फूड इंस्पेक्टर द्वारा वेंडर जोन में लगने वाली दुकान एवं प्रतिष्ठित दुकानों पर औपचारिकता की छापेमारी की गई नगर के दुक. ानदारों ने बताया ने आए।

दिन फूड इंस्पेक्टर ने औपचारिकता के रूप से भेदभाव की छापेमारी की गई हम आपको बता दें कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी माता बिंद प्रसाद द्वारा नगर की प्रतिष्ठित दुकानों पर दूध दही पनीर के सैंपल लिए तथा नगर में फूड इंस्पेक्टर की आहट पर दुकानदारों में हड़कंप मच गया दुकानदारों ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के भय के कारण अपने अपने दुकानों शटर गिरा कर भाग खड़े हुए।

काफी दुकानदारों के दुकानों से सैंपलिंग ली गई खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा छापे में सेंपलिंग की संख्या नहीं बताई गई ताकी आर्थिक सांठगांठ हो सके नगर में खुलेआम बिक रहे सड़े गले फल सब्जियां एवं गंदे तेल रिफाइंड में पूरी पकौड़ी समोसे के ठेले व दुकानों पर फूड इंस्पेक्टर का कोई शिकंजा नहीं है फूड इंस्पेक्टर द्वारा सैंपलिंग की संख्या व प्रतिष्ठान का नाम न बताना कहीं ना कहीं संदेह के घेरे में है।

# तहसील प्रशासन व बैंक प्रबंधक ने ऊंचे रसूखदार बड़े बकायेदारों की भूमि कुर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिसौली।** तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा पाठक में नायब तहसीलदार सृजन यादव व रानेट स्थित पंजाब नैशनल बैंक शाखा प्रबंधक रिचिन कुमार ने एक ही गांव में चार बड़े बकायेदारों की भूमि पर लाल झंडी व बैनर लगाकर अचल संपत्ति कुर्क करने की बड़ी कार्यवाही की है। इस दौरान नायब तहसीलदार सृजन यादव ने गांव बेहटा पाठक निवासी अवधेश कुमार व अशोक कुमार पुत्रगण इच्छाराम, हर प्रसाद पुत्र रामचरन व कांति देवी पत्नी रोहन सिंह आदि बड़े बकायेदारों की अचल संपत्ति पर बैनर व लाल झंडी लगाकर कुर्की करने की विधिक कार्यवाही की है। बताया जा रहा है कि गांव में चारों बड़े बकायेदारों में से दो बड़े बकाएदार अवधेश व अशोक कुमार गांव के चर्चित व ऊंची पहुंच वाले संभ्रांत व्यक्ति हैं। तहसील प्रशासन द्वारा बड़े बकायेदारों पर की गई कुर्की की विधिक कार्यवाही होने की समूचे गांव व आस पास के इलाके में चर्चा हो रही है। इस दौरान तहसील प्रशासन ने बड़े बकायेदारों के नाम खुलासा करने के ख्याल से उनके नाम के पर्चे सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किए।इस दौरान नायब तहसीलदार सृजन यादव, रानेट स्थित पंजाब नैशनल बैंक शाखा प्रबंधक रिचिन कुमार, संग्रह अमीन अनिल कुमार, कुंवर पाल, लेखपाल सतीश चंद्र शर्मा, रिकवरी एजेंट अजीम व मुनेंद्र पाल सिंह यादव मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि तहसील प्रशासन अन्य बड़े बकायेदारों की सूची तैयार करने में जुट गया है। यह जानकारी नायब तहस. ीलदार सृजन यादव ने दी।

# इनरव्हील क्लब द्वारा सीएचसी पर मनाया अन्नपूर्णा दिवस



**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** इनरव्हील क्लब द्वारा सीएचसी पर अन्नपूर्णा दिवस मनाया गया। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष डा. सुविधा माहेश्वरी के नेतृत्व में गर्भवती महिलाओं, मरीजों और उनके तीमारदारों को पौष्टिक आहार के साथ छाते वितरित किए गए। साथ ही गर्भवती महिलाओं का चिकित्सा परीक्षण भी किया गया। डा. माहेश्वरी ने कहा क्लब ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष डॉक्टर सुविधा महेश्वरी, सचिव भारती अग्रवाल, मधु शर्मा, डा. अर्चना वार्ष्णेय, संगीता रस्तोगी, नीरू अग्रवाल, अनुपम शर्मा, कृष्णा गुप्ता आदि मौजूद रही।

# गणेश शोभायात्रा का हुआ शुभारंभ

**आई एम खान,शाह टाइम्स**



**बिसौली।** नगर मे भव्य गणेश शोभायात्रा दो दर्जन से अधिक स्वचलित झंकियों और बैंड बाजे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में दर्जन भर से अधिक काली के अखाड़े और हेरत अंगेज तलबारबाजी देख लोग आश्चर्य चकित रह गए।

वही नंदी की सवारी पर भोले का गण नृत्य तथा गढ़वाली कलाकारों का डांडिया और गरवा नृत्य देख लोग मंत्र मुग्ध हो गए। शोभायात्रा का जगह जगह प्रभु भक्तो ने पुष्प वर्षा और अबीर गुलाल लगाकर भव्य स्वागत किया। नगर के मोहल्ला साहूकारा में लक्ष्मी नारायण बड़ा मंदिर पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर माता काली के अखाड़े मे कोतवाल हरेन्द्र सिंह ने हाथ की हथेली पर गोला की भेंट देकर किया। उसके बाद बजरंग चौक पर पूर्व विधायक कुशाग्र सागर एवं जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय ने गणपति भगवान की पूजा अर्चना कर फीता काटकर शुभारम्भ किया। सभी ने भगवान स्वरूप झाँकियों की आरती कर पूजा अर्चना की। भाजपा नेता नितिन महाजन ने पूर्व विधायक, एवं अन्य अतिथियों को गणेश प्रतिमा और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।नगर में एक किमी लम्बी शोभायात्रा देर रात बारह बजे सम्पन्न हुई। उधर नगर के बाबूराम मार्केट से आर्यन शिव भक्त युवा क्लब द्वारा आयोजित झंकियों का शुभारम्भ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चंद्रा एवं पूर्व चेयरमैन सुषमा मौर्या ने भगवान गणपति की आरती पूजा अर्चना से किया। यहाँ प्रभाकर शर्मा लिट्टे, राजू कोहली, मनोज कबीरा, सौरभ भिल्ला, शानू कथूरिया, कुलदीप रस्तोगी आदि ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।नंदी पर सवार भोले का नृत्य आकर्षण का केंद्र था। दर्जन भर काली अखाड़े, डेढ़ दर्जन गणपति झांकी, गढ़वाली महिलाओं का डांडिया और गरवा नृत्य ने अपनी छाप छोड़ी। एक किलोमीटर से अधिक लम्बी शोभायात्रा मे बैंडों की धुन पर प्रभु भजनो को सुन गणपति भक्त युवा थिरकते रहे। इस मौके पर मनोज शर्मा, अनिल रस्तोगी, सभासद कृष्णा गुप्ता, श्री कृष्ण गुप्ता कन्हैय्या, फूल कुमार महाजन, सचिन विल्ला, विकांशु वार्ष्णेय, बब्बू गुप्ता, अनुपम गुप्ता, मनोज कबीरा, अंकुर वार्ष्णेय, नितिन गुप्ता, मराठा, तहसील वार एसोशियान के अध्यक्ष अनूप शर्मा एड, सचिन सक्सेना एड आदि का व्यवस्था मे विशेष योगदान रहा।

# नो हेलमेट नो फ्यूल ए.आर. पेट्रोल पंप पर लगा फ्लेक्स



**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** नगर के ए.आर. फिलिंग सेंटर पेट्रोल पम्प पर उत्तर प्रदेश सरकार का नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। वही सरकार का कहना है।

कि यह किसी को सजा देने की पहल नहीं है। यह लोगों को ट्रैफिक नियमों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का तरीका है। शनिवार को पेट्रोल पंप ऑनर रवि प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि हेलमेट पहने दुपहिया चालकों को पेट्रोल दिया जा रहा है। साथ ही उक्त अभियान से संबंधित फ्लेक्स बैनर, ऑडियो प्रसारण एवं कस्टमर अटेंडेंट द्वारा ग्राहकों से अपील की जा रही है कि अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट अवश्य पहनें। इस दौरान पेट्रोल पंप ऑनर रवि प्रकाश अग्रवाल के साथ सुखवीर, नरवीर, देवेंद्र, सोमपाल, कुलदीप, कुंवरपाल अटेंडेंट एवं अन्य ग्राहक भी उपस्थित रहे।

# भगवान कृष्ण की अद्‌भुत शक्ति का वर्णन: कनणी उंगली पर उठाया गोवर्धन पर्वत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** छिबऊ कला में चल रही श्रीमद्‌भागवत कथा में स्वामी हंसानन्द गिरी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का मनमोहक वर्णन किया। कथाप्रसंग में उन्होंने बताया कि जब इन्द्रदेव ने क्रोधित होकर ब्रजभूमि पर लगातार भीषण वर्षा बरसाई और चारों ओर जल ही जल दिखाई देने लगा, तब गोपालकृष्ण ने अपनी छोटी करणी उंगली पर संपूर्ण गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों को प्रलय जैसी आपदा से बचाया।महाराज ने कहा कि यह प्रसंग केवल शक्ति का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह इस बात का प्रतीक है कि जब-जब भक्त संकट में पड़ते हैं, भगवान उनके रक्षक बनकर सामने आते हैं। श्रीकृष्ण ने ब्रजवा. सियों को भयमुक्त करते हुए यह संद. ेश दिया कि सच्चे विश्वास और भक्ति के बल पर किसी भी संकट को दूर किया जा सकता है। स्वामी हंसानन्द गिरी महाराज ने आगे कहा कि गोवर्धन धारण लीला भगवान के प्रेम, करुणा और अटूट शक्ति का जीवंत उदाहरण है। इस प्रसंग को सुनते ही कथा पंडाल ष्गोवर्धनधारी लाल की जयष, ष्जय श्रीकृष्णष के उद्‌घोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति और भावविभोर होकर झूम उठे। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में भक्तों ने शामिल होकर इस अद्‌भुत प्रसंग का श्रवण किया और भगवान कृष्ण की महिमा का गुणगान किया।

# 95 छात्रा छात्राओं को दी गई निशुल्क साइकिलें

**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** डी पॉल स्कूल में शनिवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला एवं विद्यालय के प्रबंधक फादर डा. मार्टिन वी.सी. द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के प्रति उनका रुझान बढ़ाने के लिए उत्साहवर्धन किया उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को विद्यालय आने जाने में साइकिलों से सुविधा होगी तथा शिक्षा के प्रति उनमें उत्साह बढ़ेगा। विद्यालय के प्रबंधक मार्टिन वी.सी. ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सफलता के पथ पर अग्रसर होने के लिए मार्गदर्शन किया। इस दौरान 95 छात्र छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गई। इससे पूर्व स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर जोशिता ने अतिथियों को पुष्प भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर फादर अनीष, फादर अजिन, अभिषेक पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# लोक स्मृति सेवा संस्थान ने एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बदायूं।** दहगवां ब्लॉक क्षेत्र के गांव भवानीपुर खल्ली में एकीकृत स्वास्थ्य शि. विर का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के अंतर्गत लोक स्मृति सेवा संस्थान के द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी एचआईवी एड्स डॉ विनेश कुमार व डॉ पवन कुमार (डिप्टी सीएमओ और ग्राम प्रधान नाजमीन बेगम के द्वारा कैंप का उद्‌घाटन किया गया। जिसमें सभी गांव के लोगों को एचआईवी, सिफीलिस, हेपेटाइटिस, बी,सी एवं टीबी, की स्क्रीनिंग कर 158 लोगों जांच की गई।एचआईवी रिएक्टिव, वन क्लाइंट हेपेटाइटिस बी टू क्लाइंट हेपेटाइटिस सी वन क्लाइंट टीबी सिम्टम्स पाए गए साथ ही एसटीआई एवं जनरल दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत गांव के लोगो को एचआईवी एड्स के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ मोहम्मद हसन - चिकित्सा अधिकारी डॉ हरि निवास यादव- चिकित्सा अधिकारी नाथन सिंह - फार्मासिस्ट सुषमा सिंह पीपीटीसीटी काउं. सलर (डब्ल्यू डी एच) रेशमवती आईसी टी सी काउंसलर सीएचसी उझानी शनि दुबे पीएम लोक स्मृति सेवा संस्थान सौरभ सक्सेना लैब टेक्नीशियन उझानी हनी सक्सेना एमएंडई लोक स्मृति सेवा संस्थान शिवम गुप्ता रिषभ कुमार चंद्रकेश लैब टेक्नीशियन आशा रजनी देवी एवं ममता देवी आंगनवाड़ी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 8 सितम्बर को होगा संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार 06 व 07 सितम्बर 2025 को जनपद में प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसको दृष्टिगत रखते हुए 08 सितम्बर 2025 सोमवार को जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में प्रातः 10:00 बजे से तहसील दातागंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे व आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

# डीएम ने किया पीईटी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व सम्बंधित केन्द्र व्यवस्थापकों व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शनिवार को प्रथम पाली में पंजीकृत 9840 अभ्यर्थियों में से 7370 ने तथा द्वितीय पाली में पंजीकृत 9840 अभ्यर्थियों में से 7462 ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि जनपद में परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन कराया गया। 07 सितंबर 2025 को भी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। डीएम ने मदर एंथेना स्कूल, जीलॉट पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर व लॉर्ड कृष्णा स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां सीसीटीवी से की जा रही।

मॉनिटरिंग का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल, शौचालय, पार्किंग आदि विभिन्न व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सुचिता पूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मा0 आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मा0 आयोग की मंशा के अनुरूप परीक्षा को संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 07 सितंबर 2025 को भी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पीईटी परीक्षा जनपद में 06 एवं 07 सितम्बर 2025 को आयोजित परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न कराई जा रही है, जिसमें प्रथम पाली प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 से 05:00 बजे तक निर्धारित है। इस परीक्षा में कुल 39,360 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे, जिनके लिए जिले में 24 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इस अवसर पर विभिन्न अधिकारी, परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक आदि मौजूद रहे।

# बिजली की लाइन काटने को लेकर हुई मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव परसुरा और कमालपुर के बीच में एक सरकारी नलकूप बना हुआ है गांव के लोगों ने बताया की शुक्रवार रात करीब एक बजे गांव कमालपुर निवासी भान सिंह ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया की उनका भतीजा मुनीश पुत्र रामनिवास गांव गिधौल के पास बने सरकारी टूबैल से सिंचाई कर रहा था तभी गांव का हिस्ट्रीशीटर ,दुर्विजय, धर्मपाल नंदकिशोर तस्वीर अननू अपने धान की फसल की सिंचाई करने के लिए कटिया डालना चाहा रहे थे जिससे पीड़ित के नलकूप की विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही थी पीड़ित के भतीजे ने उक्त आरोपियों से बिजली लाइन पर कटियां डालने को मना कर दिया इसी बात को लेकर उक्त आरोपी गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार लाठी डंडों मारपीट करने लगे चीख पुकार सुनकर गांव के दर्जनों लोग घटना की ओर दौड़ पड़े वैसे ही मारपीट कर रहे हिस्ट्रीशीटर समेत दबंग लोग हाथों में तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए पीड़ित के परिजन घायल अवस्था में एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने घायल की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर बरेली रेफर कर दिया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है पीड़ित के चाचा भान सिंह की तहरीर पर पुलिस ने छः लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है लेकिन अभी तक दबंग हिस्ट्रीशीटर दुर्विजय गांव में दहशत फैला रहा है हिस्ट्रीशीटर दुर्विजय समेत सभी आरोपी खुलेआम गांव मे घूम रहे शिकायतकर्ता ने बताया है कि वह पुलिस की सांठगांठ के चलते मुकदमे में फैसले का दवाव बना रहे हैंग्रामीणों के मुताबिक हिस्ट्रीशीटर का वेटा कल्लू गिरोह का सरगना था गिरोह चलाता था। 25000रुपये का उसपर पर इनाम था वर्ष 2019 में पुलिस ने कादरचौक के जंगल से मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया था इन दोनों वह जेल में बंद है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष मान बहादुर सिंह ने बताया उक्त ममले में दुर्विजय हिस्ट्री शीटर शीट खुली हुई है उसके समेत 6 लोगों पर जानलेवा हमला बलवा जैसी गंभीर धाराओ प्राथमिक की दर्ज की गई है आरोपीयों जल्द गिरफ्तार पर जेल भेजा जाएगा पीड़ित बरेली निजी अस्पताल में गंभीर हालत मे इलाज करा रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत

**राजीव सक्सेना,शाह टाइम्स**

**उघैती।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई।महिला की मौत से परि. जनों कोहराम मच गया। महिला की मौत की सूचना पर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

उघैती थाना क्षेत्र के गांव रफतपुर बंजारा के मजरा रहटनी निवासी धर्मेंद्र यादव की पत्नी नीरज (36) संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों को कोहराम मच गया। महिला की मौत की सूचना मिलने के बाद पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने मौके पर पहुंच कर हंगामा कर दिया।मायके पक्ष के लोगों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया।घटना की सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। महिला की शादी 20 वर्ष पहले धर्मेंद्र के साथ हुई थी। जिसमें धर्मेंद्र से महिला के तीन बच्चे हैं जिसमें दो लड़की व एक लड़का है लड़की मनु (16)संध्या (12)लड़का अखिल (14)वर्ष का है।महिला की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया महिला की मौत की सूचना मिली थी।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।फिलहाल तहरीर नहीं मिली है तहरीर आने पर अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षक दिवस पर कवि शिव कुमार शर्मा 'अमन' सम्मानित

**कैलाश भारती,शाह टाइम्स**

**इस्लामनगर।** आर.एम. पब्लिक स्कूल में सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस एवं ईद मिलादुनबी को मनाया। शिक्षा व्यक्ति में मनुष्यता लाती है। जमशेद अली मनुष्यता से देवत्व को धारण करने को कहते हैं। कैलाश भारती शिक्षा को जीवन ज्योति कहते हैं।

शिव कुमार शर्मा अमन विद्या ददाति विनयम का उद्‌बोधन करते हैं। उदयभान सिंह कहते हैं तहजीब, तालीम, तरबियत का संगम मनुष्य में जीने का हुनुर पैदा करता है। फरहत नसरीन कहती हैं शिक्षक सत्य की राह पर चलना सिखाते हैं, जीवन के संघर्षो से लड़ना सिखाते हैं, नमन है उन सभी शिक्षको को जो हमें ईमानदारी से जीना सिखाते हैं। आर. ए. एम. पब्लिक स्कूल में भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति महान शिक्षा विद् सर्वपल्ली राधा कृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में छात्र छात्राओ एवं अध्यापकों ने मनाया। विद्यालय प्रबन्धक शायर जमशेद अली ने नगर के लोकप्रिय विभूतियों को प्रतीक चिन्ह, डायरी, लेखनी एवं शाल उड़ाकर सम्मानित किया। तथा इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरतमुहम्मद साहब का जन्म दिवस भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। स्कूल के बच्चो व शिक्षको ने डा० सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए मनुष्यता पर जोर दिया तथा



वक्ताओ ने देश धर्म सिखाया और शिक्षा ग्रहण करने की वकालत की। रियासत अली मैमोरियल स्कूल के प्रधानाचार्य फरहत नसरीन ने शिक्षा को ही असली गहना बताया। उन्होंने कहा धातुओ के बने गहने झूठे है। संसार का सबसे सुंदर गहना शिक्षा ही है।

सभी देशवासियो से अपील की, कि विद्या दान ले और विद्या दान दे। शिक्षा माफियो पर सरकार शिकंजा कसे। विद्यालय प्रबन्धक जमशेद अली ने शिक्षा के मंदिर व गुरूओ को ब्रह्मा-बिष्णु- महेश बताया। उन्होने कहा संसार में असली रचनाकार शिक्षक है।

शिक्षक दिवस के पावन अवार पर विद्यालय के तमाम छात्र -छात्राओ ने अपने गुरूओ को पाठ्य सामग्री से सम्मानित किया। और गण मान्य लोगो सहित शिक्षको को अपनी अपनी शेर शायरी से विभूषित किया। शिक्षा, साहित्य, संस्कृति- इससे होंती है उन्नति। पढ़ो और पढ़ाओ जीवन जगमगाओ। भारत में महारत, शिक्षा ही इबादत।

# किशोरी से दुष्कर्म करने वाला राशिद गया जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी शनिवार को जब थाने की हवालात से निकला तो वह पुलिस कर्मियों के सहारे निकला। जिसे देख लोगों ने उसे कड़ी से कड़ी सजा की बात कहने लगे। पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक 12 वर्षीय किशोरी के पेट में कई दिनों से दर्द हो रहा था। उसके भाई ने उसे गांव के ही एक डॉक्टर से दवा दिलायी, लेकिन दर्द में आराम नहीं हुआ। जिसपर गुरुवार को उसका भाई कस्बे के एक निजी अस्पताल के डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर की सलाह पर किशोरी का अल्ट्रासाउंड कराया गया तो उसके छह महीने के गर्भवती होने की बात सामने आयी। जब किशोरी



के भाई ने उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि आठ माह पूर्व उसके पड़ोस में ही रहने वाला दो बच्चों का पिता राशिद पुत्र खलील उसे बेल का फल देने के बहाने अपने घर ले गया। जहां उसने उससे दुराचार कर उसकी अश्लील वीडियो बना ली, और किसी से शिकायत करने पर उसके परिवार वालों की हत्या करने की धमकी दी। जिसके बाद वह उसे धमका कर उससे कई माह तक दुष्कर्म करता रहा। उसका भेद खुलने के बाद किशोरी के भाई ने उसके खिलाफ थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। वहीं किशोरी की हालत बिगड़ने पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा तो उसने वहां बच्चे को जन्म दिया था। लेकिन जन्म के कुछ देर बाद ही बच्चे की मौत हो गयी थी।

शनिवार को पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी राशिद को पकड़ लिया। जब वह थाने से निकला तो वह लंगड़ाता हुआ निकला। वह पुलिस कर्मियों का सहारा लेकर लंगड़ाता हुआ निकला, जिसे देखकर लोगों ने उसे कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की बात कही। पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

# मन्दिर के पुजारी के साथ मारपीट करने वाले दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट

**■ मन्दिर छोड़कर चले जाने की चेतावनी**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कोतवाली के बगल में स्थित हनुमान गड़ी मंदिर की दुकानों पर कब्जा करने को लेकर मन्दिर के दो धड़ों में खींचतान मची है।

दो दिन पहले कस्बे के एक युवक ने एक युवक के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी तो कल शुक्रवार को मन्दिर के पुजारी वावा सुखराम दास ने जवाबी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए तीन युवकों पर मन्दिर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

मन्दिर के पुजारी वावा सुखराम दास द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कस्बे के गांधी टोला के रहने वाले आदर्श विभु गुप्ता, रामकिशोर और राजीव वर्मा पर 30 अगस्त की सुबह 11 बजे मंदिर में घुस आए और पुजारी के साथ मारपीट की। आरोप है कि तीनों ने उन्हें मन्दिर छोड़कर चले जाने की धमकी भी दी।

पुजारी ने आगे किसी भी तरह की अपने साथ होने वाली घटना के लिए तीनों को ही जिम्मेदार बताते हुए उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक दिन पहले आदर्श विभु गुप्ता ने कस्बे की गांधी टोला के रहने वाले मनोज गुप्ता पुत्र जगदीश चन्द गुप्ता के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## एक नजर

### श्मशान भूमि के अध्यक्ष पद का चुनाव आज, दो दावेदारों के बीच सीधा मुकाबला

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कस्बा नवाबगंज की श्मशान भूमि कार्यकारिणी का चुनाव आज रविवार को किया जाएगा। कार्यकारिणी में जहां सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव हो गया तो अब मात्र अध्यक्ष पद पर सीधा मुकाबला होगा।

49 सदस्यों वाली शमशान भूमि में अध्यक्ष पद पर व्यापारी नेता प्रेम प्रकाश रस्तोगी और सुरेंद्र कुमार सक्सेना के बीच सीधा मुकाबला होगा। रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक होने वाले मतदान में 49 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दसे बजे तक शमशान भूमि कार्यालय पर होने वाले मतदान के बाद 3 बजे मतगणना होगी। शमशान भूमि के अध्यक्ष पद के इस चुनाव में दिग्गज नेताओं ने अन्दर ही अन्दर लोगों से कहना शुरू कर दिया है, तो दूसरी ओर दोनों ही प्रत्याशियों ने मतदाताओं के घर घर जनसंपर्क कर वोट मांगे।

### क्षेत्र पंचायत की बैठक 16 सितम्बर को, खण्ड विकास अधिकारी ने जारी किया एजेंडा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** नवाबगंज क्षेत्र पंचायत की बैठक 16 सितम्बर को दोपहर डेढ़ बजे होगी। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बैठक में क्षेत्र के विकास को लेकर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। खण्ड विकास अधिकारी ने बैठक का एजेंडा जारी करते हुए सभी ग्राम प्रधानों, जिला पंचायत सदस्यों के साथ ही जनप्रतिनिधियों को बैठक में भाग लेने की अपील की है।

### गणित के सवालों ने उलझाया हिंदी ने दी राहत



**परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों ने बताया कैसा रहा पेपर**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की ओर से आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) शनिवार को बरेली जिलेभर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिले में बनाए गए कुल 45 केंद्रों पर हजारों की संख्या में अभ्यर्थियों ने यह परीक्षा दी, लेकिन परीक्षा के स्तर और केंद्रों की दूरी ने कई अभ्यर्थियों को परेशान किया। सुबह की पहले दिन पहली पाली में पंजीकृत 20880 अभ्यर्थियों में से 16205 शामिल हुए। 4675 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में भी 20880 में से 16076 ने परीक्षा दी और 4804 अनुपस्थित रहे। इस हिसाब से पहली पाली में 77.61 व दूसरी में 76.99 प्रतिशत अभ्यर्थि परीक्षा में शामिल हुए।

प्रारंभिक अर्हता परीक्षा दो पालियों में कराई गई। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चली, जबकि दूसरी दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा शुरू होने से काफी पहले ही केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच, कड़ी तलाशी के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया गया।

परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों के चेहरों पर मिला-जुला भाव था। अधिकांश परीक्षार्थियों ने बताया कि परीक्षा का स्तर सामान्य से थोड़ा ऊपर था। बरेली कॉलेज के एक केंद्र से बाहर निकले अमित कुमार ने बताया कि पेपर में गणित के सवाल काफी उलझाने वाले थे। उन्हें हल करने में काफी समय लगा, जिससे समय प्रबंधन में दिक्कत आई। वहीं, कुछ अन्य ने भी इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि गणित के सवालों ने उनका काफी समय खाया।

हालांकि, गणित के सवालों ने जहां अभ्यर्थियों को उलझाया, वहीं हिंदी के सवालों ने उन्हें राहत भी दी। प्रयागराज से आए सूरज सिंह ने बताया कि हिंदी के प्रश्न काफी सरल थे। उन्हें हल करने में बिल्कुल भी मुश्किल नहीं हुई और यह स्कोरिंग सेक्शन जैसा लगा। इसी तरह, सामान्य ज्ञान और अन्य विषयों के प्रश्न भी संतुलित बताए गए।

परीक्षा केंद्रों के आवंटन को लेकर अभ्यर्थियों में काफी निराशा देखने को मिली। कई अयोध्या, प्रयागराज और अन्य दूर-दराज के जिलों से बरेली परीक्षा देने आए थे। अयोध्या से आए विवेक शर्मा ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सरकार ने इस बार परीक्षा केंद्र बहुत दूर बना दिए हैं। इस वजह से न केवल यात्रा का खर्च और समय बढ़ा, बल्कि कई ऐसे दोस्त भी थे जिन्होंने इतनी दूर आने की परेशानी के कारण परीक्षा छोड़ दी। उन्होंने सरकार से मांग की कि अगली बार परीक्षा केंद्र गृह जिले के आसपास ही बनाए जाएं ताकि सभी को परीक्षा देने का समान अवसर मिल सके।

फैजाबाद से आए प्रमोद ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वालों के लिए पेपर आसान था, हिंदी के प्रश्न तो कॉफी सरल थे, लेकिन गणित ने थोड़ी देर उलझाएं रखा। अयोध्या के पंकज वर्मा ने कहा कि बैंक की तैयारी कर रहा हूं तो पेपर ज्यादा कठिन नहीं लगा। गणित में एक प्रश्न ने थोड़ा परेशान किया था, लेकिन समय रहते उसे भी हल कर लिया।

पीलीभीत की राखी ने कहा कि परीक्षा की तैयारी अच्छी तरह से की थी, इसलिए ज्यादा परेशानी नहीं हुई , लेकिन गणित के सवालों को हल करने में कॉफी परेशानी हुई। बदायूं के इंशील खान बताया कि समय रहते परीक्षा पूरी कर ली थी, लेकिन सामान्य ज्ञान और गणित के प्रश्नों को हल करने सबसे अधिक समय लगा। कुल मिलाकर परीक्षा ठीक हुई।

### बरेली में नए रूप में शुरू होगी पुरानी जिला जेल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** कचहरी के पास स्थित पुरानी जिला जेल जल्द ही नए रूप में शुरू होगी। इसके जीर्णोद्धार का काम पूरा हो गया है। दो माह पहले शासन ने जेल अधीक्षक आलोक शुक्ला, जेलर आनंद कुमार और सुशील कुमार वर्मा की तैनाती भी कर दी है। दोनों जेलर बिथरी जेल में वरिष्ठ अधीक्षक विपिन मिश्रा के सहयोग में ड्यूटी कर रहे हैं। इधर, अधीक्षक आलोक शुक्ला अधिकारियों के यहां चक्कर लगा रहे हैं। दो माह में उन्होंने न तो कहीं तैनाती योगदान दिया है, न ही बिथरी जेल परिसर में कोई आवास लिया है। पुरानी जिला जेल को कंडम घोषित कर कुछ साल पहले बिथरी में नई जेल बनाई गई थी। यह जेल अब जिला जेल के साथ ही सेंट्रल जेल टू के रूप में संचालित है। इसके बाद शासन ने पुरानी जिला जेल का जीर्णोद्धार कर दोबारा संचालित करने का निर्णय लिया, जो अब साकार होने जा रहा है। सिर्फ आवासों की मरम्मत बाकी है। दरअसल जब जिला जेल बिथरी शिफ्ट हुई तो डीएम ने यहां के आवास पुलिस व पीएसी कर्मियों के लिए आवंटित कर दिए थे। नए अधीक्षक ने गुरुवार को एसएसपी से मुलाकात कर आवास खाली करवाने का अनुरोध किया है। एसएसपी ने इसका भरोसा दिया है। जेल अफसरों के मुताबिक, नई जिला जेल चालू होने के बाद बिथरी जेल के सभी विचाराधीन बंदी यहां शिफ्ट किए जाएंगे। विचाराधीन महिला बंदी भी यहीं आ जाएंगी। इस लिहाज से रात में जेल से रिहाई होने पर सुरक्षा को लेकर खतरे की गुंजाइश नहीं होगी। साथ ही, रोज पेशी के लिए दौड़ने वाले वाहनों का ईंधन बचेगा। वकीलों, मुलाकातियों की परेशानी भी खत्म होगी। अभी उन्हें करीब 15 किमी दूर सुनसान इलाके की जेल तक जाना पड़ता है। नई जिला जेल बनने के बाद दोनों सेंट्रल जेल में केवल सजायाफ्ता कैदी ही रहेंगे। अफसरों के मुताबिक इज्जतनगर स्थित सेंट्रल जेल एक में बदायूं, रामपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर व देवबंद जेल के सजायाफ्ता कैदी रहेंगे। बिथरी स्थित सेंट्रल जेल टू में शाहजहांपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद व सीतापुर जेल के दोषसिद्ध कैदी रहेंगे। बरेली की सजायाफ्ता महिला कैदी लखनऊ की नारी निकेतन भेजी जाएंगी।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि नई जिला जेल जल्दी शुरू होगी।

# ईद मिलादुन्नबी पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव ने किया शरबत वितरण



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** नगर में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। इस दौरान शुक्रवार की सुबह लोगों ने फातिहा ख्वानी के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। धार्मिक स्थलों और घरों को सजाया गया था। जुलूस शिमला जनरल स्टोर से शुरू होकर कोतवाली पुराना रोड, बेज ट्रक यूनियन रोड, पंजाबी कॉलोनी, होली चौराहा, मोहल्ला गोदाम और माथुर रोड होते हुए वापस शिमला जनरल स्टोर पर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान ष्सरकार की आमद मरहबाष के नारों की गूंज सुनाई दी।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत उत्तर प्रदेश उत्तराखंड (तराई क्षेत्र) के प्रदेश सचिव दानिश बाबा ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम पंजाबी कॉलोनी रोड स्थित पावर हाउस के निकट आयोजित किया गया था। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश मीडिया प्रभारी अजीत चौधरी, समीर बेग, शोएब रजा और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

जुलूस में एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, सीओ अरुण कुमार और कोतवाल संजय तोमर सहित पुलिस बल मौजूद रहा। यह आयोजन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# पिता-पुत्र विवाद हिंसक रूप में तब्दील, बुजुर्ग दंपत्ति सड़क पर बेघर

**■ बुजुर्ग दंपति ने एसएसपी से शिकायत कर लगाई मदद की गुहार**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में एक गंभीर पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया है, जिसमें एक बुजुर्ग दंपत्ति सड़क पर भटकने को मजबूर हैं। आशिक हुसैन पुत्र रहमत हुसैन निवासी अगरास ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली को प्रार्थना पत्र देकर अपने साथ हुई मारपीट और उत्पीड़न की घटना की शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

आशिक हुसैन ने एसएसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीती 30 अगस्त को दोपहर में उनके सगे पुत्र सज्जाद हुसैन व सादिक हुसैन अपनी पत्नियों (खुशबू व रबीना) के साथ उनके पास आए। उनका उद्देश्य उनके नाम की संपत्ति अपने नाम करने के लिए दबाव डालना था। जब आशिक हुसैन ने सख्ती से मना किया कि वे अपनी संपत्ति जीवित रहते किसी को नहीं देंगे, तो आरोपित पुत्र गुस्से में उनके कमरे में घुस आए, और उनके साथ-साथ उनकी पत्नी इस्लामन पर बेरहमी से हमला कर दिया।

इस हमले में आशिक हुसैन एवं उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आईं। इसके अलावा, रबीना ने उनके जेब से 367 रुपये भी छीन लिए। आशिक हुसैन ने यह भी आरोप लगाया कि उनके अन्य पुत्र राशिद हुसैन व आसिफ हुसैन को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही है।

वर्तमान में पीड़ित बुजुर्ग आशिक हुसैन और उनकी पत्नी इस्लामन सुरक्षित आश्रय के बिना सड़क पर जीवन यापन करने को मजबूर हैं। आशिक हुसैन ने बताया कि उन्होंने थाना फतेहगंज पश्चिमी में बीती 30 अगस्त को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बरेली से तत्काल संज्ञान लेकर उचित कानूनी कार्यवाही करने और पीड़ित बुजुर्ग दंपत्ति को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने की अपील की गई है।

### एक सप्ताह बाद भी पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

बुजुर्ग दंपत्ति आशिक हुसैन और इस्लामन को दबंग बेटों और उनकी पत्नियों ने बीती 30 अगस्त को मारपीट कर घर से निकाल दिया था। बुजुर्ग दंपत्ति ने उसी दिन थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस को मामले की तहरीर सौंप दी थी, और वह लगातार स्थानीय पुलिस से रिपोर्ट दर्ज करने की मांग कर रहे हैं, मगर पुलिस ने एक सप्ताह बाद भी उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की, जो पुलिस की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल है।

### बुजुर्ग दंपत्ति सड़क पर भटकने को मजबूर

बुजुर्ग दंपत्ति आशिक हुसैन और इस्लामन को दबंग बेटों ने जब से मारपीट कर घर से निकाला है, तब से वह इधर-उधर भटक रहे हैं, कभी सड़कों पर तो कभी रिश्तेदारों में रूक जाते हैघं। बुजुर्ग दंपत्ति पुलिस से लगातार न्याय की गुहार लगा रहे हैं, मगर पुलिस ने मदद करना तो दूर रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की है। जिससे दोनों दबंगों के हौसले बुलंद हैं, लगाकर दबंग बुजुर्ग दंपत्ति को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जिससे परेशान होकर शनिवार को बुजुर्ग दंपत्ति ने एसएसपी दफ्तर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

### बाढ़ का पानी कम हुआ मगर खतरा अभी भी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** किच्छा, देवहा, रामगंगा समेत अन्य नदियों के पानी में कमी आई है। उसके बाद भी कई गांवों में खतरा कम नहीं हुआ है। जिले के सैकड़ों गांवों में पानी भरा हुआ है। वहीं, तमाम जगहों पर कटान जारी है। प्रशासन की ओर से गांवों में दौरा करने के साथ ही लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने की अपील की जा रही है। बाढ़ खंड का दावा है कि रामगंगा अब खतरे से ढाई मीटर दूर बह रही है। भदपुरा की ग्राम पंचायत जरपा मोहनपुर गांव देवहा नदी में सैलाब आने के बाद से चारों तरफ से पानी से घिरा हुआ है। एसडीएम नवाबगंज उदित पवार, नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह लेखपाल के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम को लेकर गांव पहुंचे। यहां डॉ. अंशुमान पटेल ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित कीं।

# ईद मिलादुन्नबी पर बहेड़ी में 15 सौ साला धूमधाम से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** नगर में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। इस अवसर पर धार्मिक स्थलों और घरों को बेहत. रीन तरीके से सजाया गया था। शुक्रवार की सुबह लोगों ने फातिहा ख्वानी कराकर हुजूर मोहम्मद मुस्तफा सललल्लाहो अलैह वसल्लम की आमद का जश्न मनाया। इस अवसर पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

जुलूस नैनीताल रोड स्थित शिमला जनरल स्टोर से शुरू होकर कोतवाली पुराना रोड, बेज ट्रक यूनियन, पंजाबी कॉलोनी, होली चौराहा, मोहल्ला गोदाम और माथुर रोड होते हुए शिमला जनरल स्टोर पर समाप्त हुआ। इस दौरान ष्सरकार





की आमद मरहबाष के नारों से बहेड़ी नगर गूंज उठा। यह है हमारे नबी की शान बच्चा बच्चा है कुर्बान, नारों से गलियां गूंज उठीं।

नगर की सभी मस्जिदों में मीलादे पाक की महफिलें सजाई गई और रसूले पाक की आमद का जश्न मनाया गया। मस्जिदों में जोहर की नमाज का वक्त 3 बजे किया गया था,

नगर के मोहल्ला बाजार वाली मस्जिद में कारी अतीक रजा, मोती मस्जिद में हाफिज अनवार अहमद कादरी और पंजाबी कॉलोनी स्थित कादरी मस्जिद में शेरे कादरियत मौलाना मुख्तार अहमद का खुसूसी खिताब हुआ। उन्होंने दोनों आलम के लिए रहमत बनकर आए अल्लाह के आखिरी नबी के तशरीफ लाने के बारे में बताया।

फातिहा के बाद लोगों ने जुम्मे की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में गए। नमाज के बाद मस्जिदों में देश की सलामती की दुआ की गई। इस अवसर पर पूरा नगर रोशनी से जगमगा उठा और लोगों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर जश्न मनाया,

जुलूस के दौरान एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव, सीओ अरुण कुमार, कोतवाल संजय तोमर सहित पुलिस बल मौजूद रहा

# डीएम ने जनसुनवाई में आने वाली शिकायत के क्रम में अस्पताल कराया सील

**■ भोजीपुरा के एक प्राइवेट अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान घोर लापरवाही की थी शिकायत**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शनिवार को डीएम अविनाश सिंह के समक्ष जनसुनवाई के समय एक महिला व उसका पति प्रस्तुत हुआ, जिसके द्वारा अवगत कराया गया कि प्रार्थी ताहिर खान पुत्र लियाकत खान निवासी दहिया भोजीपुरा, थाना भोजीपुरा का निवासी है। उनकी पत्नी गर्भवती होने के कारण डिलीवरी होने के समय पर ए वन हॉस्पिटल निकट प्लाईवुड फैक्ट्री नैनीताल रोड भोजीपुरा में विगत 03 जून 2025 को भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने प्रार्थी की पत्नी का ऑपरेशन करके डिलीवरी करने को बताया, उक्त ऑपरेशन में डॉक्टरों की लापरवाही के चलते प्रार्थी के बच्चे की ऑपरेशन के दौरान मृत्यु हो गयी, प्रार्थी की पत्नी के पेट (गर्भाश्य) से मृत बच्चे को निकाल कर पेट को सिल दिया तथा पांच दिनों तक अपने हॉस्पिटल में ही भर्ती रखा, तत्पश्चात प्रार्थी की पत्नी की डॉक्टरों द्वारा छुट्टी कर दी गयी।

प्रार्थी अपनी पत्नी को लेकर घर आ गया। जहां से उपचार से आराम न मिलने के कारण व पेट में लगाये गये टांकों से पस व यूरिन मार्ग से ब्लड व पस आने लगा। जब प्रार्थी अपनी पत्नी को लेकर उक्त हॉस्पिटल पहुँचा तब डॉक्टरों ने प्रार्थी की पत्नी का अल्ट्रासाउण्ड गणेश डायग्नोस्टिक डॉक्टर लोकेश गोयल डेलापीर पेट्रोल से पहले, केयर अस्पताल के सामने स्टेडियम रोड, बरेली में तथा सीटी स्केन शुभ डायग्नोस्टिक्स डा. राशि राठौर तुला शेरपुर पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली के यहाँ कराये थे। जहां जांच की रिपोर्ट से जानकारी हुई कि ऑपरेशन होने के पश्चात गोचपीच (ब्लड सफाई का कपड़ा) ऑपरेशन के लापरवाही के चलते प्रार्थी की पत्नी के पेट में ही छोड़कर पेट की सिलाई कर दी, जिससे प्रार्थी की पत्नी के पेट में लगे टांकों से पीप व गर्भाशय में गंभीर संक्रमण फैल गया।

प्रार्थी ने उक्त गर्भाशय के गंभीर संक्रमण व डॉक्टरों द्वारा ऑपरेशन में लापरवाही की शिकायत ए वन हॉस्पिटल के मालिक शहवाज से की, तथा उक्त ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों का नाम पूछा तो उक्त हॉस्पिटल मालिक आग बबूला हो गया, तथा डॉक्टरों का नाम बताने को तैयार नहीं हुआ। उल्टा अभद्र भाषा का प्रयोग कर वहां से भगा दिया। प्रार्थी ने अपनी पत्नी का इलाज बीसलपुर रोड स्थित अन्य प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जहां अत्याधिक संक्रमण बच्चेदानी में फैलने के कारण डॉक्टर द्वारा दौरान ऑपरेशन कर बच्चेदानी निकाल दी व गोचपीच (ब्लड सफाई का कपड़ा) को पेट से निकाला गया, जिसकी वीडियों क्लीप भी प्रार्थी के पास मौजूद है। जिसपर डीएम के निर्देशों के क्रम में ए वन हॉस्पिटल के डॉक्टरों व उक्त हॉस्पिटल के मालिक के ऊपर घोर लाप. रवाही बरतने के क्रम में मुकदमा पंजीकृत हुआ, तथा मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा गठित टीम द्वारा अस्पताल में छापा मारकर अस्पताल सील करवाने की कार्यवाही की गयी है। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. लईक अहमद अंसारी तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. शैव्या प्रसाद की दो सदस्यीय टीम गठित कर जांच की कार्यवाही करायी जा रही है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**■ पोषण ट्रैकर पर पुष्टाहार वितरण की फीडिंग 100 प्रतिशत करने के दिए निर्देश**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** मुख्य विकास अधिकारी देवयानी की अध्यक्षता में आज जिला पोषण समिति की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के सभी 0 से 05 वर्ष के बच्चों की वजन व लम्बाई की पोषण ट्रैकर पर फिडिंग की समीक्षा में फरीदपुर परियोजना की प्रगति असंतोषजनक पाये जाने पर स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिये। पोषण ट्रैकर पर पुष्टाहार वितरण की फीडिंग मात्र 35.46 प्रतिशत होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त किया साथ ही 100 प्रतिशत करने के निर्देश दिये गये। 410 आंगनबाड़ी केन्द्र जो प्रा०वि०/जू० विद्यालय से बाहर संचालित होते हैं उनमें गैस सिलेण्डर, रेगुलेटर व गैस चूल्हा की उपलब्धता कराने हेतु सभी सहायक विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सैम व मैम बच्चों का भौतिक सत्यापन करके संख्या सही करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिए गए। बैठक में वित्तीय वर्ष-2023-24 में 44 आगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण किया जाना था, जिसमें से 28 आगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण पूर्ण हो चुका है अवशेष 16 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण माह सितम्बर, 2025 में प्रत्येक दशा में पूर्ण करने हेतु सभी ए०डी०ओ० पंचायत को निर्देश दिए गए। विकास खण्ड रामनगर में लर्निंग लैब की प्रगति खराब होने से एडीओ पंयायत रामनगर का वेतन रो. कने का निर्देश दिए गए। आरईडी बरेली को सभी 468 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर माह सितम्बर 2025 में पानी टंकी लगाने का कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिए गए। सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी को प्रत्येक माह 10 वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण एवं 15 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने का निर्देश दिए गए। जिन परियोजनाओं में एफआरएस 76 प्रतिशत से कम है उन परियोजनाओं को अपनी प्रगति सुधार करने का निर्देश दिए गए।

बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास, अधिशासी अभियन्ता आरईडी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/ प्रभारी एनआरसी तथा समस्त सहायक विकास अधिकारी पं. मौजूद रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# 26 सितम्बर को होगा संतोष एकेडेमिया की छात्रवृत्ति परीक्षा

**पिलखुवा।** विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को पहचान और प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से संतोष ऐकेडेमिया आगामी 26 सितम्बर को जिला स्तरीय संतोष ऐकेडेमिया टैलेंट एग्जामिनेशन SATE का आयोजन करने जा रहा है। इस संदर्भ में गाजियाबाद स्थित आरडीसी सेंटर पर एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई।

इस अवसर पर संतोष ऐकेडेमिया के मुख्य परिचालन अधिकारी COO विक्की माहेश्वरी ने बताया कि यह परीक्षा कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए होगी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र के साथ साथ आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रत्येक कक्षा के लिए अलग-अलग पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। प्रथम पुरस्कार 50 हजार, द्वितीय पुरस्कार 40 हजार, तृतीय पुरस्कार 30 हजार इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर 100प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कुल छात्रवृत्ति राशि लगभग 50 लाख तक रहेगी। वहीं, विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में सहयोग करने वाले विद्यालय शिक्षकों को भी ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। माहेश्वरी ने परीक्षा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा 1 घंटे की होगी, जिसमें कुल 30 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का होगा। प्रश्नपत्र में गणित, भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान के साथ-साथ मानसिक क्षमता से संबंधित प्रश्न भी शामिल होंगे। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय MCQ होंगे और उत्तर ओ.एम.आर. शीट पर भरने होंगे। यह परीक्षा शहर के सभी प्रमुख विद्यालयों के साथ-साथ आरडीसी स्थित संतोष




ऐकेडेमिया सेंटर पर भी आयोजित होगी। उन्होंने आगे बताया कि पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 सितम्बर निर्धारित की गई है। परीक्षा का आयोजन 26 सितम्बर को होगा तथा परिणाम 20 अक्टूबर को घोषित किया जाएगा। एक प्रश्न के उत्तर में माहेश्वरी ने कहा कि संतोष ऐकेडेमिया अब गाजियाबाद में ही विद्यार्थियों को मेडिकल व इंजी. नियरिंग जैसी उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारे यहां अनुभवी एवं विशेषज्ञ फैकल्टी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दे रही है। इस कारण अब गाजियाबाद और आसपास के विद्यार्थियों को कोटा या अन्य शहरों में कोचिंग के लिए जाने की आवश्यकता नहीं है। इस अवसर पर संतोष ऐकेडेमिया के सेंटर हेड एडमिशन सुशील कुमार शर्मा तथा अध्यापकगण सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# गंगा में दिखा विशालकाय घड़ियाल, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे एक विशालकाय घड़ियाल दिखाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक विशाल. काय घड़ियाल गंगा किनारे धूप सेकता हुआ नजर आया। वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने उसका वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि घड़ियाल कुछ देर तक किनारे पर रहा और फिर अचानक गहरे पानी में उतर गया। इस दौरान एक व्यक्ति ने इसका वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिका. रियों ने बताया कि गंगा और इसके आसपास के इलाकों में घड़ियालों का दिखना असामान्य नहीं है, क्योंकि यह एक संरक्षित प्रजाति है।



उन्होंने यह भी बताया कि घड़ियाल बिना उकसावे के हमला नहीं करते। फिर भी, ग्रामीणों को सावधानी बरतने और नदी के पास जाते समय सतर्क रहने की सलाह दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने पहली बार इतने बड़े घड़ियाल को अपनी आंखों से देखा है, जिससे पूरे इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# जेएमएसआईटी में धूमधाम से हुआ गणेश विसर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएसआईटी कॉलेज में भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कॉलेज परिसर में 11 दिनों तक स्थापित रही गणेश प्रतिमा की पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद, एक भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक और कॉलेज स्टाफ शामिल हुए।

ढोल-ताशों और गणेश के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के नारों के साथ श्रद्धालुओं ने गणपति को विदा किया। इस अवसर पर, कॉलेज के अध्यक्ष राकेश सिंहल ने कहा कि गणेश उत्सव एकता, अनुशासन और हमारी सांस्कृतिक परंपराओं



को बनाए रखने का संदेश देता है। वहीं, महासचिव डा. हिमांशु सिंहल ने इस पर्व को सामूहिकता और एकजुटता का प्रतीक बताया। कॉलेज के निदेशक अनिरुद्ध बिस्वास ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में सांस्कृतिक चेतना की क्षमता और समाजसेवा की भावना को भी विकसित करते हैं। उन्होंने सभी को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। प्राचार्य प्रवीण गुप्ता ने गणेशोत्सव को सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न अंग बताया। पूरे कार्यक्रम का संचालन गौरव शर्मा, कैंपस मैनेजर ने प्रभावी ढंग से किया। इस दौरान छात्रों ने कई मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

# एनएचएआई के अवरोधकों के विरोध में लोगों का आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित चंडी मंदिर के सामने बने कट पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा लगाए गए अवरोधकों को स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं ने जोरदार विरोध के बाद बुलडोजर से हटवा दिया। इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए।

मौजूद लोगों का कहना है कि यह मंदिर दैनिक आने वाले हजारों भक्तों के लिए एक प्रमुख पूजा स्थल है। उनका तर्क है कि इस कट पर अवरोधक लगाने से आने-जाने में गंभीर असुविधा होगी और सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ेंगी। लोगों ने यह भी दावा किया कि इस मार्ग पर पहले कभी कोई दुर्घटना नहीं हुई है और प्राधिकरण की यह कार्रवाई



अनावश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसा कोई और प्रयास किया गया तो उनका आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। इस मौके पर अखिलेश मित्तल, मनीष माहेश्वरी, पवन तोमर, सुशील तोमर, यादराम, गुरमीत बंटी, पंकज, अकेला भगवान सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# महिलाओं की कार्यस्थल पर सुरक्षा की थीम कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को महिलाओं की कार्यस्थल पर सुरक्षा की थीम पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह के निर्देश पर यह कार्यक्रम नगरपालिका में स्थित कस्तूरबा विद्यालय में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित सेंटर मैनेजर ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के बारे में अध्यापकों और छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम यौन उत्पीड़न को परिभाषित करता है, जिसमें अनुचित प्रस्ताव, यौन व्यवहार और काम के लिए एक शत्रुतापूर्ण माहौल बनाना शामिल है। इस उत्पीड़न को रोकने के लिए,



हर जिले में एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया है। कोई भी पीड़ित महिला अपनी शिकायत इस समिति में दर्ज करा सकती है। सुरक्षित वातावरण अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और मैत्रीपूर्ण कार्यस्थल बनाना है, ताकि वे बिना किसी डर के काम कर सकें। इस कार्यक्रम में सेंटर मैनेजर सोनिया, परामर्शदाता रविता व रिंकी पैरामेडिकल ने महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

# एबीवीपी ने बाराबंकी में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में निकाली मशाल यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बाराबंकी के रामस्वरूप मेमोरियल विश्व. विद्यालय में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में हापुड़ में मशाल यात्रा निकाली। यह लाठीचार्ज विश्व. विद्यालय में बिना मान्यता के चल रहे एलएलबी कोर्स को लेकर हुए विवाद के बाद हुआ था।

यह मशाल यात्रा तहसील चौराहे से शुरू होकर नगर पालिका पर समाप्त हुई। कार्यकर्ताओं ने इस घटना को छात्रों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया। उनका कहना था कि पुलिस ने निर्दोष छात्रों पर लाठियां बरसाईं, जो पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। एबीवीपी ने इस




घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। जिला संयोजक आकाश शर्मा ने कहा कि अगर छात्रों की आवाज को दबाने की कोशिश की गई, तो एबीवीपी एक बड़ा आंदोलन शुरू करेगी। इस विरोध प्रदर्शन में सागर कौशिक, तुषार भारद्वाज, अंजली मिश्रा, अमन ठाकुर और अनुज वर्मा समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# पति को आत्महत्या के लिए उकसाने वाली पत्नी व उसके प्रेमी को सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत, एक पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में उसकी पत्नी और उसके प्रेमी को सजा दिलाई है।

14 मार्च 2016 में हापुड़ जिले के सिंभावली थाना क्षेत्र में, राशिदा ने अपने प्रेमी दिलशाद उर्फ दिल्लू के साथ मिलकर अपने पति अलाउद्दीन को आत्महत्या के लिए उकसाया। इस घटना के संबंध में थाना सिंभावली में मुकदमा अपराध संख्या 165/2016 धारा 306 आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के तहत मामला दर्ज किया गया था। 7 अप्रैल 2016 को पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। शनिवार को एडीजे प्रथम, हापुड़ के न्यायालय ने इस मामले में फैसला सुनाया। न्यायलय ने राशिदा और दिलशाद उर्फ दिल्लू को दोषी ठहराया गया। इस दौरान न्यायलय द्वारा दोनों को 5-5 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही प्रत्येक पर 10,000-10,000 रुपये का जुर्माना कुल 20,000 रुपये भी लगाया गया। इस मामले में पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान का महत्वपूर्ण प्रभाव देखा गया, जिसका उद्देश्य अपराधियों को कम से कम समय में सजा दिलाना है। हापुड़ पुलिस की गुणवत्तापूर्ण जांच और अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी के कारण यह सजा संभव हो पाई।

# हापुड़ पुलिस ने बचाई दो छात्राओं की परीक्षा, बनीं देवदूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में शनिवार को आयोजित पीईटी यानी प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा के दौरान एक दिल छू लेने वाली घटना सामने आई। बुलंदशहर से हापुड़ के एलएन पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र जा रही दो छात्राओं, शबनम और आशा, की स्कूटी अचानक खराब हो गई, जिससे वे संकट में फंस गईं। लेकिन, हापुड़ पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता ने न केवल उनकी परीक्षा बचाई, बल्कि एक नेक काम की मिसाल भी पेश की।

जब शबनम और आशा समय पर परीक्षा केंद्र पहुँचने की कोशिश कर रही थीं, तभी हाईवे पर उनकी स्कूटी खराब हो गई। परीक्षा का समय नजदीक था और वे असहाय महसूस कर रही थीं। इसी दौरान, थाना देहात प्रभारी विजय गुप्ता अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। उन्होंने छात्राओं को परेशान देखकर तुरंत अपनी गाड़ी रोकी और उनकी समस्या जानी। बिना समय गंवाए, उन्होंने दोनों छात्राओं को अपनी पुलिस गाड़ी में बैठाया और तेजी से परीक्षा केंद्र की ओर रवाना हो गए। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की वजह से शबनम और आशा समय रहते परीक्षा केंद्र पहुँच गईं और परीक्षा हॉल में प्रवेश कर सकीं। परीक्षा के बाद, पुलिस ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाई और उनकी खराब स्कूटी को ठीक कराकर उन्हें वापस भेजा। परीक्षा के बाद, शबनम और आशा ने भावुक होकर पुलिस का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, जब हमारी स्कूटी खराब हुई, तो हमें लगा कि हमारी सारी मेहनत बेकार



हो जाएगी। लेकिन, पुलिस हमारे लिए देवदूत बनकर आई। आज हमें एहसास हुआ कि वर्दी में सिर्फ सख्ती नहीं, बल्कि संवेदनशीलता भी होती है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि पुलिस का कर्तव्य सिर्फ अपराध रोकना नहीं, बल्कि लोगों की मदद करना भी है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य के लिए परीक्षा जैसे अवसर बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, और उन्हें गर्व है कि उनकी टीम ने छात्राओं की मदद की। हापुड़ पुलिस हमेशा जरूरतम. दों के साथ खड़ी है।

# आतिशबाजी व ढ़ोल-नगाड़ों के साथ हुआ गणपति विसर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा एवं ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आर्यनगर स्थित लालपार्क वाली गली में आयोजित 10 दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान गणपति बप्पा के भव्य विसर्जन के साथ हुआ।

माँ काली रूप के मनमोहक झाँकी दर्शन, ढ़ोल-नगाड़ों की गूंज और रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच श्रद्धालु बप्पा के जयकारों में झूम उठे। गुलाल के रंगों से सराबोर भक्तजनों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ विसर्जन यात्रा में भाग लिया। विसर्जन से पूर्व भगवान गणेश का विशेष पूजन एवं आरती परामर्श मंडल विद्वान पंडित आशुतोष शुक्ला के आचार्यत्व में



भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष पंडित के.सी. पाण्डेय 'काशी वाले', कार्यक्रम संयोजक पंडित मोक्ष शर्मा व पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

शोभायात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए फल, मिष्ठान, लस्सी और शरबत का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर महासभा अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित के.सी. पाण्डेय के साथ महामंत्री अनिशा सोनी पाण्डेय, कोषाध्यक्ष मित्र प्रसाद काफले, संरक्षक डा. वासुदेव शर्मा, मंत्री डा. करुण शर्मा, आचार्य देवी प्रसाद तिवारी, सहित बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल रहे।

# स्वदेशी अपनाने से मजबूत होगी देश की अर्थव्यवस्था : विभू बंसल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा चलाए जा रहे स्वदेशी अपनाओ अभियान के तहत शनिवार को जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने कहा कि स्वदेशी को अपनाना समय की मांग है। भारतीय उत्पादों के प्रयोग से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलेगा। महामंत्री अमित टांक ने कहा स्वदेशी सामान प्रत्येक भारतीय की पहचान है। इस पहचान को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने नगरवासियों से विदेशी सामान छोड़कर स्वदेशी उत्पादों के उपयोग का आहवान



किया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता, जिला सहसंयोजक विपुल अग्रवाल, नगर संयोजक अंकित गोयल, विश्व प्रकाश शर्मा, जिला मंत्री ललित मोदी, नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, उपाध्यक्ष नितेश तोमर, सभासद शिवकुमार, हिमांशु अग्रवाल, कमल कंसल और अखिलेश मित्तल उपस्थित रहे।

## एक नजर

# वरुण मिश्रा संभालेंगे हापुड़ सदर सीओ की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में कानून व्यवस्था को और बेहतर करने के उद्देश्य से एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्रों में कुछ बदलाव किए हैं। यह फेरबदल प्रशासनिक दक्षता और जिले में शांति बनाए रखने के लिए किया गया है।



एसपी ने गढ़मुक्तेश्वर के सीओ को वरुण मिश्रा को अब हापुड़ शहर का नया सीओ बनाया है। तो वही स्तुति सिंह जो पहले हापुड़ शहर की सीओ थीं, उन्हें अब गढ़मुक्तेश्वर का सीओ नियुक्त किया गया है। यह बदलाव शुक्रवार देर रात को किया गया। इसी के साथ सीओ राहुल यादव को सीओ ट्रैफिक की अपनी मौजूदा जिम्मेदारी के साथ-साथ, उन्हें अब आंकिक शाखा का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। ये बदलाव दिखाते हैं कि बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन गतिशील रूप से समायोजन कर रहा है। शुरुआती बदलावों में जितेंद्र कुमार को सीओ सिटी से सीओ ऑफिस में स्थानांतरित किया गया था और स्तुति सिंह को सीओ ऑफिस से सीओ सिटी बनाया गया था। हालांकि, देर रात जारी किए गए संशोधित आदेशों ने इन नियुक्तियों को बदल दिया।

# किशोर पर हमले की घटना, पिता ने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी में एक किशोर पर अज्ञात आरोपितों ने हमला कर दिया। घटना तब हुई जब पीड़ित किशोर ई-रिक्शा में कपड़ा लादकर घर लौट रहा था। रास्ते में कुछ आरोपितों ने उसका रास्ता रोककर गाली-गलौज की और मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलने पर पीड़ित के पिता अलीमुद्दीन ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित जांच शुरू की गई है। सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय सूचनाओं के आधार पर आरोपितों की शिनाख्त की जा रही है। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस ने मामले में कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# दुकान में चोरी करने वाले तीन चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने सबली गेट के पास स्थित दुकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी का बैटरा व अवैध चाकू बरामद किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा थाने के मुकदमा अपराध संख्या 557/25 धारा 305 बीएनएस का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को आनन्द विहार नाले के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से चोरी का बैटरा व अवैध चाकू बरामद हुआ है। चोरों की पहचान गुफरान उर्फ हट्टी पुत्र मोहम्मद फजले निवासी मोहल्ला रफीकनगर थाना हापुड नगर जनपद हापुड, अंसार पुत्र हनीफ वर्तमान निवासी गली न. 3 मजीदपुरा थाना हापुड नगर जनपद हापुड और अयान पुत्र आजाद उर्फ पप्पी निवासी रफीकनगर थाना हापुड नगर जनपद हापुड के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने दुकानदार में हुई चोरी का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

# जानलेवा हमला करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव सरुरपुर निवासी गुलबहार ने बताया कि वह किसी कार्य से बाहर गई थी। तभी उसका भतीजा वहां आया और उसकी बेटी के साथ गाली गलौज करने लगा। बेटियों ने उनका विरोध किया तो आरोपी ने उनकी बेटियों के साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जनता दरबार लगाकर सांसद ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने आज अपने कैंप कार्यालय प्रानपुर रोड तोपखाने पर जनता दरबार लगाकर जनता की समस्याएं सुनी और उनका निस्तारण किया।

सांसद नदवी ने क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सनी और कहा कि जितनी भी निधि आ रही है मैं उसको पूरे जिले में लग रहा हूं।

रोड और नालिया तो बनती रहेगी और जिले का विकास होता रहेगा परंतु आप सभी लोग क्षेत्र के जिम्मेदार लोग हैं और अपने क्षेत्र में बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें। अगर बच्चों की पढ़ाई आप लोगों ने अच्छे से कर दी तो आप यह समझने की आपको जो जिम्मेदारी मिली थी आपने उसको निभाया और अपने बच्चों को अच्छी तालीम दिलवाई। अच्छी तालीम मिलने से बच्चों का भविष्य बनेगा और जब हमारे जिले के बच्चे पढ़ लिख जाएंगे तो वह हमारे जिले का नाम रोशन करेंगे कोई कितना भी विकास कर दे परंतु शिक्षा के बिना भी विकास अधूरा रहता है।

सांसद नदवी ने आगे कहा कि मैंने अपने जिले में डिग्री कॉलेज बनाने के लिए पार्लियामेंट में भी मांग उठाई थी तथा शिक्षा मंत्री को भी लिखित में पत्र दिया था। मुझे उम्मीद है कि जल्द ही रामपुर जिले में कई डिग्री कॉलेज मिलेंगे तथा जिले की शिक्षा मे और सुधार आएगा कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। जनता दरबार में काफी बड़ी संख्या में लोग आए। इस दौरान मीडिया प्रभारी महबूब पाशा एडवोकेट , सरदार साहब सिंह कोटिया, सरदार रणजीत सिंह, सरदार गुरजीत सिंह, याकूब खान, अनीता यादव, प्रधान महीपाल सिंह यादव, बसंत सिंह, बदन सिंह यादव, राम बहादुर सागर, अतहर खान, अनस खान, डॉक्टर मकतब अहमद, ओवैस खान, हाफिज नूरी, अरशद अली, एडवोकेट कलवे अली, जुबेर अहमद, जमील सैफी, नासिर शेख, उस्मान पाशा, आसिफ अली, सगीर अहमद, तस्लीम पहलवान, नरेश यादव, उबेद एडवोकेट आदि लोग उपस्थित रहे।



# चौनपुर में धूमधाम से किया गया गणपति विसर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश जी की प्रतिमा को विधि विधान पूजन कर नदी में विसर्जन किया।तहसील क्षेत्र के ग्राम चौनपुर के ग्राम वासियों ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश जी की प्रतिमा को हाथ में लेकर गांव के निकट नदी तक पैदल यात्रा की और उसके बाद गणपति महाराज के मूर्ति का विसर्जन किया।विसर्जन के दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरिया के अगले वर्ष तो जल्दी आ के जयकारों के साथ चल रहे थे गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गणेश की मूर्ति विसर्जित की गई। श्रद्धालुओं ने बताया कि गणेश उत्सव महापर्व अब खत्म होने वाला है गणेश चतुर्थी के दिन गणपति विसर्जन किया जाता है।

गणेश उत्सव का हिंदू धर्म में खास महत्व है तथा गणेश उत्सव का पर्व दिनों तक चलता है 10 दिन भक्तों के साथ रहने के बाद बप्पा अपने धाम वापस लौट जाते हैं। गणपति विसर्जन के दौरान भक्त अगले साल बप्पा के फिर से आने की कामना करते हैं गणपति विसर्जन के दौरान ग्राम वासियों ने पूरे परिवार को एक साथ मूर्ति के सामने खड़े होकर फूल माला अगरबत्ती मोदक लड्डू और अन्य खाने के साथ अंतिम पूजा की आरती और हवन करने के बाद पूरे विधि विधान से गणपति विसर्जन किया गया। विसर्जन के बाद कढ़ी चावल का भी भंडारा किया गया। इस अवसर पर समस्त ग्राम वासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सतेंद्र गंगवार, केशो राम, मास्टर हरजेंद्र सिंह, इंजीनियर नरेंद्र गंगवार, सुमित गंगवार, शैलेन्द्र सिंह गंगवार, अवनीश कुमार, महेश चंद, अंशु गंगवार, जीवेन्द्र गंगवार, जमुना प्रसाद, विशेष कुमार आदि मौजूद रहे।



# डीएम व एसपी ने थाना गंज का किया औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ थानागंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। थाना प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाने में मौजूद सभी जब्त वाहनों की नीलामी करा दी गई है। वर्तमान में कोई भी वाहन नीलामी हेतु लंबित नहीं है। जिलाधिकारी ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि गैंगस्टर एक्ट सहित अन्य गंभीर अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए निरंतर प्रभावी विधिक कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुनें और उनका त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण करायें।

# महंत अवैद्यनाथ व दिग्विजय नाथ की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** विश्व हिन्दू महासंघ भारत, रामपुर के तत्वावधान में ग्राम राठौड़ा स्थित शनिदेव मंदिर के सामने एक भव्य एवं ऐतिहासिक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन हिन्दू हृदय सम्राट, गोरक्षपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ जी महाराज की 11 वीं पुण्यतिथि एवं पूज्य महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 56 वीं पुण्यतिथि पर हुआ। सभा में क्षेत्रभर से उमड़े श्रद्धालुओं और पदाधिकारियों ने महंत जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और समाज व राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

वातावरण जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री मेन विंग विष्णु रावत, व प्रदेश उपाध्यक्ष मातृशक्ति प्रकोष्ठ पुष्पा रावत ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूज्य महंत अवैद्यनाथ और दिग्विजयनाथ ने अपना जीवन राष्ट्रधर्म, सनातन संस्कृति और गौ-संरक्षण के लिए अर्पित कर दिया। विशिष्ट अतिथि मण्डल प्रभारी ऋषभ कश्यप, युवा प्रकोष्ठ मण्डल अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार भारती, किसान मजदूर प्रकोष्ठ मण्डल अध्यक्ष संजीव कुमार चौहान, व जिलाध्यक्ष ठाकुर मोनू सिंह चौहान ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि पूज्य महंतों का जीवन हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणादायी है। आयोजन एवं संचालन श्रद्धांजलि सभा का सफल संचालन पूनम सिंह जिलाध्यक्ष मातृशक्ति, रामपुर, योगेश सिंह यादव जिला अध्यक्ष रामपुर, सुनीता चौधरी जिला प्रभारी मातृशक्ति, सुरजीत चौधरी जिला प्रभारी, पवन कुमार जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ और अजय वर्मा जिलाध्यक्ष गौररक्षा प्रकोष्ठ के कुशल नेतृत्व में हुआ। विशेष उपस्थिति इस अवसर पर मुरादाबाद महानगर अध्यक्ष सोनू सुमन, उपाध्यक्ष प्रशांत गुर्जर, जिला मंत्री हेमराज सिंह, मूंढापांडे ब्लॉक अध्यक्ष तेजपाल सिंह, आशीष सागर, जिला उपाध्यक्ष अलका गौतम, जिला महामंत्री लक्ष्मी, मिलक तहसील अध्यक्ष आशा देवी, शोभना देवी, राधा रानी, अनिता पाल, रश्मि शर्मा, पूनम, नीलम समेत बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा प्रकोष्ठ एवं गौररक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा के अंत में सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि पूज्य महंत अवैद्यनाथ और महंत दिग्विजयनाथ के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्रधर्म, गौ-संरक्षण और सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहें।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/ रामपुर।** नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनेली पूर्वी नेशनल हाईवे स्थित ऋषि कृपाल स्कूल के निकट हाईवे पर बीती रात्रि लगभग 9:00 बजे किसी अज्ञात वाहन ने एक 35 वर्षीय युवक के टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंच गए संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे एक युवक पड़ा देख इसकी जानकारी गांव के लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस घटनास्थल में पहुंची और युवक की तलाशी लेने पर उसके हाथ पर पता लिखा हुआ था जिस पर लिखा था सालिक राम पुत्र नेतराम निवासी ग्राम परम का मझरा गांव पट्टी जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष के रूप में पहचान हुई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। सूचना पर परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए मृतक के परिजनों बताया मृतक शालिक राम का पत्नी के अलावा एक पुत्र भी है जिसकी उम्र लगभग 8 वर्ष है मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



# जिले के अधिकारियों के खिलाफ होगा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन बीएमसी सिंह के जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा रामपुर की समस्याओं को वन विभाग के मंडल अधिकारी मुरादाबाद को अवगत कराया व्हाट्सएप के माध्यम से फोन पर बात की रामपुर की समस्याओं को भी बताया। किसानों का हो रहा उत्पीड़न अवैध तरीके से माफियाओं को काटन कर रही वन विभाग की टीम सभी के संज्ञान में है सभी ही मुंह में दही जमाए बैठे हैं। यदि ऐसे अधिकारी जिनका सरकार की दी गई तन्हा से पेट नहीं भरता ज्यादा पैसे कमाने के तरीके निकाल लेते हैं बिना पैसों के वन विभाग रामपुर कोई कागज छूने को तैयार नहीं है। एक वर्ष होने को है जब से डीएफओ राडोप कुमार आए हैं किसान को जमीन में दस्ते चले जा रहे हैं देखिए क्या समय आ गया रामपुर में किसानों के कार्य अभी शुरू नहीं किए गए हैं। आश्वा. सन दे रहे हैं 2 महीने बाद आम के परमिट बंद करना शुरू कर दिए जाएंगे अधिकारी मोटे पैसे लेकर माफियाओं को काम करते हैं। इसी तरह से अस्पताल रामपुर चिकित्सा की सूचनाओं मिल रही हैं के डॉक्टर बाहर की दवाई लिख रहे हैं मरीज के साथ अच्छा व्यवहार नहीं है। नए सीएमएस और सीएमओ रामपुर सही तरह से ध्यान दें वरना आंदोलन अस्पताल के अंदर किया जाएगा। बिजली विभाग को भी चेतावनी दी जाती है आवैध तरीके से मीटर काटने और लगाने के कार्य स्मार्ट मीटर के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है। इन सभी संबंधों में हम अपने जिला व मंडल के अधिकारियों को अवगत कराएंगे और अपने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजेंगे। जो भी भ्रष्ट अधिकारी हैं चौराहों पर उनके पुतले भी उनके जलाए जाएंगे। जिला अधिकारी रामपुर को लिखित में दिया जाएगा जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा ने अवगत कराते हुए कहा तीन दिन के बाद हम इन समस्याओं को जिले व मंडल पर अवगत कराएंगे। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन पीड़ित लोगों की आवाज उठाने के लिए पीछे नहीं हटेगा।



# डीएम और एसपी ने किया पीईटी परीक्षा के दौरान केंद्रों का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ जनपद में प्रथम पाली में आयोजित पीईटी परीक्षा के दौरान केंद्रों पर पहुंचे। उन्होंने राजकीय महिला डिग्री कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, रामपुर और जुल्फिकार इंटर कॉलेज का औचक रूप से निरीक्षण किया। जनपद में कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, जहां प्रथम पाली 5424 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 3839 (70.78 प्रतिशत) अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 5424 के सापेक्ष 3933 (72.52 प्रतिशत) अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। डीएम ने बताया कि 06 सितम्बर की पीईटी की परीक्षा सकुशल सम्पन्न करायी गयी है। जनपद में परीक्षार्थियों की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किये गये हैं। अभ्यर्थियों की सुरक्षा व सुविधा के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन व अन्य मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक सहित मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है।

# पुरानी रंजिश में चली गोली, चार घायल, दो को गोली लगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में शुक्रवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान गोली चलने और लाठी-डंडे व धारदार हथियारों के हमले में चार लोग घायल हो गए। दो लोगों को गोली लगी है, जिनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रामपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जिसके मद्देनजर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

गांव के जाकिर के अनुसार, उनके परिवार का गांव के ही दूसरे पक्ष से रास्ते को लेकर पुराना विवाद चल रहा था, जिसका पहले पंचायत में कोई समाधान नहीं निकल पाया था। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे उनके भाई शाहे आलम का दूसरे पक्ष के लोगों से झगड़ा हो गया। जब जाकिर अपने भाइयों के साथ शाहे आलम को बचाने पहुंचे, तो दूसरे पक्ष ने उन पर लाठी-डंडों, धारदार हथियारों और तमंचों से हमला कर दिया। घ्इस हमले में गोली लगने से उस्मान और सलमान घायल हो गए, जबकि युसूफ और नन्हे के सिर पर धारदार हथियार से गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वहां डॉक्टरों ने घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरो. पियों की तलाश जारी है।



# व्यापार मंडल की मासिक बैठक हुई आहूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** शनिवार उद्योग व्यापार प्रति. निधिमंडल के मेंन कार्यालय मोहल्ला खास स्वार में मंथली मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा स्वार के महिला इंटर कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज में टीचरों की कमी होने के कारण बच्चों को सही से शिक्षा नहीं मिल पा रही है छात्र और छात्राएं बाहर प्राइवेट ट्यूशन पढ़ने के लिए मजबूर हैं अगर हमारे इन दोनों कॉलेजो में टीचरों की पूर्ति हो जाती है तो छात्र-छात्राएं स्कूल में ही मेहनत करके पढ़ सकेंगे और बाहर प्राइवेट ट्यूशन से बचेंगे जिससे कि छात्र-छात्राओं के अभिभावको का पैसा भी बचेगा और स्कूल में अच्छी शिक्षा प्रदान करेंगें हमारे क्षेत्र स्वार के इन दोनों कॉलेजों में काफी समय से टीचरों की कमी है जिसके कारण हमारे यहां के बच्चों को अच्छे से शिक्षा नहीं मिल पाती है हमने पहले भी इस पर बी एस ए महोदय और जिलाधिकारी महोदय को लिखा था कि स्वार के इन दोनों कॉलेजों में टीचरों की कमी है और टीचरों की कमी होने के कारण हमारा क्षेत्र शिक्षा पिछड़ रहा है उद्योग व्यापार प्रति. निधिमंडल स्वार एक बार फिर बी एस ए महोदय रामपुर और जिलाधिकारी महोदय रामपुर को अवगत कराना चाहता है कि स्वार के राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय महिला इंटर कॉलेज इन दोनों में टीचरों की बहुत बड़ी कमी है जिसके कारण हमारे क्षेत्र के बच्चे सही से शिक्षा प्रदान नहीं कर पा रहे हैं इसको संज्ञान में लेकर टीचरों की कमी को पूरा किया जाए जिससे कि स्वार क्षेत्र के बच्चे अच्छे से शिक्षा प्रदान कर सकें। इस मौक पर उपस्थित नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली,उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर,महासि. चव मुशर्रफ अली गुड्डू, अजीज मियां, फुरकान अली, अली रेहान, गुड्डू हाफिज जी, इरफान, रईस, मतलूब,शकील सलमानी, मोहब्बे, समीर, शाकिर अली, रऊफ, फिरोज खान, खालिद पतंग, दानिश अंसारी आदम मौजूद रहे।



# पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए उलेमा व युवक आए आगे

## ईदगाह मैदान मे उलेमाओं ने मांगी दुआ हर संभव मदद का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर के उलेमाओं ने पंजाब मे बाढ़ पीड़ित लोगो के लिए दुआ कराई ओर हर संभव मदद का आह्वान किया। नगर की ईदगाह मैदान पर पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए दुआएं मांगी गई और सहायता के लिए धनराशि एकत्र की गई। ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के बाद मौलाना मोहम्मद कमर अंसारी ने पंजाब में बाढ़ की विभीषिका झेल रहे लोगों के लिए दुआएं मांगी और मौजूद लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मदद के लिए पंजाब पहुंचने का आह्वान किया कहा कि पंजाब में कुदरत ने जो कहर बरपाया है।

ऐसी स्थिति में एक इंसानियत के तौर पर बाढ़ पीड़ित लोगों की मदद के लिए हर नौजवान को आगे आना चाहिए मौलाना ने पंजाब के लोगों के लिए दुआ की और लोगों से खाद्य सामग्री कपड़े और अन्य सामान पंजाब पहुंचने का आह्वान किया। मुफ्ती खुर्शीद आलम ने कहा कि हम सब को मिलकर अपने अपने खर्चो मे कटौती कर बाढ़ पीड़ित लोगो की मदद को आगे आना होगा उन्होंने लोगों से हर संभव मदद पहुंचाने की अपील की। इस मौके पर शाही इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम, मौलाना मोहम्मद यूनुस अंसारी, आरिफ हाफिज, शाहरूख अंसारी, सभासद मोहम्मद इरशाद, सभासद महफूज आलम, मोहम्मद आसिफ, इरशाद सिद्दीकी, अल्ताफ रजा, जाकिर रजा, सुल्तान अंसारी आदि शामिल रहे।



# परीक्षा के लिए युवाओं की उमड़ी भीड़




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर।** शनिवार को थाना शहजाद नगर क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली लखनऊ हाईवे से सटे ईस्ट वेस्ट स्कूल शंकरपुर में दूर-दूर से सुबह के 9:00 बजे पहुंचना शुरू हो गए। परीक्षार्थियों की ईस्ट वेस्ट स्कूल के में गेट पर बिकट तरीके से भीड़ लगी रही।

ईस्ट वेस्ट स्कूल परीक्षा केंद्र के गेट पर मौजूद स्टाफ ने चेकिंग अभियान चलाकर एक-एक परीक्षार्थी को अंदर जाने दिया। पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से प्रारंभिक अर्हर्दता परीक्षा अपराहन 10:00 बजे से प्रारंभ हुई तथा 12:00 बजे तक शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। इसमें परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों को तलाशी लेकर अंदर जाने दिया तथा अंदर लगे समस्त स्टाफ ने किसी भी प्रकार की चीटिंग को रोकने के लिए परीक्षार्थियों की परीक्षा कक्ष में जाने से पहले तलाशी ली तथा परीक्षा कक्षा में कैमरे के मध्यम से परीक्षार्थियों पर निगरानी रखी।

इस बीच परीक्षा के दौरान बाहर से आई टीम ने परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी कराने की हिदायत दी।

इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्रीय पुलिस बल ईस्ट वेस्ट स्कूल का स्टाफ तथा और अन्य परीक्षा से संबंधित अधिकारी गण परीक्षा को पारदर्शित कराने में लग रहे।

# भाजपा ने कसी कमर, पंचायत चुनाव में परचम लहराने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**स्वार।** आगामी पंचायत चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने ग्राम पंचायत धनोरी, धनोरा , कलीनगर और मधुपुरा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला पंचायत और बीडीसी चुनावों में पार्टी की स्थिति को मजबूत करना था।घ बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने भाजपा कार्यकर्ताओं से हर ग्राम पंचायत में पार्टी का परचम लहराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने बूथ अध्यक्षों, सेक्टर संयोजकों और सेक्टर प्रभारियों से इन योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताने और भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का आग्रह किया। घ्देवेंद्र कुमार दिवाकर ने इस बात पर जोर दिया कि हर ग्राम पंचायत में भाजपा की जीत से राज्य और केंद्र सरकार को और अधिक मजबूती मिलेगी, जिससे विकास कार्यों को गति मिलेगी।

बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ने और पार्टी को विजयी बनाने का संकल्प लिया।

घ्इस दौरान बैठक में स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर, महामंत्री अमित सक्सेना, राजेश शर्मा, उपाध्यक्ष राजीव वर्मा, राकेश कश्यप, अतर सिंह, जसवीर सागर, सूरज वाल्मीकि, हरि सिंह लोधी इंद्रपाल दिवाकर प्रेम सिंह रंधावा मदनलाल मौर्य, विनेश कुमार मौर्य, रिंकू सैनी, राजू सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम प्रेमपाल सिंह है जिसे मैंने बदलकर हुलासीराम रख लिया है। भविष्य में मुझे हुलासीराम नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**हुलासीराम पुत्र स्व. जयलाल**
**निवासी ग्राम अशोकपुर, पोस्ट केमरी,**
**तहसील सदर थाना भोट**
**जिला रामपुर।**



हुलासीराम

## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.,
### अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, रामपुर

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

1. इस कार्यालय की अल्पकालीन ई-निविदा संख्या 01/2025-26 (विविगंरा), को पार्ट-1 में अपर्याप्त बिड अवशेष रहने के कारण निरस्त किया जाता है।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in/ पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विविमं, रामपुर**

# सपा कार्यकर्ताओं ने सांसद से की टाण्डा में डिग्री कॉलेज की स्थापना सहित विभिन्न मांगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का एक शिष्टमंडल सभासद एम सगीर के नेतृत्व में सपा सांसद आली जनाब मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी से उनके कैंप कार्यालय रामपुर में मिला।उन्होंने सांसद से नगर में राजकीय डिग्री कॉलेज की स्थापना सहित विभिन्न मार्गों के निर्माण की मांग की।

सभासद एम सगीर ने सांसद को बताया कि नगर टाण्डा में उच्च शिक्षा का कोई उचित बंदोबस्त नहीं है।उन्होंने सांसद से नगर में राजकीय डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग की।



वहीं सभासद तस्लीम पहलवान ने सांसद के समक्ष नगर के वार्ड 7 और वार्ड 14 में रोड के निर्माण का मुद्दा उठाया। मोहम्मद फारूक ने नगर के सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों सहित अन्य सुविधाओं की कमी तथा राजकीय इंटर कॉलेज में शिक्षकों के अभाव से सांसद को अवगत कराते हुए पर्याप्त स्टॉफ एवं सुविधाओं की मांग की। सांसद ने शिष्टमंडल को बताया कि टांडा के अन्दर एक राजकीय डिग्री कॉलेज की स्थापना कराने की सरकार स्तर पर कार्यवाही को चालू कर दिया गया है और जल्दी ही इस संबंध में सरकार को रिमाइंडर भेजेंगे।नगर में मार्गों के निर्माण के सम्बंध में पीडब्ल्यूडी विभाग से बात कर शीघ्र मार्गों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि मैं जल्द ही टांडा का दौरा करूंगा।इस दौरान राजकीय इंटर कॉलेज और सीएचसी का मुआयना कर व्यवस्था को चेक किया जाएगा।अव्यवस्था को दूर कराकर पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

सांसद ने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत करने और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने पर जोर दिया।

प्रतिनिधि मंडल में सभासद एम सगीर, तस्लीम पहलवान, मो. फारूक, कारी फहीम अहमद, मोबीन अहमद, सलाउद्दीन इंजिनियर और आलिम आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टरों की मनमानी बंद करे अस्पताल प्रशासनः उस्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन।

शनिवार रामपुर किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिला अस्पताल पहुंचा और वहां पर हो रही अनियमिताओं के खिलाफ एक ज्ञापन जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को सौंपे।

ज्ञापन में डॉक्टरों की मनमानी बंद करने अस्पताल गेट से प्राइवेट एंबुलेंस गाड़ियों को हटाने अस्पताल में पार्किंग व्यवस्था कराने अस्पताल में खराब हुई अल्ट्रासाउंड मशीन सही कराने आदि मांगे शामिल है। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव उस्मान



अली पाशा ने कहा अस्पताल में तैनात सर्जन डॉक्टर आरिफ रसूल और फिजिशियन हसीब अहमद ने नियम विरुद्ध तरीके से अपने कक्ष में प्राइवेट लड़के लड़कियों को बैठा रखा है। जो कि आने वाले मरीजों के साथ गलत व्यवहार करते हैं और यह डॉक्टर बाहर की महंगी दवाइयां इन प्राइवेट लोगों से लिखवाते हैं। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने एक सप्ताह में समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

ज्ञापन देने वालों में फैजान खान, दिनेश कुमार सागर, विनोद कुमार, यासीन खान, अब्दुल वारिस आदि लोग मौजूद रहे।

# गणपति बप्पा मोरया के विसर्जन को लेकर दिन भर मसवासी क्षेत्र में रही धूम

## कोसी नदी पर तैनात रहा पुलिस बल, जुलूस में मोतीपुरा के दो पक्ष भिड़े एक युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** अनंत चतुर्दशी के मौके पर शनिवार को दिनभर गणपति बप्पा मोरया के विसर्जन की धूम रही पट्टी कला कोसी नदी स्थित में जारी रहा विसर्जन। उधर डीजे की गाड़ी घुमाने को लेकर मोतीपुरा गांव के लोगों में मारपीट हो गई जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को स्थानीय चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है।

शनिवार को मसवासी बिजारखाता मोतीपुरा खुर्द सीतारामपुर रहमतगंज खुशहालपुर मंसूरपुर आदि गांव से गणपति बप्पा मोरया को



कोसी नदी में विसर्जन के लिए धूमधाम के साथ डीजे की धुन पर लेजाया गया जहां विधि विधान के अनुसार कोसी नदी में विसर्जन किया गया भक्त जनों ने गणपति बप्पा मोरया तू अगले वर्ष जल्दी आना उद्घोषों के साथ मूर्ति विसर्जन को ले जाया गया तमाम भक्त जुलूस की शक्ल में डीजे की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे इस मौके पर पट्टी कला कोसी नदी पर पुलिस बल तैनात रहा और भक्तों को कोसी नदी किनारे बनाए गए अस्थाई तालाब में विसर्जन करने के लिए निर्देशित किया गया था। कोसी नदी में पानी अधिक होने के कारण भक्तों को विसर्जन से दूर रखा गया था। उधर मोतीपुरा के तमाम ग्रामीण डीजे के साथ विसर्जन करने के लिए जा रहे थे की खुशहालपुर तिराहे पर डीजे की गाड़ी मोड़ने को लेकर पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में विवाद हो गया जिसमें आदेश पुत्र बृजेश के सिर में लाठी मार कर चोटिल कर दिया गया युवक को घायल अवस्था में स्वार अस्पताल भेजा गया है अभी घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

# ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किए जाने की मांगे जा रहे पुस्तकों के प्रकाशन व लेख से सम्बन्धित विवरण

**डिजिटल पुस्तकालय ( बाल एवं किशोर पुस्तकालय ) में स्थानीय इतिहास, संस्कृति, साहित्य से सम्बन्धित पाठ्य पुस्तकों को किया जायेगा शामिल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल पुस्तकालय (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) स्थापित किए जाने हेतु स्थानीय इतिहास, संस्कृति साहित्य से सम्बन्धित पाठ्य पुस्तकों को शामिल किया जाना है।

जिला पंचायतराज अधिकारी नत्थू लाल ने बताया कि ग्राम पंचायतों में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए पाठ्य सामग्री/पुस्तकों के चयन के लिए 50 प्रतिशत पुस्तकों का चयन शासकीय व अन्य प्रकाशकों की पुस्तकों, जिसमें स्थानीय भाषाओं के साहित्यकारों, स्थानीय प्रकाशन, स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों, राष्ट्रनायकों एवं शहीदों की जीवनी, स्थानीय व क्षेत्रीय लेखकों, प्रतिष्ठित विद्वानों की पुस्तकों, कवियों की पुस्तकों को सम्मिलित किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे छात्रों के आवश्यकतानुसार तथा महिलाओं एवं बाल साहित्य से सम्बन्धित ज्ञानवर्धक पुस्तकों को भी शामिल किया जाना है और शासकीय प्रकाशकों के साथ-साथ अन्य प्रकाशकों की पुस्तकों का चयन जनपद स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा, जिसमें जनपद स्तरीय समिति सामर्थ्य/मूल्य निर्धारण और समझने में आसान भाषा/सामग्री पर सावधानी पूर्वक विचार करते हुए पुस्तकों का चयन करेगी। समिति द्वारा चयनित पुस्तकों में बालसाहित्य, बालसाहित्य अंग्रेजी, बालसाहित्य द्विभाषी, साहित्य एवं समाज(स्वास्थ्य), साहित्य एवं समाज(स्वास्थ्य) अंग्रेजी, जनरलरीडिंग, व्यंग्य, नाटक, साइंस फिक्शन, यात्रावृतान्त, निबन्ध, कहानीसंकलन, कवितायें, महिला लेखिकायें, युवा, करियर एण्ड लर्निंग, एक भारत श्रेष्ठ भारत, प्रधानमंत्री युवापुस्तकमाला, भारत/75 पुस्तकमाला, उत्तर प्रदेश विशेष, आत्मकथा, क्रियेटिंग इंटिलेक्चुअल हेरिटेज, जनरल, इण्डिया- द लैण्ड एण्ड द पीपल, नेशनल बायोग्राफी, नेहरू बाल पुस्कालय, पॉपुलर साइंस, FOLKLORE, INDIA@75, यंग इण्डिया लाइब्रेरी आदि शामिल हैं।

पुस्तकों के चयन हेतु जिला पंचायतराज अधिकारी ने अपील की है कि जो भी व्यक्ति/फर्म/संस्था विषय-वस्तु को ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) स्थापित किए जाने हेतु उपलब्ध कराने के इच्छुक हों, अपनी पुस्तकों के प्रकाशन व लेख से सम्बन्धित विवरण जनपद की ई-मेल आईडी -dprora-up@nic.inपर विवरण उपलब्ध करा सकते हैं। साथ ही जो ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी जो पाठ्य सामग्री/पुस्तक अपनी ग्राम पंचायत की डिजिटल पुस्तकालय में पढ़ना चाहते हैं वो भी पाठ्य सामग्री/पुस्तक की सूची विवरण ई-मेल पर प्रेषित कर सकते हैं।

# भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया रामपुर का दौरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** में युवा के जिला अध्यक्ष शहीम अख्तर अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष इकबाल अहमद खान जिला महासचिव आसिफ अली कैमरी नगर अध्यक्ष तौफीक अहमद को पद प्रदान करके गांधी समाधि पर महात्मा गांधी जी और दूसरे स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा पर माला अर्पण करके विभिन्न कार्यक्रम के बाद भारतीय किसान यूनियन इंडिया का प्रति. निधि मंडल, रामपुर जिला अध्यक्ष बाबू अली के नेतृत्व में जिला मुरादाबाद पहुंचा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपचारिक तौर से प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक का मनोनयन पत्र जनाब शाने अजीम साहब को देकर सम्मानित किया और इसके साथखसाथ प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक के टीवीएस शोरूम का भी उदघाटन किया।



आज उपस्थित रहे सभी मेहमानगण राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय प्रवक्ता संजीव राणा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मोहित बेसला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप नेहरा और जिला अध्यक्ष मेरठ दीपक राणा का हम तहे दिल से आभारी हैं कि आपने अपना कीमती वक्त निकाल कर हमारा रामपुर टीम का हौसला बढ़ाया।

# उत्तम ब्रह्मचर्य दिवस पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब भक्ति और उत्साह से सराबोर रहा नगर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जैन समाज का महापर्व दशलक्षण नगर में पूरी श्रद्धा, तप और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गुरुवार को पर्व का दसवां और अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य दिवस के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर फूटा महल और श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर शौकत अली रोड पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हर किसी के चेहरे पर भक्ति की आभा और आत्मशुद्धि का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा था।

प्रातःकाल मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालु भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आत्मानुशासन, संयम और ब्रह्मचर्य का पालन करने का संकल्प लेते देखे गए। कई परिवारों ने सामूहिक रूप से धर्म का पालन करने का प्रण लिया। मंदिर परिसर में शांत और सौम्य वातावरण के बीच धार्मिक ग्रंथों का पाठ और ध्यान-धारणा का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

शाम होते-होते दोनों मंदिरों में धर्मसभा का आयोजन हुआ, जिसमें इंदौर और मथुरा से पधारे प्रतिष्ठित विद्वानों ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म का महत्व समझाया। ब्रह्मचारिणी बबीता एवं ब्रह्मचारिणी प्रज्ञा दीदी (इंदौर) ने



कहा कि ब्रह्मचर्य केवल इंद्रिय-निग्रह नहीं, बल्कि विचार, आचरण और आत्मसंयम का श्रेष्ठ मार्ग है। यह जीवन को पवित्र बनाकर आत्मबल और मानसिक स्पष्टता प्रदान करता है। वहीं शास्त्री अंकित जैन (मथुरा) ने अपने प्रवचन में कहा कि जब मन विषयों से मुक्त होकर संयम में स्थिर होता है, तब ही आत्मा की वास्तविक शक्ति प्रकट होती है। ब्रह्मचर्य हमें केवल धार्मिक अनुशासन ही नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और जीवन की उच्चता प्रदान करता है।

धार्मिक प्रवचनों के पश्चात मंदिरों में मंगल आरती का आयोजन किया गया। आरती के समय पूरा वातावरण भक्ति की लहरों से भर उठा। इसके बाद बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नृत्य, भजन और धार्मिक गीतों की प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बच्चों ने न केवल मंच पर अपने हुनर का प्रदर्शन किया बल्कि धर्म और संस्कृति के प्रति उनकी निष्ठा ने सभी का मन जीत लिया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशंसा और पुरस्कार से नवाजा गया।

इस प्रकार, दशलक्षण पर्व का दसवां दिन उत्तम ब्रह्मचर्य का संदेश देते हुए श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन की प्रेरणा का केंद्र बन गया। मंदिरों में उमड़ी भीड़, विद्वानों के प्रेरक विचार, बच्चों की रंगीन प्रस्तुतियाँ और आरती की अलौकिक छटा ने पूरे नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। सभी ने इस अवसर पर धर्म का पालन करने का संकल्प लिया और अगले वर्ष फिर इस पर्व को मनाने का संकल्प लेकर लौटे।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया सम्मानित

**पूरनपुर।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष में सेवानिवृत्ति शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उन्हें साल और पटका पहना कर सम्मानित किया गया और शिक्षक दिवस पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाज में हो रही कुरीतियों पर मंथन किया गया, साथ ही शिक्षक दिवस ही नहीं एक अलग सभी शिक्षकों की बैठक कर रूप रेखा तैयार कर समाज को जागरूक करने हेतु शिक्षा के स्तर मजबूत करने के उद्देश्य से विचार व्यक्त किए गए। आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह नगर के पंचम दास इंटर कॉलेज में ब्राह्मण महासभा के जिला महामंत्री महेंद्र मिश्रा एवं पूर्व प्रधानाचार्य दुर्वेश मिश्रा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सतीश मिश्रा ने किया, इस दौरान कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक पंडित राम अवतार शर्मा, वीरेंद्र सक्सेना, निरंकार पांडे, ओम शर्मा, देवेंद्र बंसल, दुर्वेश मिश्रा, सरदार मोहन सिंह, छविनाथ सैनी, जमुना प्रसाद गंगवार आदि



लोगों को साल उड़ा कर पटका पहनकर सम्मानित किया गया।पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक ऑफ फार्मेसी के एचडी अमित मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों के निस्वार्थ योगदान और समाज के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करना है। यह दिन शिक्षकों के परिश्रम को याद करने और शिक्षा की अलख जगाने वाले उनके प्रयासों को समर्पित है, ताकि वे छात्रों के जीवन में ज्ञान और नैतिकता का संचार कर सकें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर तेज बहादुर सिंह तेजू, समाजसेवी अशोक खंडेलवाल, ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष आनंद मिश्रा एडवोकेट, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष महेश चंद्र मिश्रा, अनुराग मिश्रा, संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सागर, लकी चिल्ड्रन स्कूल के प्रबंधक विजयनगी आदि मौजूद रहे।

# धीरे धीरे पटरी पर लौट रहा जनजीवन बाढ़ से धान की फसल को भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** लगातार छह दिन की बाढ़ से जूझने के बाद आखिरकार जनजीवन पटरी पर लौटने लगा है। बीसलपुर में पीलीभीत–बरेली हाईवे पर जलस्तर घटते ही आवागमन शुरू हो गया है। मोटरसाइकिल, कार और छोटे वाहनों से सफर आसान हो गया है, जबकि कई ग्रामीण अब भी ट्रैक्टर–ट्रॉली के सहारे निकलने को मजबूर हैं। खेतों और दर्जनभर से अधिक गांवों में अब भी हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं। किसानों के मुताबिक, इस बार धान की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान झेलना पड़ा है। कई गांवों में धान की फसल चार से पांच दिन तक पूरी तरह पानी में डूबी रही। ऐसे में अब प्रशासन के सामने किसानों को मुआवजा देने की चुनौती खड़ी हो गई है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत पहुंचाने के लिए बीसलपुर क्षेत्र में एसडीएम नागेंद्र पांडे, भाजपा विधायक विवेक वर्मा के नेतृत्व में एसडीआरएफ, एसएसबी और पीएसी की टीमें लगातार दो दिन तक डटी रहीं और ग्रामीणों तक राहत सामग्री पहुंचाई। इस बीच बीसलपुर शहर के महेंद्र नगर कॉलोनी, मित्तल कॉलोनी, सरस्वती नगर कॉलोनी, मोहल्ला ग्यासपुर और बख्तावरलाल क्षेत्र जो बाढ़ से प्रभावित रहे, वहां अब हालात सामान्य हो गए हैं। सड़कें सूखने लगी हैं और एक बार फिर वाहन फर्राटा भरने लगे हैं।

## बीजेपी में नहीं लोगों का सम्मानः सतेन्द्र

**पीलीभीत।** विधानसभा 127 के ग्राम चंदोई में सतेन्द्र मौर्य प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ समाजवादी पार्टी पीडीए पंचायत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बीजेपी सरकार में हर किसान खुले जानवर खाद न मिलने से परेशान है और युवा लगातार बेरोजगार हो रहा है अबकी बार तानाशाही सरकार बीजेपी को पीडीए परिवार को मिलकर हराना है और साथ ही संविधान की भी रक्षा करना है। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री संजय सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया

**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और प्रभावित लोगो से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। इस दौरान राज्यमंत्री संजय गंगवार खपरैलगौटिया पहुचे जहा बाढ़ मे गांव निवासी ब्रजलाल मौर्य के पुत्र जितेन्द्र की बाढ़ के पानी में डूबकर हुई मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और शोकसंतप्त परिवार को ढांढस बधाया।

लखनऊ से लौटे राज्यमंत्री ने क्षेत्र में बाढ़ के दौरान हुए जलभराव की स्थिति का भी जायजा लिया और मौके पर एसडीएम सदर एवं तहसीलदार को तलब कर जल निकासी की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री ने शहर से सटी गोकुल धाम कालोनी का भी भ्रमण किया जहा बाढ़ बारिश के दौरान हुए जलभराव की स्थिति



को देखा और अधिकारियों को तत्काल जल निकासी के प्रबन्ध किये जाने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री संजय गंगवार ने कहा की बाढ़ बारिश से जल भराव की स्थिति जहां जहां बनी हुई है वहां पे तत्काल जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये साथ ही बाढ़ पीड़ित परिवारों को तत्काल सहायता प्रदान की जाये।

# ट्रेनों की बहाली को लेकर समिति की प्रेस वार्ता, संघर्ष जारी रखने का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** रेल संचालन संघर्ष समिति ने आज प्रेस वार्ता कर ट्रेनों की बहाली न होने पर नाराज़गी जताई। समिति के अंशु गुप्ता, अनुज गुप्ता, राजीव सिंह व अन्य सदस्यों ने पत्रकारों को बताया कि वे मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयासों का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन यदि शीघ्र ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं हुआ तो संघर्ष जारी रहेगा। गौरतलब है कि समिति इसके पहले 4 सितम्बर को रेल भवन जाकर रेल मंत्री को ज्ञापन सौंप चुकी है। तब समिति ने दिल्ली, हरिद्वार, लखनऊ, कानपुर व प्रयागराज के लिए ट्रेनें चलाने की मांग उठाई थी। तब पीलीभीत सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने पूरनपुर से लंबी दूरी की ट्रेनों को शुरू कराने व स्टेशन के विशेष विकास का आश्वासन दिया था। समिति ने साफ कहा है कि जब तक रेल सेवाओं की बहाली नहीं होती, तब तक आंदोलन और संघर्ष जारी रहेगा। प्रेस वार्ता में रजनीश पांडेय, नितिन वर्मा, मुकेश वर्मा, आदित्य 'वीरू' आदि ने भी अपने विचार रखकर आगे की रणनीति बताई।

# विधायक बीसलपुर एवं जिलाधिकारी ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राशन किट

**पीलीभीत।** विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा के साथ जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अर्जुनपुर व सितारगंज नवदिया में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को खाद्यान्न किट वितरित की। इसके साथ ही उन्होंने प्रभावित लोगों से बातचीत की उनका हाल जाना व उनकी समस्याओं को सुना।

जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित लोगों के घर तक राशन किट पहुंचायी जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्रभावित व्यक्ति को मदद की जरूरत है तो उसकी सूचना अधिकारियों / कंट्रोलरूम को दी जाये। उन्होंने कहा कि जो भी गांव बाढ़ से प्रभावित है उनकी मदद की जायेगी। सभी लोग सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कोई जनहानि/पशुहानि होती है तो आपदा राहत से उसकी मदद की जायेगी। इसके साथ ही साथ उन्होंने न्यूरानपुर मढ़ी पर पहुंचकर मंदिर में दर्शन किए एवं आयोजित होने वाले मेले की व्यवस्थाओं को देखा एवं मढ़ी के संत के साथ विचार विमर्श किया।



**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### हरियाण-पं. बंगाल का दबदबा, गुजरात ने भी जीत दर्ज की

**बेंगलुरु, वार्ता।** 64वां सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के सब-जूनियर ब्वायज (अंडर-15) वर्ग के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबलों की भरमार रही। दिन में जहां हरियाणा और पश्चिम बंगाल ने बड़े अंतर से जीत हासिल कर दबदबा बनाया, वहीं गुजरात ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के साथ दिन का समापन किया। दिन की शुरुआत एक कड़े मुकाबले से हुई, जिसमें मिनर्वा पब्लिक स्कूल (सीआईएससीई) और श्री लीलानंद सेकेंडरी स्कूल (झारखंड) का मैच 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। सीआईएससीई के लिए ममेश (30') और बिकसन (33') ने गोल किए, जबकि झारखंड के लिए संदीप (22') और आशीष (35') ने गोल किए।

### निखत जरीन का जीत ने शुरूआत की लवलीना हारीं

**लिवरपूल, वार्ता।** भारत की स्टार मुक्केबाज निखत जरीन ने शनिवार को लिवरपूल में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं के 51 किलोग्राम भार वर्ग के पहले दौर में शानदार जीत के साथ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी वापसी की घोषणा की जबकि टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगो. हेन महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में हार का सामना करना पड़ा। 29 वर्षीय निखत जरीन, जो पहले दो बार विश्व चैंपियन रह चुकी हैं और इस साल किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया था, ने अपने प्रदर्शन में कोई कमी नहीं दिखाई और पहले मिनट से ही अमेरिका की जेनिफर लोजानो पर हावी होकर 5-0 से जीत हासिल की।

● भारत-पाकिस्तान मैच पर बीसीसीआई सचिव का खुलासा

# सरकार की तरफ से अब तक कोई पाबंदी नहीं: सैकिया

### केन्द्र सरकार ने बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी देश के खिलाफ खेलने से पाबंदी नहीं लगाई है



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया का कहना है कि भारत सरकार की ओर से एशिया कप को लेकर किसी तरह की पाबंदी नहीं है और हमें सभी मैच खेलने होंगे।

इस बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को दुबई में मुकाबला होना है, लेकिन इसे लेकर विवाद चल रहा है। सैकिया ने हाल ही में बनाई गई नीति का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी देश के खिलाफ खेलने से पाबंदी नहीं लगाई है। भारत और पाकिस्तान के बीच अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद रिश्ते और ज्यादा तनावपूर्ण हो गए थे। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में मुकाबला कराने को लेकर कई पूर्व क्रिकेटरों ने आपत्ति जताई थी। अगस्त में खेल मंत्रालय ने भारत की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के संबंध में नई नीति का अनावरण किया था जिसे पाकिस्तान पर विशेष ध्यान रखकर बनाया गया था। इस नीति के अनुसार, भारत की टीमें पाकिस्तान में प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लेंगी और ना ही पाकिस्तान की टीमों को भारत में खेलने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट प्रभावित नहीं होंगे। सैकिया ने न्यूज एजेंसी एएनआई के हवाले से कहा, जहां तक बीसीसीआई की बात है तो हम सरकार के निर्देश का पालन करेंगे। हाल ही में बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट को लेकर भारत की नीति बनी थी जिसके अनुसार, भारत किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट या अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले सकता है। सरकार की ओर से इसे लेकर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया था कि हम उन देशों के खिलाफ नहीं खेलेंगे जिनसे हमारे रिश्ते अच्छे नहीं है। इसलिए भारत को बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में सभी मुकाबले खेलने होंगे। सैकिया ने कहा, एशिया कप एक बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट है जिसमें एशिया उपमहाद्वीप की टीमें शामिल होंगी, इसलिए हमें इसमें खेलना होगा। ऐसे ही आईसीसी टूर्नामेंट में भी जब किसी ऐसे देश से मैच होता है जिससे हमारे दोस्ताना रिश्ते नहीं है तो वहां भी हमें खेलना होता है। जहां तक द्विपक्षीय सीरीज की बात है तो हम ऐसे किसी भी देश के साथ नहीं खेलेंगे जिनसे हमारे मैत्रीपूर्ण रिश्ते नहीं है। सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई सरकार द्वारा बनाई गई नीति का पालन करता रहेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर भारत वैश्विक या बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में पाकिस्तान के साथ नहीं खेलेगा तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं जिसमें प्रतिबंध लगना भी शामिल है। उन्होंने कहा, हम भारत सरकार की नीति का पालन कर रहे हैं और बीसीसीआई को ऐसा करना भी होगा। यह नीति बहुत सोच-विचार कर बनाई गई है, जिसमें न केवल क्रिकेट, बल्कि अन्य खेलों को भी ध्यान में रखा गया है।

# बीसीसीआई के चुनाव 28 सितम्बर को मुंबई में होंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी बहुप्रतीक्षित वार्षिक आम बैठक 28 सितंबर को निर्धारित की है। आम सभा की बैठक सुबह 11:30 बजे मुंबई स्थित बीसीसीआई मुख्यालय में होगी, जिसका महत्वपूर्ण एजेंडा चुनाव कराना है।

सचिव देवजीत सैकिया द्वारा राज्य संघों को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव होंगे। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद और इंडियन प्रीमियर लीग तथा महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की संचालन परिषदों का गठन भी एजीएम के एजेंडे में है। बीसीसीआई अपनी शीर्ष परिषद में बोर्ड की आम सभा के एक प्रतिनिधि और भारतीय क्रिकेटर संघ के दो प्रतिनिधियों को शामिल करेगा। इन नियमित मुद्दों के अलावा, वार्षिक आम बैठक का मुख्य उद्देश्य पदाधिकारियों का एक नया समूह बनाना होगा जो अगले तीन वर्षों तक या आगामी खेल विधेयक के वर्तमान संविधान का स्थान लेने तक भारतीय क्रिकेट का संचालन करेंगे। यह स्पष्ट नहीं है कि छह महीने में खेल विधेयक लागू होने के बाद बीसीसीआई नए चुनाव कराएगा या नहीं, लेकिन फिलहाल बीसीसीआई ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित लोढ़ा समिति द्वारा अनुशंसित संविधान का पालन करने का निर्णय लिया है।

### पाक आईसीसी महिला विश्व कप उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान 30 सितंबर को गुवाहाटी में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा, क्योंकि टीम का कोई भी सदस्य इस आयोजन के लिए भारत नहीं जाएगा। जियो सुपर की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाक टीम 2025 के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सह-मेजबान भारत और श्रीलंका के बीच गुवाहाटी के क्रिकेट स्टेडियम में टूर्नामेंट के पहले मैच से पहले एक भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें भाग लेने वाली टीमों के कप्तान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और सामान्य तौर पर एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस और प्रतिष्ठित ट्रॉफी के साथ फोटोशूट भी करेंगे। हालांकि, जियो सुपर ने बताया कि न तो पाक कप्तान और न ही पाक का कोई अन्य प्रतिनिधि उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए भारत आएगा।

# ट्रायल 4 में नीरू, भवनीश शीर्ष छह की दौड़ में आगे

● **भवनीश ने कुल 99 स्कोर किया जिसमें तीन परफेक्ट राउंड और चौथे राउंड में 24 हिट शामिल है**

**चंडीगढ़, वार्ता।** भूचो एशियाई चैम्पियन नीरू धांडा और एशियाई रजत पदक विजेता भवनीश मेंदिरत्ता ने ट्रैप इवेंट के चार राउंड पूरे होने के बाद भी शीर्ष छह में जगह बनाने की दौड़ में अपनी बढ़त बरकरार रखी।

यह मुकाबला राष्ट्रीय चयन शॉटगन ट्रायल (टी4) के तहत भूचो विलेज भाई देविंदर सिंह सिद्धू गन क्लब, पंजाब में आयोजित किया जा रहा है। भवनीश ने कुल 99 स्कोर किया, जिसमें तीन परफेक्ट राउंड (25-25 हिट) और चौथे राउंड में 24 हिट शामिल हैं। उन्होंने वर्ल्ड कप फाइनल सिल्वर मेडलिस्ट विवान कपूर और जोरावर सिंह संधू पर चार अंकों की बढ़त बनाई है, जिन्होंने 95-95 अंक बनाए। शार्दुल विहान और काइनन डेरियस चेन्नई अगली पोजीशन पर 93 अंकों के साथ हैं, जबकि सात शूटर - अर्शद हसन खान, फहद सुल्तान, करण, शपथ भारद्वाज, अली अमन इलाही, जसविंदर सिंह और लक्ष्य श्योरण - 92 अंकों के साथ छठे स्थान की दौड़ में बने हुए हैं। ट्रैप महिला वर्ग में, नीरू ने 22, 24, 23 और 23 के स्कोर के साथ कुल 92 अंक बनाकर चार राउंड पूरे होने के बाद बढ़त हासिल की। एशियाई चैम्पियनशिप कांस्य पदक विज. ेता आशिमा 90 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि कीर्ति, राजेश्वरी व सबीरा हारिस ने 89-89 अंक बनाए।

# सिनर-अल्काराज में होगी खिताबी भिड़ंत

● **जैनिक सिनर और अल्काराज ने यूएस ओपन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जीत दर्ज की**



**न्यूयार्क, वार्ता।** शीर्ष दो वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर और कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को यूएस ओपन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जीत हासिल की और खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया।

दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के अभियान को केवल दो घंटे से भी कम समय में 6-4, 7-6 (4), 6-2 से जीत के साथ समाप्त कर दिया। 2022 के विजेता अल्काराज ने कहा कि मैंने शानदार टेनिस खेला और यूएस ओपन में अपने दूसरे फाइनल में पहुंचकर खुश हूँ।मैंने एक शारीरिक मैच खेलने की कोशिश की और मुझे लगता है कि मैंने ऐसा किया।

फाइनल में स्पेनिश खिलाड़ी का सामना इटली की शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर से होगा, जिन्होंने कनाडा की फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। शुक्रवार को ही, कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और न्यूजीलैंड की एरिन रूटलिफ ने तीन साल में दूसरी बार महिला युगल खिताब जीता। तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने चेक गणराज्य की शीर्ष वरीयता प्राप्त कैटरीना सिनियाकोवा और अमे. रिकी टेलर टाउनसेंड को एक घंटे 29 मिनट में 6-4, 6-4 से हराकर 2023 में जीता गया अपना पहला खिताब फिर से हासिल किया। मैच के बाद डाब्रोव्स्की ने रूटलिफ से कहा कि हमने साथ में बहुत कुछ सहा है, और आज एक चैंपियन के रूप में आपके साथ यहां खड़े होने के लिए मैं बेहद आभारी हूँ।

### 8वीं अखिल भारतीय जेल ड्यूटी प्रतियोगिता नौ से

**हैदराबाद, वार्ता।** तेलंगाना कारागार विभाग नौ से 11 सितंबर तक राजा बहादुर वेंकटका राम रेड्डी (आर. बीवीआरआर) तेलंगाना पुलिस अकादमी में 7वीं अखिल भारतीय जेल ड्यूटी प्रतियोगिता का आयोजन करेगा।

कारागार महानिदेशक डा. सौम्या मिशा के अनुसार देश भर के विभिन्न राज्यों से जेल कर्मी, वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति और अन्य अतिथि इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा इस प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे, जबकि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार 11 सितंबर को समापन समारोह में भाग लेंगे।



# अफगानिस्तान आखिरी ओवर में जीता

● **नूर ने यूएई के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया**

**शारजाह, वार्ता।** अफगानिस्तान ने त्रिकोणीय श्रृंखला के आखिरी लीग मैच में यूएई को रोमांचक मुकाबले में चार रनों से हरा दिया, जिससे मेज़बान टीम अंत तक जीत से महरूम रही। यूएई को आखिरी ओवर में 17 रन चाहिए थे, और उसने पहली तीन गेंदों पर 12 रन बनाए, इससे पहले फरीद अहमद मलिक ने दो डॉट गेंदें फेंकी और आखिरी गेंद पर आसिफ खान का विकेट लेकर मेजबान टीम को मुश्किल में डाल दिया। 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अलीशान शराफू, जिन्होंने पिछली रात 68 रन बनाए थे, ने एक शानदार चौका जड़ा। यूएई के लिए पावरप्ले बेहतरीन रहा क्योंकि शराफू और मुहम्मद वसीम ने लगातार बाउंड्री लगाकर स्कोलरग गति को बनाए रखा। उन्होंने पहले छह ओवरों में चार चौके और तीन छक्के लगाए और इस चरण के अंत तक यूएई का स्कोर 54/0 हो गया। मेजबान टीम के लिए दुर्भाग्य से, नूर अहमद ने शराफू को 27 रन पर आउट करके अफग़ानिस्तान के लिए रास्ता खोल दिया। नूर ने यूएई के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया और उनकी चालाकी के कारण दूसरे छोर से दबाव बढ़ गया। वसीम 40 के पार पहुंच गए थे जब करीम जनत ने गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया , लेकिन अगली ही गेंद पर कैच आउट होकर 44 रन बनाकर आउट हो गए। मुहम्मद ज़ोहैब दो बार बाउंड्री पार करने के बाद आउट हुए और मेहमान टीम लगातार रन बना रही थी। आसिफ आउट हुए और अफग़ान स्पिनरों के सामने जूझते रहे। ऐसा लग रहा था कि वह कहीं नहीं जा पाएंगे क्योंकि 17वें ओवर की समाप्ति पर वह 13 गें. दों पर 7 रन बनाकर खेल रहे थे। लेकिन जैसे ही गति वापस आई, उन्होंने अपनी टाइलमग फिर से हासिल कर ली। आखिरी तीन ओवरों में 43 रनों की ज़रूरत थी, उन्होंने पहले 18वें ओवर में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 16 रन बनाए और फिर अगले ओवर में लॉन्ग-ऑफ पर चौका जड़ दिया। दूसरे छोर से हर्षित कौशिक ने एक चौका और एक छक्का लगाकर अंतिम ओवर में लक्ष्य 17 रन कर दिया। यूएई को 3 गेंदों में 5 रनों की जरूरत थी, इसलिए वे जीतना चाहते थे, लेकिन फरीद की चतुराई भरी डेथ बॉलिंग ने मेहमान टीम के लिए मैच तय कर दिया। इससे पहले, अफ़ग़ानिस्तान ने 170/4 का स्कोर बनाया, जिसकी शुरुआत इब्राहिम जादरान (48) और रहमानुल्लाह गुरबाज (40) के बीच 98 रनों की ओपनिंग साझेदारी से हुई। यूएई ने रन आउट का एक मौका गंवा दिया और एक कैच छोड़ दिया।

### गगन गौड़ा फिर चमके, हरियाणा स्टीलर्स से लड़कर हारे यूपी योद्धाज

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** गगन गौड़ा (13 अंक) ने एक बार फिर अपनी चमक दिखाई। गगन ने विश्वनाध स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 16वें मैच में मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ सुपर रेड के साथ 13 अंक जुटाए लेकिन वह अपनी टीम यूपी योद्धाज की पांच अंक की कम अंतर वाली हार को बचा नहीं सके।

हरियाणा ने यह मैच 37-32 से जीता। शुरुआती 10 मिनट में यूपी का बोलबाला रहा। उसने मौजूदा चैंपियन को 10 मिनट के भीतर आलआउट कर 10-4 की लीड ले ली। यूपी के डिफेंस ने नवीन एक्सप्रेस को आलइन तक रिवाइव नहीं होने दिया। इस दौरान गगन गौड़ा, भवानी राजपूत और हितेश छाए रहे।

### पीजीटीआई नेक्सजेन से सात साल बाद लखनऊ गोल्फ क्लब में पेशेवर गोल्फ की वापसी

● **शीर्ष 36 खिलाड़ी और टाई तीसरे और अंतिम राउंड के लिए कट हासिल करेंगे**

**लखनऊ, वार्ता।** 2025 प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) नेक्सजेन सीजन का सातवां आयोजन पीजीटीआई नेक्सजेन लखनऊ होगा, जो 9 से 11 सितंबर तक लखनऊ गोल्फ क्लब में खेला जाएगा।

इस टूर्नामेंट में 20 लाख रुपये की पुरस्कार राशि है और यह सात साल बाद लखनऊ गोल्फ क्लब में पेशेवर गोल्फ और पीजीटीआई की वापसी का प्रतीक है। यह आयोजन तीन राउंड (54 होल) में खेला जाएगा, जिसमें कट दो राउंड (36 होल) के बाद लागू होगा। शीर्ष 36 खिलाड़ी और टाई तीसरे और अंतिम राउंड के लिए कट हासिल करेंगे। इस टूर्नामेंट में 72 पेशेवर खिलाड़ी शामिल हैं। इस क्षेत्र के लखनऊ स्थित पेशेवर खिलाड़ी संजीव कुमार, विजय कुमार, संजय, मनोज कुमार, भूप सिंह और आशीष कुमार गुप्ता हैं। इस क्षेत्र के प्रमुख विदेशी खिलाड़ी अमेरिकी जो हर्न और डोमिनिक पिकिरिलो, इटली के फेडेरिको जुचेटी, बांग्लादेश के एमडी मुआज और एमडी सोलायमन और नेपाल के सुबाश तमांग हैं। 2025 पीजीटीआई नेक्सजेन सीजन बेहद प्रतिस्पर्धी रहा है, जिसमें अब तक आयोजित छह प्रतियोगिताओं में छह अलग- अलग विजेता उभरकर सामने आए हैं। इस वर्ष के नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट के विजेता को 2026 सीजन के लिए मुख्य टूर पीजीटीआई में छूट मिलेगी। पीजीटीआई के सीईओ, अमनदीप ने कहा कि पीजीटीआई नेक्सजेन का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को निखारना है।

# सुआरेज पर छह मैचों का प्रतिबंध



● **कर्मचारी पर थूकने के लिए लगाया गया प्रतिबंध**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इंटर मियामी के फॉरवर्ड लुइस सुआरेज पर लीग्स कप फ़ाइनल के बाद सिएटल साउंडर्स के एक कर्मचारी पर थूकने के लिए छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया है, आयोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यह घटना पिछले रविवार को सिएटल में साउंडर्स की फ्लोरिडा टीम पर 3-0 से खिताब जीतने वाली जीत के बाद हुई झड़प के दौरान हुई। लीग्स कप आयोजन समिति ने एक बयान में कहा कि उसने इंटर मियामी के सर्जियो बुस्केट्स और टॉमस एविलेस पर भी हाथापाई के दौरान लहसक व्यवहार के लिए क्रमशः दो और तीन मैचों का प्रतिबंध लगाया है। साउंडर्स के सहायक कोच स्टीवन लेनहार्ट को भी इस झड़प में उनकी भूमिका के लिए पाँच मैचों का निलंबन दिया गया है।

सुआरेज की सजा का मतलब है कि वह अगले साल होने वाले लीग्स कप में पूरी तरह से हिस्सा नहीं ले पाएंगे, और चूंकि ग्रुप चरण में प्रति सीजन केवल तीन मैच खेलने की गारंटी होती है, इसलिए यह प्रतिबंध 2027 के संस्करण तक जारी रह सकता है। हालांकि इस प्रतिबंध का मेजर लीग सॉकर में उनकी उपलब्धता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन लीग्स कप समिति ने कहा कि एमएलएस संबंधित खिलाड़ियों और कोा. चंग स्टाफ पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह विवादों की एक लंबी सूची में नवीनतम है जो सुआरेज के 20 साल के पेशेवर करियर के दौरान उनके साथ रहे हैं, जिसमें लिवरपूल, बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड सहित अन्य क्लबों में उनके कार्यकाल शामिल हैं। उन्हें विरोधियों को काटने के लिए तीन बार निलंबन का सामना करना पड़ा है, जिसमें 2014 की एक घटना भी शामिल है जब उन्होंने ब्राज़ील में एक विश्व कप मैच के दौरान इटली के जियोर्जियो चिएलिनी के कंधे को पकड़ लिया था। सुआरेज ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी इस हालिया लापरवाही के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा, ष्यह बहुत तनाव और निराशा का क्षण था, जहां खेल खत्म होने के तुरंत बाद ऐसी चीज़ें हुईं जो नहीं होनी चाहिए थीं, लेकिन यह मेरी प्रतिक्रिया को उचित नहीं ठहराती।

# ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ भारत की कप्तानी करेंगे अय्यर



● **वास्तविक दल में से दो खिलाड़ियों को राहुल और सिराज दूसरे मुकाबले के लिए रिप्लेस करेंगे**

**मुंबई, वार्ता।** सितंबर में होने वाले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो बहुदिवसीय मुकाबलों के लिए श्रेयस अय्यर को इंडिया ए का कप्तान नियुक्त किया गया है। के एल राहुल और मोहम्मद सिराज पहले मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, हालांकि दूसरे मुकाबले के लिए यह दोनों ही खिलाड़ी दल में शामिल होंगे। बीसीसीआई द्वारा मीडिया रिलीज में बताया गया है कि वास्तविक दल में से दो खिलाड़ियों को राहुल और सिराज दूसरे मुकाबले के लिए रिप्लेस करेंगे। चयनित दल में ध्रुव जुरेल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं लंबे समय से भारत के लिए टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहे अभिमन्यु ईश्वरन को भी जगह दी गई है। तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन को भी शामिल किया गया है, जगदीशन को पंत के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड दौरे पर पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम का बुलावा भी आया था। जगदीशन ने हाल ही में दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में साउथ जोन के लिए खेलते हुए नॉर्थ जोन के खिलाफ 197 रनों की पारी भी खेली थी। इंग्लैंड दौरे पर भारत के लिए डेब्यू करने वाले साई सुदर्शन के अलावा पड़िक्कल, नीतीश कुमार और प्रसिद्ध भी दल में शामिल किए गए हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित करने वाले स्पिन ऑलराउंडर हर्ष दुबे और तनुष कोटियान को भी दल में जगह दी गई है। युवा चेहरों में आयुष बदोनी, यश ठाकुर, गुरनूर बराड़ और मानव सुथार को भी चुना गया है। वहीं तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण में प्रसिद्ध का साथ देने के लिए खलील अहमद भी मौजूद रहेंगे। हालांकि चयनित दल में ऋतुराज . का नाम नहीं है, गायकवाड़ ने दलीप ट्रॉफ़ी सेमीफ़ाइनल में सेंट्रल जोन के खिलाफ वेस्ट जोन के लिए 184 रनों की पारी खेली थी। वेस्ट जोन के कप्तान शार्दुल भी इस दल का हिस्सा नहीं हैं। ठाकुर इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टेस्ट दल का हिस्सा थे। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहला मैच16 से 19 सितंबर और दूसरा मुकाबला 23 से 26 सितंबर तक चलेगा। यह दोनों ही मुक. ाबले लखनऊ में खेले जाएंगे। वहीं इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए और इंडिया ए के बीच 30 सितंबर, 3 अक्टूबर व 5 अक्तूबर को कुल तीन वनडे मुकाबले भी खेले जाएंगे।

**इंडिया ए टीम-** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, एन जगद. ीशन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान और विकेटकीपर), हर्ष दुबे, देवदत्त पड़िक्कल, आयुष बदोनी, नीतीश कुमार रेढी, तनुष कोटियान, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, खलील अहमद, मानव सुथार, यश ठाकुर

### मध्य क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र पर हासिल की 118 रन की बढ़त

**बेंगलुरु, वार्ता।** शुभम शर्मा (96), कप्तान रजत पाटीदार (77), उपेंद्र यादव (87) और हर्ष दुबे (75) की शानदार पारियों से मध्य क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन शनिवार को आठ विकेट पर 556 रन बनाकर पहली पारी में 118 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। पश्चिम क्षेत्र ने पहली पारी में 438 रन बनाए थे। मध्य क्षेत्र ने कल के दो विकेट पर 229 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसके बल्लेबाजों ने पूरे दिन शानदार बल्लेबाजी की। नाबाद बल्लेबाज शुभम शर्मा ने 60 और पाटीदार ने 47 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। शुभम अपने शतक से मात्र चार रन दूर थे कि तभी रन आउट हो गए। शुभम ने 241 गेंदों की अपनी पारी में 11 चौके लगाए। पाटीदार ने 84 गेंदों पर 77 रन में 14 चौके लगाए। उपेंद्र यादव ने 181 गेंदों पर 87 रन में आठ चौके और दो छक्के लगाए।

# रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने में असफल रहा: ट्रम्प

## पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया, नहीं कर पाया अपना वादा पूरा

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से संघर्ष चल रहा है और अभी भी इसके थमने के फिलहाल कोई आसार नहीं है। कारण है कि पिछले दिनों इस संघर्ष को खत्म करने के सभी प्रयास विफल होते दिख रहे है। ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि वह अपने एक बड़े चुनावी वादे को पूरा नहीं कर सके। ट्रम्प ने माना कि वह रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को रोकने में नाकाम रहे हैं, जिसे उन्होंने अपने कार्यकाल का सबसे कठिन संघर्ष बताया।

ट्रम्प ने ये बात व्हाइट हाउस के नए नवीनीकरण के बाद आयोजित पहले आधिकारिक डिनर पर कही। इस दौरान ट्रम्प ने ये भी दावा किया कि उन्होंने दुनिया के कई पुराने युद्धों को खत्म किया है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे बड़ी चुनौती बन गया। इस डिनर में अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य और अन्य वरिष्ठ मेहमान मौजूद थे। ट्रम्प ने आगे कहा कि मैंने सोचा था रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे आसान होगा, क्योंकि मेरी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अच्छे संबंध है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह सबसे मुश्किल निकला। उन्होंने यह भी कहा कि उनके कार्यकाल में कि एक युद्ध जो 31 साल से चल रहा था, 2 घंटे में खत्म हुआ, दूसरा 35 साल, और तीसरा 37 साल



**ट्रम्प ने यह बात व्हाइट हाउस के नए नवीनीकरण के बाद आयोजित पहले अधिकारिक डिनर पर कही**

पुराना संघर्ष भी उन्होंने सुलझा लिया। बता दें कि ट्रम्प ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया था कि वे सत्ता में आते ही 24 घंटे में रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कर देंगे, लेकिन अब तक कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। अगस्त में हुई अलास्का शिखर बैठक को उन्होंने उत्पादक बताया, लेकिन कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ। इस दौरान ट्रम्प ने ये भी कहा कि लोगों ने कहा था कि ये युद्ध खत्म नहीं हो सकते, लेकिन मैंने उन्हें खत्म किया। रूस और यूक्रेन वाला कठिन है, पर हम इसे भी हल करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले गुरुवार को ट्रम्प ने अपने युद्ध रोकने के पहले के दावे में बदलाव करते हुए कहा कि उन्होंने सात नहीं, तीन युद्ध रोके हैं।

## रूस पर नई सख्ती की तैयारी

**अमेरिका-यूरोप साथ मिलकर तैयार कर रहे योजना**

**वॉशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से चल रहा संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह रूप लेता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में अब अमेरिका और यूरोपीय देश इस संघर्ष को खत्म करने की योजना तैयार कर रहे हैं। इसके लिए यूरोपीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अमेरिकी वित्त मंत्रालय से मुलाकात करेगा। मीडिया रिपोर्ट की माने तो इस टीम का नेतृत्व यूरोपीय संघ के प्रतिबंध दूत डेविड ओ सुलिवन कर रहे हैं। बैठक में रूस पर नए आर्थिक प्रतिबंधों और अन्य दबावों पर चर्चा होनी है।

इस संघर्ष को जल्द खत्म करने के दावे को लेकर बैठे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रूस और यूक्रेन युद्ध को 3.5 साल बाद भी खत्म न कर पाने से नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बीच सीधी बातचीत करवाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इन प्रयासों के तहत पहले तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन से पिछले महीने अलास्का में एक शिखर बैठक की थी, हालांकि इसके बाद भी रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक अमेरिकी फैक्ट्री पर ड्रोन और मिसाइल हमला कर दिया। ऐसे में सोमवार को होने वाली बैठक पर सभी की नजरें हैं। बता दें कि इस बैठक में व्हाइट हाउस, विदेश विभाग और यूएस ट्रेड प्रतिनिधि के अधिकारी भी शामिल होंगे। यूरोपीय प्रतिनिधि मंडल में ऊर्जा, वित्तीय सेवा, व्यापार और प्रतिबंधों से जुड़े अधिकारी शामिल हैं। ट्रम्प ने हाल ही में यूरोपीय देशों से रूसी तेल की खरीद बंद करने को कहा है, जिससे रूस की जंग को फंडिंग मिल रही है। ट्रम्प ने कहा कि यूरोप ने एक साल में रूस से 1.1 बिलियन यूरो का तेल खरीदा, जो गलत है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि चीन पर भी आर्थिक दबाव बनाना जरूरी है, क्योंकि वह परोक्ष रूप से रूस की मदद कर रहा है। इस बीच, यूरोपीय देशों ने अलग से बैठक कर यूक्रेन में शांति सेना भेजने पर विचार किया है। लेकिन रूस ने चेतावनी दी है कि अगर विदेशी सैनिक यूक्रेन में तैनात हुए तो उन्हें रूस अपनी तरफ से वैध निशाना मानेगा। गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। अमेरिका और यूरोप मिलकर रूस पर दबाव बढ़ाने की रणनीति बना रहे हैं, जबकि ट्रम्प की नाराजगी और असफल डिप्लोमैसी पर अब सख्त रुख अपनाने के संकेत मिल रहे हैं।



अनंतनाग। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को दौरा करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

## ट्रम्प ने पेंटागन का नाम बदलने के आदेश पर किए हस्ताक्षर

**पेंटागन के अधिकारियों ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के कार्यालय के बाहर लगे साइनेज बदल दिए**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रक्षा विभाग पेंटागन का नाम बदलकर युद्ध विभाग करने के एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए है। उन्होंने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि दुनिया की स्थिति को देखते हुए यह एक अधिक 'उपयुक्त' नाम है।

ट्रम्प ने आदेश पर हस्ताक्षर करने से पहले सीएनएन की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह एक अधिक उपयुक्त नाम है, खासकर दुनिया की वर्तमान स्थिति को देखते हुए। हमारे पास दुनिया की सबसे मजबूत सेना है। सीएनएन द्वारा प्राप्त एक तथ्य पत्रक के अनुसार यह आदेश रक्षा मंत्री, रक्षा विभाग और अधीनस्थ अधिकारियों को कार्यकारी शाखा के भीतर आधिकारिक पत्रचार, सार्वजनिक संचार, औपचारिक संदर्भों और गैर-वैधानिक दस्तावेजों में 'युद्ध मंत्री', 'युद्ध विभाग' और 'युद्ध उप मंत्री' जैसे द्वितीयक पदों का उपयोग करने का अधिकार देता है। पेंटागन के अधिकारियों ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के कार्यालय के बाहर लगे साइनेज बदल दिए और विभाग की वेबसाइट का भी नवीनीकरण किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुतिन ने किया यूक्रेन में पश्चिमी सुरक्षा प्रस्ताव को खारिज

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पेरिस शिखर सम्मेलन के बाद युद्धविराम लागू होने के अगले ही दिन यूक्रेन में 'आश्वासन बल' के रुप में सैनिकों को तैनात करने के पश्चिमी प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन के 26 सहयोगी देशों ने लड़ाई रुकते ही सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'थल, जल या हवा' से सैनिकों को तैनात करने की औपचारिक प्रतिबद्धता जताई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार मैक्रों ने इसमें शामिल किसी भी देश का विवरण नहीं दिया। रिपोर्ट के अनुसार पुतिन ने सहयोगियों की पहल को खारिज करने की कोशिश की और चेतावनी दी कि यूक्रेन में तैनात कोई भी सैनिक 'वैध निशाना' होगा, खासकर अगर वे अभी दिखाई देते हैं, हालांकि तत्काल तैनाती की कोई योजना नहीं है।

### पाकिस्तान में वर्षाजनित घटनाओं में 21 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षाजनित घटनाओं में कम से कम 21 लोगों की मौतें हुई हैं। रिपोर्टों के मुताबिक पश्चिमोत्तर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बुनेर जिले में 13 मौतों की भी पुष्टि हुई है। ये लोग 15 अगस्त को अचानक आई बाढ़ के दौरान लापता हो गए थे और बाद में प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सत्यापन के बाद स्थानीय अधिकारियों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अधिकारियों के मुताबिक पूर्वी पंजाब प्रांत में आठ मौतें हुईं, जिनमें से जयादातर नदी में आई बाढ़ और घर ढहने के कारण हुईं।

### शेरपा वियतनाम में भारत के अगले राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी शेरिंग वांगचुक शेरपा को वियतनाम में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। वह विदेश सेवा के वर्ष 2002 बैच के अधिकारी हैं और अभी विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। इससे पहले वियतनाम में संदीप आर्य भारत के राजदूत थे। भारत और वियतनाम के बीच पारंपरिक रूप से घनिष्ठ संबंधों पर आधारित समग्र रणनीतिक साझेदारी है।

## थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनवात्रा देश छोड़कर भागे

**इलाज के बहाने दुबई गए, कोर्ट नौ सितम्बर को सजा सुनाने वाली थी**

**बैंकाक।** थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनवात्रा देश छोड़कर अपने प्राइवेट जेट से दुबई चले गए हैं। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दी। थाईलैंड की कोर्ट 9 सितम्बर को थाकसिन के भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में फैसला सुनाने वाली है। थाकसिन ने एक्स पर लिखा कि वे इलाज के लिए सिंगापुर जा रहे थे, लेकिन पायलट ने बताया कि जेट को वहां नहीं उतारा जा सकता है, इसलिए उन्हें दुबई जाना पड़ा।

हालांकि, थाकसिन ने लिखा कि वह कोर्ट के फैसले के लिए 9 सितम्बर को वापस लौटेंगे। एक्सपर्ट्स का मानना है कि थाकसिन वापस नहीं आएंगे। 2006 में पद से हटाए जाने के बाद भ्रष्टाचार के आरोप में जब उन्हें 15 सालों की सजा हुई थी, तब भी वे विदेश भाग गए थे। थाकसिन 2023 में जब थाईलैड लौटें तब कोर्ट ने पुराने भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें फिर 8 सालों की सजा सुनाई। इस सजा को थाईलैंड के राजा ने घटाकर एक साल कर दिया।

थाकसिन पर आरोप है कि उन्होंने यह एक साल जेल में नहीं बल्कि पुलिस जनरल अस्पताल के एक कमरे में बिताया है। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट जांच कर रही है और 9 सितम्बर को फैसला सुनाने वाली है। थाकसिन शिनवात्रा ने थाईलैंड में फ्यू थाई पार्टी की स्थापना की। इस पार्टी ने दो दशक से सत्ता में अपना प्रभाव बनाए रखा। शिनवात्रा परिवार 2001 से 2006 तक, 2011 से 2014 और 2024 से 2025 तक शासन में रहा। थाकसिन की बेटी पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा भी थाईलैंड की पीएम रह चुकी हैं।

## तालिबान के विदेश मंत्री की भारत यात्रा रद्द, पाकिस्तान ने आपत्ति जताई थी

**काबुल।** तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की इस महीने भारत आने की योजना रद्द हो गई। इसके पीछे की वजह है संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के यात्रा प्रतिबंध, जिनमें छूट नहीं मिल सकी। अगर यह यात्रा होती, तो 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद काबुल से किसी मंत्री की भारत की पहली यात्रा होती। संयुक्त राष्ट्र की 1988 प्रतिबंध समिति तालिबान नेताओं पर यात्रा प्रतिबंध, संपत्ति जब्ती और हथियारों पर रोक की निगरानी करती है। इसका अध्यक्ष वर्तमान में पाकिस्तान है, पाकिस्तान ने मुत्तकी को छूट देने से इनकार किया। इस समिति में सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य शामिल हैं, और अगर एक भी सदस्य आपत्ति जताए, तो छूट नहीं मिलती। पिछले महीने मुत्तकी की पाकिस्तान यात्रा भी अमेरिका की आपत्ति के कारण रद्द हुई थी।

## भारत-नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में नहीं पड़ेगा चीन

### नेपाली पीएम ओली ने मुद्दा उठाया, जिनपिंग बोले: आपका आपसी मामला, मिलकर सुलझाएं

**बीजिंग/काठमांड।** चीन ने भारत और नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में पड़ने से इन्कार कर दिया है। नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के मुताबिक जिनपिंग ने कहा है कि लिपुलेख एक पारंपरिक दर्रा है। चीन नेपाल के दावे का सम्मान करता है, लेकिन यह विवाद भारत और नेपाल का द्विपक्षीय मसला है।

इसे दोनों देशों को आपसी बातचीत से सुलझाना चाहिए। नेपाली पीएम केपी शर्मा ओली 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने चीनी राष्ट्रपति के सामने लिपुलेख का मुद्दा उठाया था। ओली ने कहा था कि यह इलाका नेपाल का हिस्सा है और भारत-चीन के बीच हुए हालिया सहमति पर नेपाल ने आपत्ति दर्ज कराई है। दरअसल, 19 अगस्त



**नेपाल 2020 में नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को अपना बता चुका है**

को भारत और चीन ने लिपुलेख पास को ट्रेड रूट के तौर पर फिर से खोलने का फैसला किया था। इस पर नेपाल ने विरोध जताया था। नेपाल 2020 में नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को अपना बता चुका है, जबकि भारत इन्हें लंबे समय से अपने हिस्से में मानता है। नेपाल के पीएम ओली 16 सितम्बर को भारत दौरे पर आएंगे। इससे पहले भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार, 17 अगस्त को काठमांडू पहुंचे थे। मिस्री ने प्रधानमंत्री ओली, विदेश मंत्री अर्जु राणा देउबा और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय से मुलाकात की थी। बैठक में भारत-नेपाल संबंधों को मजबूत करने, कनेक्टिविटी, व्यापार और विकास सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई थी।

ओली के भारत दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच कुछ अहम समझौते होने की संभावना है। पिछले साल जुलाई में ओली के प्रधानमंत्री बनने के बाद से उनका भारत दौरा लगातार टलता रहा है। ब्रिटिश काल में भी भारत और चीन के बीच हिमालय का लिपुलेख दर्रा व्यापार और तीर्थयात्रा का प्रमुख केंद्र था। 1991 में भारत और चीन ने इसे औपचारिक व्यापारिक मार्ग बनाया था। भारत-चीन के बीच साल 2005 में 12 करोड़ रुपये का आयात और 39 लाख रुपये का निर्यात हुआ था।

साल 2018 में 5.59 करोड़ रुपये का आयात और 96.5 लाख रुपये का निर्यात हुआ था। धारचूला भारत-नेपाल सीमा पर बसा है और आदि कैलाश व मानसरोवर का पारंपरिक मार्ग भी यही है। यह मार्ग लिपुलेख दर्रे से तिब्बत को जोड़ता है। ब्यांस, दारमा और चौंदास घाटी के व्यापारी 10वीं सदी से इस दर्रे के जरिए कारोबार करते आ रहे हैं। 5,334 मीटर ऊंचाई पर स्थित लिपुलेख दर्रा सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि सदियों पुरानी सांस्कृतिक और आर्थिक साझेदारी का प्रतीक भी है। पहले व्यापारी 1100 साल तक पैदल व खच्चरों से माल ढोते थे।

## अमेरिकी विशेषज्ञों ने ट्रम्प को कठघरे में खड़ा किया

### कहा: पीएम मोदी ने नोबेल पुरस्कार देने का समर्थन नहीं किया, तो ट्रम्प इसे दिल पर ले गए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक शीर्ष विद्वान ने भारत और अमेरिका के संबंधों में आई खटास की संभावित वजह का कारण बताते हुए कहा कि ट्रम्प खुद को वैश्विक शांतिकार दिखाना चाहते हैं और इसी के चलते उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लेने की कोशिश की, लेकिन जब पीएम मोदी ने इससे इनकार किया और ट्रम्प के नाम का नोबेल शांति पुरस्कार के लिए समर्थन नहीं किया तो ट्रम्प इस बात को शायद निजी तौर पर ले गए और बुरा मान गए।

अमेरिकी शिक्षाविद् टेरिल जोंस ने कहा कि ट्रम्प की रणनीति दो पक्षों में बातचीत के लिए पहले बड़ी-बड़ी शर्तें लगाना और फिर उन्हें बातचीत के लिए मजबूर करना है और अभी भी वे यही कर रहे हैं। जोंस ने कहा कि ट्रम्प ने उम्मीद की थी कि पीएम मोदी भी

**ट्रम्प ने उम्मीद की थी कि पीएम मोदी भी उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करेंगे**

उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करेंगे, लेकिन जब पीएम मोदी ने ऐसा नहीं किया तो ट्रम्प इस बात को दिल पर ले गए और इसी के चलते ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ लगाया। प्रोफेसर टैरिल जोंस ने कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प वैश्विक नेता बनना चाहते हैं। न सिर्फ राजनीतिक, आर्थिक तौर पर बल्कि भू-राजनीतिक तौर पर भी।

इसलिए उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लेने में बहुत जल्दबाजी की। जबकि प्रधानमंत्री मोदी से इससे इनकार करते रहे और उन्होंने कहा कि हमें पाकिस्तान से बातचीत के लिए अमेरिका या किसी भी अन्य देश की कोई जरूरत नहीं है। जब ट्रम्प चाहते थे कि पीएम मोदी नोबेल शांति पुरस्कार के लिए उनके नाम का समर्थन करें, लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो ट्रम्प ने इस बात को निजी तौर पर ले लिया। जब ट्रम्प कोई बात निजी तौर पर ले लेते हैं तो वे उस पर प्रतिक्रिया देते हैं और उन्होंने कई मौकों पर कहा भी है कि टैरिफ शब्द इंग्लिश भाषा का सबसे सुंदर शब्द है। अमेरिकी शिक्षाविद् टेरिल जोंस ने ये भी कहा कि अमेरिका, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात कर सकता है, अमेरिका रूस से भी बात कर सकता है, लेकिन हो सकता है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन इस पर ध्यान न दें, लेकिन भारत ऐसा देश है, जो दोनों देशों से बात कर सकता है और दोनों देशों के नेता, भारत की बात को ध्यान से सुनेंगे। ऐसे में अगर कोई बड़ा देश है तो ये देश मध्यस्थता की भूमिका निभा सकते हैं।

## रिपोर्ट में खुलासा: खालिस्तानी समूहों को कनाडा से मिल रही फंडिंग

**कनाडा के वित्त विभाग ने एक रिपोर्ट जारी की, राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा को बढ़ावा देने के लिए देश में वित्तीय मदद मिल रही**

**ओटावा।** कनाडा के वित्त विभाग ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें खुलासा किया गया है कि खालिस्तानी समूहों सहित कई आतंकी संगठनों को राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा को बढ़ावा देने के लिए देश में वित्तीय मदद मिल रही है।

कनाडा सरकार की '2025 के धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण जोखिमों के आकलन' रिपोर्ट में बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन सहित कुछ खालिस्तानी समूहों को राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद की श्रेणी में रखा गया है। रिपोर्ट में खालिस्तानी समूहों और अन्य आतंकी संगठनों पर अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए गैर-लाभकारी और धर्मार्थ क्षेत्रों सहित विभिन्न वित्तपोषण नेटवर्क का गलत फायदा उठाने का संदेह जताया गया है। रिपोर्ट में 'राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद' को नई राजनीतिक व्यवस्था या मौजूदा व्यवस्था के भीतर नए ढांचे और मानदंड स्थापित करने के लिए हिंसा के उपयोग के रूप में परिभाषित किया गया है। इन चरमपंथी समूहों को कनाडाई कानून के तहत आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है, जिसमें हमास और हिजबुल्ला भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह के उग्रवाद में धार्मिक तत्व शामिल हो सकते हैं, लेकिन यह मुख्य रूप से राजनीतिक आत्मनिर्णय या प्रतिनिधित्व से जुड़ा मामला है। रिपोर्ट में कहा गया है, खुफिया जांच एजेंसियों को पता चला है कि कनाडा में हमास, हिजबुल्ला और खालिस्तानी हिंसक चरमपंथी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन आदि संगठनों को वित्तीय मिल रही है।

## किम जोंग उन की वारिस ने खींचा दुनिया का ध्यान

**बीजिंग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बेटी तेरह साल की हैं, लेकिन घुड़सवारी, तैराकी और स्कीइंग में निपुण हैं।

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग को लेकर लोगों में उत्सुकता रहती ही है, लेकिन चीन की वार्षिक सैन्य परेड में शी जिनपिंग और पुतिन जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में भी अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की नजर अगर उनकी इस बेटी पर जमी रही, इससे उनके भविष्य को लेकर अटकलों का बाजार जरूर गर्म हो गया है। हाल ही में हुई चीन की 75वीं वार्षिक सैन्य परेड वैसे तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन समेत करीब 25 राष्ट्र प्रमुखों की मौजूदगी की वजह से दुनिया भर में चर्चा के केंद्र में रही। लेकिन, परेड में शामिल होने आए किम जोंग के पीछे-पीछे चल रही एक किशोरी ने अनायास अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। पता चला कि यह किशोरी किम जोंग उन की करीब तेरह वर्षीय बेटी किम जू ऐ हैं। रहस्यों से भरे उत्तर कोरियाई तानाशाह 'किम' परिवार के बारे में जानने की उत्सुकता तो हर किसी की रहती है, लेकिन फिलहाल लोग किम जू ऐ के बारे में जानना चाह रहे हैं और उनके बारे में तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।

## इमरान खान ने सेना प्रमुख पर बोला हमला

### कहा: मुनीर लोगों पर जुल्म ढा रहे, अघोषित मार्शल लॉ लागू

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने सेना प्रमुख आसिम मुनीर पर करारा हमला बोला है। उन्होंने जेल से कहा कि मुनीर लोगों पर जुल्म ढा रहे हैं ताकि अपनी हुकूमत लंबे समय तक चला सकें। इमरान ने यह भी दावा किया कि इस समय देश पर अघोषित मार्शल ला थोप दिया गया है। क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान इस समय जेल में बंद हैं।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 2024 के चुनावों में धांधली करके शहबाज शरीफ की 'कठपुतली सरकार' बनाई गई। और अब आसिम मुनीर के इशारे पर उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर जुल्म ढाए जा रहे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में इमरान खान ने कहा कि आज असीम मुनीर अपने शासन को बढ़ाने के लिए पाकिस्तान के लोगों पर अत्याचार कर रहे हैं, जिससे देश कमजोर हो



**इमरान ने देश के वर्तमान हालातों की तुलना 1971 में जनरल याह्या खान के कार्यकाल से की**

रहा है। जिन लोगों (मुनीर एंड कंपनी) ने जनादेश चुराया है, वे डरे हुए हैं। इसी डर के कारण हमारे खिलाफ अत्याचार बढ़ रहा है। इमरान ने आगे कहा कि मुझे और मेरी बीवी बुशरा को 'एकांत कारावास' में रखकर ये लोग चाहते हैं कि मैं मानसिक रूप से टूट जाऊं। मुझे तोड़ने की इन लोगों की योजना का असली उद्देश्य यह है कि मैं अपनी विचारधारा छोड़ दूं और जनता की आवाज दबा दी जाए। आगे उन्होंने देश के वर्तमान हालातों की तुलना 1971 में जनरल याह्या खान के कार्यकाल से की।

जब गृहयुद्ध के बाद पूर्वी पाकिस्तान अलग होकर बांग्लादेश बना था। इमरान खान ने कहा कि 1971 और आज के बीच एकमात्र अंतर यह है कि अब लोग ज्यादा जागरूक हैं। सोशल मीडिया के जरिए सभी तथ्य और जानकारी जनता के सामने रहती हैं। साथ ही लोगों ने अत्याचार के खिलाफ अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना सीख लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्दी ही यह दमनकारी व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। साथ ही, इमरान खान ने सरदार अताउल्लाह मेंगल की पुण्यतिथि के अवसर पर बलूचिस्तान में आयोजित एक रैली में हुए बम विस्फोट की भी कड़ी निंदा की।

## रूस ने इंटरनेट ब्लैकआउट बढ़ने पर नया 'सुपर-ऐप' किया लांच

**मॉस्को।** रूस के मीडिया नियामक रोस्कोम्नाडज़ोर द्वारा अगस्त के मध्य में लगाए गए नए प्रतिबंधों का लाखों रूसी नागरिकों को सामना करना पड़ रहा है। ये प्रतिबंध रूस में सबसे लोकप्रिय मैसेजिग एप व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए की जाने वाली कॉल पर लगाए गए हैं। बीबीसी के मुताबिक इसी समय रूसी फर्म ने मैक्स नाम से एक नए राष्ट्रीय मैसेंजर एप को लांच किया है, जिसे क्रेमलिन नियंत्रित करता है। यदि देश में व्हाट्सएप और टेलीग्राम के मासिक उपयोगकर्ताओं की आंकड़ों की बात करें तो कुल 14-30 करोड़ की आबादी में से व्हाट्सएप और टेलीग्राम के मासिक उपयोगकर्ताओं की संख्या क्रमश: 9-7 और नौ करोड़ होने का अनुमान है।

# फ्लाइट के साथ जुड़ी सान्या मल्होत्रा



**मुंबई।** रिलैक्सो फुटवेयर्स लिमिटेड के मशहूर फैमिली फैशन फुटवेअर ब्रांड, फ्लाइट ने बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके साथ ही, ब्रांड ने त्यौहार और शादी के सीजन के लिए नई डिजाइन्स की शानदार रेंज भी लॉन्च की है, जिससे लोग हर मौके पर स्टाइलिश अंदाज अपना सकें। फ्रलाइट ने इस ऐलान के साथ ही एक जबरदस्त 360-डिग्री मार्केटिंग कैंपेन भी शुरू किया है, जो आत्मविश्वास, अपनी पहचान और स्टाइल के साथ आगे बढ़ने के संदेश को सामने लाता है।

सान्या मल्होत्रा अपनी बेबाक अदाओं और युवा जोश के लिए जानी जाती हैं, जो फ्रलाइट की जीवंत सोच- सर उठा, कदम बढ़ा से बखूबी मेल खाती है। इस साझेदारी के माध्यम से फ्लाइट का उद्देश्य हर उम्र के लोगों को यह एहसास दिलाना है कि स्टाइल सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और अपनी पहचान दिखाने का तरीका भी है। सान्या मल्होत्रा ने कहा कि मुझे फ्रलाइट परिवार का हिस्सा बनकर सचमुच बहुत खुशी हो रही है, क्योंकि यह ब्रांड उन सब बातों को दर्शाता है, जिन पर मैं भरोसा करती हूं, जैसे कि आत्मविश्वास, आराम और अपनी राह खुद चुनना। ब्रांड की टैगलाइन सर उठा कदम बढ़ा आगे बढ़ने के जज्बे और अपनी पहचान के साथ जीने की बात करता है। यही वो बातें हैं, जो मुंबई आने से लेकर अभिनेत्री बनने तक की मेरी अपनी यात्रा से गहराई से जुड़ती हैं।

**सान्या मल्होत्रा अपनी बेबाक अदाओं और युवा जोश के लिए जानी जाती हैं, जो फ्लाइट की जीवंत सोच- सर उठा, कदम बढ़ा से बखूबी मेल खाती है। इस साझेदारी के माध्यम से फ्रलाइट का उद्देश्य हर उम्र के लोगों को यह एहसास दिलाना है कि स्टाइल सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और अपनी पहचान दिखाने का तरीका भी है।**



# युवा दिलों की धड़कन 'सैयारा' ने पूरे किए 50 दिन

**मुंबई।** यशराज फिल्मस यानि वाईआरएफ के बैनर तले बनी फिल्म सैयारा ने सिनेमाघरों में प्रदर्शन के 50 दिन पूरे कर लिए हैं। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी और वाईआरएफ के सीईओ अक्षय विधानी निर्मित सैयारा, 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्या की मुख्य भूमिका है। अहान और अनीता की रोमांटिक केमिस्ट्री को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर भारतीय बाजार में 330 करोड़ की कमाई की है। फिल्म सैयारा के रिलीज के 50 दिन पूरे हो गए हैं। फिल्म सैयारा के 50 दिन पूरे होने की खुशी में अनीत पड्या और अहान पांडे ने कुछ लेटेस्ट फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज के साथ दोनों ने लिखा, आज उस फिल्म के 50 दिन पूरे हो गए हैं जिसने हमें दुनिया के सामने लाया और दुनिया को हमारे सामने। जो प्यार हमें मिला वो प्रकृति के इस नियम को सच साबित करता है कि अगर आप करिश्में में विश्वास रखते हैं, यदि आप उसे महसूस करते हैं, तो दुनिया भी इसे आप के साथ महससू करने लग जाती है। हमारे लिए यह एक ऐसा समय है जब हम बस अपनी आंखें बंद करते हैं और हमें सिर्फ आप ही नजर आते हैं। हमारी तरह फिल्म को बिना जज किए देखने के लिए शुक्रिया-हमें एक अवसर देने के लिए शुक्रिया। हमें यह एहसास दिलाने के लिए शुक्रिया कि ईमानदारी और प्यार दुनिया में किसी भी और चीज से ज्यादा पावरफुल होते हैं, यही एक ऐसी खूबसूरत चीज है जिसे हम आप लोगों के साथ आगे लेकर जाना चाहेंगे।

# कंतारा: चैप्टर 1 की दिखी दमदार झलक

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स ने अपनी आने वाली फिल्म कंता. रा: चैप्टर 1 से दमदार झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। होम्बले फिल्म्स की सबसे ज्यादा इंतेजार की जाने वाली फिल्म कंतारा: चैप्टर 1 इस साल की सबसे बड़ी रिलीज में से एक मानी जा रही है। कंतारा, वर्ष 2022 में प्रदर्शित हुई थी। यह फिल्म साल की सबसे सफल फिल्म बनने के साथ बॉक्स ऑफिस पर स्लीपर हिट बन गई। अब दर्शक बेसब्री से इसके प्रीक्वल को सिल्वर स्क्रीन पर देखने का इंतजार कर रहे हैं। मेकर्स ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कंतारा: चैप्टर 1 की एक झलक शेयर की है, जिसमें ऋषभ शेट्टी का इंटेंस अवतार देखने लायक है। इस पोस्ट के जरिए मेकर्स ने फिल्म की रिलीज में बचे सिर्फ 27 दिनों का काउंटडाउन शुरू कर दिया है और साथ ही एक दिलचस्प अपडेट आने की तरफ भी इशारा किया है, बीते समय की पवित्र गूंज 2 अक्टूबर 2025 को पूरी दुनिया में गूंजेगी। होम्बले फिल्म्स की कंतारा: चैप्टर 1 सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है। होम्बले



फिल्म्स 2022 की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म की विरासत को आगे ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मेकर्स ने कंता. रा: चैप्टर 1 के लिए नेशनल और इंटरनेशनल स्पेशलिस्ट के साथ एक बड़ा वॉर सीक्वेंस तैयार किया है, जिसमें 500 से जडादा कुशल फाइटर्स और 3,000 लोग शामिल हैं। यह सीक्वेंस 25 एकड़ में फैले एक पूरे शहर में, ऊबड़-खाबड़ इलाके में 45-50 दिनों के दौरान फिल्माया गया था, जो इसे भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे बड़े सीक्वेंसेज में से एक बनाता है।यह फिल्म 2 अक्टूबर को दुनिया भर में कन्नड़, हिंदी, तेलुगु, मलयालम, तमिल, बंगाली और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज होगी।

# सोनम ने ज़ोया ज्वैल्स के नए कलेक्शन में बिखेरा जलवा

**हैदराबाद।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर ने जोया ज्वेल्स के नए कलेक्शन व्हिस्पर्स फ्रॉम द वैली में जलवा बिखेर दिया। टाटा ग्रुप के लग्जरी ब्रांड घेया ने हैदराबाद में अपने प्रतिष्ठित व्हिस्पर्स फ्रॉम द वैली कलेक्शन का अनावरण किया। इस मौके पर ब्रांड एंबेसडर और बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर के साथ टाइटन कंपनी लिमिटेड के ज्वेलरी डिवीजन के सीईओ अजॉय चावला मौजूद रहे। ग्लोबल फैशन आइकन सोनम कपूर ने एक बार फिर सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने राहुल मिश्रा कूचर का शानदार गाउन पहना था और जोया के नवीनतम कलेक्शन के स्प्रिंग सांग चोकर और इयररिंग्स से अपने लुक को पूरा किया। बर्फ की शांति और सेबों की हरियाली की झलक लिए ए ज्वेल्स सोनम के ग्लैमरस अंदाज को और भी निखारते नजर आए।



# मेधावी विमल ने जीता मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल 2025 अवार्ड

**नोएडा।** ग्रांड फिनाले मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल 2025 का आयोजन 12 जुलाई 2025 को द लीला एम्बीपेंश होटल गुरुग्राम में किया गया। इससे पूर्व हजारों की संख्या में ऑडिशन्स हुए, 1152 प्रतिभागियों जो कि इंडिया व विदेश से थे इस प्रतिस्पर्धा के लिए चयनित हुए।

इनमें से डा. मेधावी विमल सिंह को उनकी ग्रेस कान्फिडेंस व पर्सनेलिटी के लिए मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल 2025 मेगनीफिसेंट पुरस्कार से नवाजा गया। डा. मेधावी विमल ने एमबीबीएस व एमडी की शिक्षा दिल्ली से प्राप्त की है। वह श्याम लाल विमल, सेवानिवृत्त वैज्ञानिक अधिकारी विधि विज्ञान प्रयोगशाला, अनीता विमल जोकि एक कुशल होम मेकर हैं की पुत्री हैं। इनके पेरेंट्स वर्तमान में ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्धनगर के रहने वाले हैं। इनकी शादी वर्ष 2019 में प्रशांत सिंह आईआरएसई अधिकारी के साथ हुई। इस समय वह चार साल की नितिशा की मां हैं। इनकी स्कूली शिक्षा उप्र से व उच्च शिक्षा दिल्ली से हुई है। वर्तमान में वह अपने पति के साथ अहमदाबाद गुजरात में रहती हैं। यह प्रतिस्पर्धा शो ग्लेमर गुरुग्राम जिसके हेड मिसेज बरखा व अभिषेक हैं, द्वारा कराया गया।







# सीमा पाहवा से ट्रेनिंग ले रही हैं निर्मित कौर अहलूवालिया

**मुंबई।** अभिनेत्री निर्मित कौर अहलूवालिया ने शिक्षक दिवस के मौके पर दिग्गज अभिनेत्री और निर्देशक सीमा पाहवा के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त किया। निमृत इस समय सीमा पाहवा के मार्गदर्शन में अपनी कला को निखार रही हैं। आने वाली एक अनटाइटल्ड फिल्म में, जिसे सीमा पाहवा निर्देशित कर रही हैं, निर्मित को उनसे सीखने और अभिनय की बारीकियों को समझने का मौका मिल रहा है।

अपने अनुभव साझा करते हुए निर्मित ने कहा कि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे सीमा पाहवा मैम के निर्देशन और मार्गदर्शन में काम करने का मौका मिला। वह न सिर्फ बेहतरीन अभिनेत्री हैं बल्कि एक शानदार टीचर भी हैं, जो अपने छात्रों से उनका बेस्ट निकलवाना जानती हैं।



इस प्रोजेक्ट के दौरान मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा, चाहे वह किरदार की गहराई समझना हो, परफॉर्मेंस में ईमानदारी लाना हो, या फिर यह देखना कि वह हर सीन को कितनी गंभीरता और बारीकी से अप्रोच करती हैं। उन्होंने मेरी सोच को और गहरा किया है और मुझे बतौर आर्टिस्ट निखारा है।
सबसे खास बात जो मैंने उनसे सीखी है, वह यह कि वह आपको अपनी सच्चाई खोजने के लिए प्रेरित करती हैं, न कि केवल उनके बताए अनुसार चलने के लिए। मेरे लिए सीमा मैम सिर्फ डायरेक्टर या मेंटर नहीं बल्कि एक प्रेरणा और मार्गदर्शक हैं। शिक्षक दिवस के मौके पर मैं दिल से उनका धन्यवाद करना चाहती हूं कि वह मेरी इस यात्रा का इतना अहम हिस्सा बनीं।

